निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, बुधवार 7 जनवरी 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 231 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित



राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार की अध्यक्षता में लोक भवन में सैनिक कल्याण निदेशालय की बैठक हुई

## काम की गारंटी व राज्यों के अधिकारों से समझौता नहीं : हेमंत सोरेन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि मनरेगा की आत्मा से छेड़छाड़ कभी स्वीकार्य नहीं है। मंगलवार को प्रख्यात अर्थशास्त्री ज्यां द्रेज़े से बातचीत में श्री सोरेन ने स्पष्ट किया कि केंद्र द्वारा मनरेगा की योजना/ढांचे में बदलाव ग्रामीण गरीबों के अधिकारों पर सीधा हमला है। मजदूरी, काम की गारंटी और राज्यों के अधिकारों से समझौता नहीं होगा। उन्होंने कहा कि मनरेगा के खात्मे का एक ही मकसद गरीबों के रोज़गार के अधिकार को मिटाना, राज्यों से आर्थिक और राजनीतिक शक्ति चुराना, और उस पैसे को अरबपति मित्रों की मदद करना है। उन्होंने कहा कि यह कार्य संविधान विरोधी है। गरीब किसान मजदूर पर कुठाराघात हमला है। एक तरफ केंद्र की सरकार मनरेगा का बकाया दे नहीं रही है। पहले केंद्र सरकार की मनरेगा में 90% हिस्सेदारी होती थी और 10% राज्य सरकार लेकिन नाम बदलकर अब 60% केंद्र सरकार और राज्य सरकार 40 प्रतिशत कर दिया गया। उन्होंने कहा कि मनरेगा योजना में हाल ही में किए गए संशोधन ग्रामीण मजदूरों के रोजगार अधिकार और ग्रामीण



अर्थव्यवस्था को कमजोर कर रहे हैं। महात्मा गांधी मनरेगा योजना के नाम और व्यवस्था में जो बदलाव किए गए हैं, वह ग्रामीण मजदूरों के अधिकार छीनने का काम है। भाजपा सरकार का यह संशोधन मनरेगा की मूल भावना को समाप्त करता है। इससे मजदूरी गारंटी कमजोर हुई है, पंचायतों की भूमिका घट गई है और केंद्र का अंशदान 90 प्रतिशत से घटाकर 60 प्रतिशत कर दिया गया है। उन्होंने चेताया कि बजट सीमित, मौसम आधारित कार्य प्रतिबंध और मजदूरी सुरक्षा कमजोर होने से ग्रामीण बेरोजगारी और संकट बढ़ने की संभावना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महात्मा गांधी ने इस देश के निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाई है, मजदूरों को हक दिलाने में योगदान दिया और छुआछूत जैसी सामाजिक कुरीतियों को मिटाने में भी भूमिका निभाई। हम उनके आदर्शों और ग्रामीण मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठायेंगे।

## जंगली हाथी ने एक ही परिवार के तीन लोगों को कुचलकर मार डाला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के गोईलकेरा प्रखंड में जंगली हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार देर रात गोईलकेरा थाना क्षेत्र के सोवा गांव में एक जंगली हाथी ने भीषण उत्पात मचाया। इस दौरान एक ही परिवार के तीन लोगों को कुचलकर मार डाला। इस दर्दनाक घटना से पूरे गांव में शोक और भय का माहौल है। जानकारी के अनुसार सोवा गांव निवासी कुंदरा बहदा अपने परिवार के साथ झोपड़ी में सो रहे थे। इसी दौरान देर रात अचानक जंगली हाथी गांव में घुस आया और उनकी झोपड़ी पर हमला कर दिया। अचानक हुए हमले में कुंदरा बहदा, उनकी बेटी कोदमा बहदा और बेटा सामु बहदा को हाथी ने कुचल दिया जिससे तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। हमले के दौरान कुंदरा बहदा की पत्नी किसी तरह जान बचाकर भागने में सफल रही जबकि उनकी दूसरी बेटी जिंगी बहदा गंभीर रूप से घायल हो गई है। घायल बच्ची के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। उसे प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए राउरकेला रेफर कर दिया है। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वन क्षेत्र पदाधिकारी रामजी राम ने बताया कि हमले में तीन लोगों की मौत हुई है। घटना के बाद विभाग की ओर से मृतकों के परिजन को तत्काल राहत के रूप में 20 हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान की गई है। साथ ही वन विभाग के अधिकारी द्वारा सरकारी मुआवजे से संबंधित आवश्यक कागजी प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। लगातार हो रहे हाथियों के हमलों से ग्रामीणों में भारी आक्रोश और भय का महौल बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि जंगल से सटे गांवों में हाथियों की आवाजाही बढ़ गई है लेकिन सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं किए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में नियमित निगरानी, हाथी भगाने की व्यवस्था और स्थायी सुरक्षा उपाय लागू करने की मांग की है। बता दें कि कई दिनों से इलाके में हाथियों का आतंक जारी है। लोग सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बालू कारोबारी के घर फायरिंग, लोगों में दहशत

**रामगढ़(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में कुज्जू थाना क्षेत्र के नया मोड़ सीसीएल अस्पताल के सामने बालू घाटों का टेंडर लेने वाले गुरुदेव ट्रेडिंग के प्रोपराइटर डब्बू सिंह के आवास पर फायरिंग हुई है। सोमवार रात बाइक से आये अज्ञात अपराधियों ने घर के परिसर में घुसकर कई राउंड फायरिंग की और फरार हो गए। जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंच पूरे मामले की तहकीकात कर रही है। सीसीटीवी को खंगाला जा रहा है।

### साइकिल सवार को अज्ञात वाहन ने रौंदा

**चतरा (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के सिमरिया प्रखंड में मंगलवार सुबह अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना सिमरिया के शीला पिकेट लेपो क्षेत्र में घने कोहरे और कम दृश्यता के कारण हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घना कोहरा होने के कारण सड़क पर कुछ भी साफ दिखाई नहीं दे रहा था। तेज रफ्तार वाहन ने साइकिल सवार को जोरदार टक्कर मारी, जिससे उसकी तुरंत मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है।

### चाचा की अर्थी उठने से पहले भतीजे की मौत

**मेदिनीनगर (नबिटा ब्यूरो)।** पलामू में मंगलवार को सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। युवक के 80 वर्षीय चाचा का निधन भी आज ही हुआ था और उनके अंतिम संस्कार की तैयारी चल रही थी। इसी बीच भतीजे की मौत ने परिजनों को दोहरा दुख दे दिया। मृतक की पहचान रवि कुमार (30) के रूप में की गई। घटना मोहम्मदगंज-जपला मुख्य पथ पर सोनबरसा बायो पेट्रोल पंप के पास हुई। इस घटना में कार चालक सहित कई अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

### टेंपो पलटने से युवती की मौत

**गुमला (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के डुमरी थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात सड़क हादसे में एक युवती की मौत हो गई। चिड़रा नदी के पास हुए इस हादसे में दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जानकारी के अनुसार यह घटना तब हुई जब कुछ लोग बेहराटोली गांव में आयोजित एक शादी समारोह से टेंपो से मंद्रियाटोली गांव लौट रहे थे। चिड़रा नदी चढ़न के पास टेंपो अचानक पीछे खिसकने लगा। चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख पाया, जिससे टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दुर्घटना में बड़ा कटरा निवासी प्रियंजली मिंज की मौत हो गयी।

### पलामू कोर्ट में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** मंगलवार की सुबह पलामू सिविल कोर्ट में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग लगने के बाद कर्मियों के बीच थोड़ी देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। हालांकि कोर्ट के कर्मियों ने हिम्मत दिखाते हुए फायर एक्सटिंग्विशर के माध्यम से आग पर काबू पाया।

## 15 जनवरी से खुलेगा नियुक्तियों का रास्ता

- **झारखंड के विश्वविद्यालयों को मिल सकता है स्थायी नेतृत्व**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के सरकारी विश्वविद्यालयों में लंबे समय से चला आ रहा प्रशासनिक अस्थायित्व अब खत्म होने की दिशा में बढ़ता दिखाई दे रहा है। लोकभवन स्तर पर यह संकेत मिले हैं कि 15 जनवरी से कुलपति और प्रतिकुलपति की नियमित नियुक्ति प्रक्रिया को औपचारिक रूप से आगे बढ़ाया जाएगा। यदि तय कार्यक्रम के अनुसार प्रक्रिया पूरी होती है तो इसी माह राज्य के कई विश्वविद्यालयों को स्थायी शैक्षणिक नेतृत्व मिल सकता है। राज्य के उच्च शिक्षा तंत्र में फिलहाल कई अहम पद खाली हैं। रांची विश्वविद्यालय, डीएसपीएमयू, जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी और पंडित रघुनाथ मुर्मू विश्वविद्यालय ऐसे संस्थान हैं जहां कुलपति का पद लंबे समय से रिक्त है। वहीं रांची, कोल्हान, नीलांबर-पीतांबर, विनोबा भावे, सिद्धो-कान्हू मुर्मू और विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय में प्रतिकुलपति की नियुक्ति का इंतजार किया जा रहा है। सभी विश्वविद्यालयों के लिए आवेदन आमंत्रित कर लिए गए थे और योग्य अभ्यर्थियों की प्रारंभिक जांच (स्क्रूटनी) पहले ही पूरी कर ली गई है। अब चयन प्रक्रिया अपने अंतिम चरण की ओर बढ़ रही है जिसमें सर्च कमेटी चयनित उम्मीदवारों से संवाद करेगी। इसके बाद नामों का पैनल तैयार किया जाएगा जिस पर अंतिम निर्णय संवैधानिक प्रक्रिया के तहत लिया जाएगा। इसी बीच झारखंड सरकार द्वारा लाया गया वह संशोधन विधेयक भी चर्चा में है, जिसमें विश्वविद्यालयों में कुलपति और प्रतिकुलपति की नियुक्ति का अधिकार राज्यपाल की बजाय राज्य सरकार के पास रखने का प्रस्ताव है।

### आइपीएस किशोर कौशल ने संभाला पलामू डीआइजी का पदभार, कहा

## नक्सलियों के खिलाफ तेज होगा अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** आईपीएस किशोर कौशल ने मंगलवार को पलामू रेंज डीआईजी का पदभार ग्रहण किया है। किशोर कौशल 2012 बैच के आईपीएस हैं और रांची, धनबाद और जमशेदपुर में एसपी रह चुके हैं। पलामू डीआईजी के पद पर तैनात होने से पहले किशोर कौशल जैप 7 के कमांडेंट थे। मंगलवार को आईपीएस किशोर कौशल पलामू पहुंचे। पलामू रेंज के डीआईजी कार्यालय में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया, जिसके बाद उन्होंने पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के दौरान पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने उनका स्वागत किया। इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए किशोर कौशल ने कहा कि जैसे लोगों की पुलिस से अपेक्षा रहती है कि विधि व्यवस्था सही तरीके से संचालित रहे, आपराधिक घटनाओं की रोकथाम हो सके, उसी दिशा में कदम उठाए जाएंगे। डीआईजी ने कहा कि पलामू रेंज में नक्सलियों के खिलाफ अभियान को तेज किया जाएगा। इस सिलसिले में एसपी के नेतृत्व में अभियान चलाए भी जा रहे हैं। गौरतलब है कि आईपीएस किशोर कौशल ने पलामू के 34वें डीआईजी के रूप में पदभार ग्रहण किया है। 1994 में पलामू रेंज के डीआईजी के



पद का गठन हुआ था। पलामू रेंज के पहले डीआईजी आईपीएस सी. लीमा इमचेन थे, जिसमें पलामू, गढ़वा एवं लातेहार जिला आता है। आईपीएस किशोर कौशल ने आईआईएमसी से मास कम्युनिकेशन भी किया है। आईपीएस बनने के बाद चतरा में वह प्रोबेशनर रहे थे। बाद में झारखंड के रामगढ़, दुमका समेत कई जिलों में एसपी भी रहे हैं। पलामू रेंज की बात करें तो इस इलाके में पलामू, गढ़वा और लातेहार के इलाके शामिल हैं। पलामू रेंज में नक्सली हिंसा का एक लंबा इतिहास रहा है। बूढ़ा पहाड़ का इलाका भी पलामू रेंज के अंतर्गत आता है। पलामू रेंज के इलाके में 15 लाख के इनामी माओवादी कमांडर नितेश यादव, रबीन्द्र गंझू, 10 लाख के इनामी संजय गोदराम, मनोहर गंझू, मृत्युंजय भुइयां, 10 लाख के टीएसपीसी कमांडर शशिकांत गंझू प्रमुख रूप से सक्रिय है। बिहार से सटे हुए सीमावर्ती इलाके में नितेश यादव के नेतृत्व में दस्ता सक्रिय है जबकि बूढ़ा पहाड़ के इलाके में मृत्युंजय भुइयां के नेतृत्व में दस्ता सक्रिय है। बिहार एवं छत्तीसगढ़ सीमा पर माओवादी जबकि पलामू रेंज के तीनों जिलों में टीएसपीसी एवं जेजेएमपी जैसे नक्सल संगठन सक्रिय हैं। पलामू, गढ़वा एवं लातेहार में सबसे अधिक लातेहार का इलाका नक्सल प्रभावित है। पलामू जिला को 2024 में केंद्र की सरकार नक्सली मुक्त मान चुकी है जबकि गढ़वा शैडो एरिया में है। 2025 में पलामू रेंज में नक्सलियों के विरुद्ध पुलिस एवं सुरक्षाबलों को कई बड़ी सफलताएं भी मिली हैं। जेजेएमपी जैसे नक्सल संगठन लगभग खत्म हो गए है। पलामू रेंज में फिलहाल कई इलाकों में माओवादी और टीएसपीसी पुलिस एवं सुरक्षा बलों के लिए चुनौती है।

## लूट के सामान के साथ चार आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**देवघर।** जिले के जसीडीह और सारवा थाना क्षेत्र में बीते दिनों आम नागरिकों द्वारा लूट की शिकायतें दर्ज कराई गई। इसको गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने त्वरित औऱ प्रभावी कार्रवाई की। पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार के स्पष्ट निर्देश के बाद जिले के विभिन्न इलाकों में सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। इसका नतीजा अब सामने आया है। पुलिस द्वारा कार्रवाई से जुड़े पूरे मामले की जानकारी देवघर एसडीपीओ अशोक सिंह और जसीडीह थाना प्रभारी दीपक कुमार ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता में दी। एसडीपीओ ने बताया कि लूट की घटनाओं के खुलासे को लेकर एक विशेष टीम का गठन किया गया था। उसके द्वारा लगातार तकनीकी और मानवीय सूचनाओं के आधार पर कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है जिसमें शिवम राय, सौरभ श्रृंगारी, साहिल चौधरी और नीरव दास शामिल है। गिरफ्तार सभी आरोपी जसीडीह थाना क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने लूट के कई महंगे और अहम सामान बरामद किए हैं। इसमें दो एलईडी टीवी, एक ड्रोन, तीन कैमरा, 11 मोबाइल, एक कार, एक बुलेट समेत दो बाइक और एक लैपटॉप शामिल है, जो लूट की घटनाओं की पुष्टि करता है। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार सभी आरोपियों के आपराधिक इतिहास की गहनता से जांच की जा रही है। फिलहाल चारों को जसीडीह थाना में रखकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस द्वारा इस पूरे नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों तक पहुंचने की कोशिश जारी है। देवघर पुलिस का दावा है कि आने वाले दिनों में इस लूटकांड से जुड़े और भी अहम खुलासे सामने आ सकते हैं। इस कार्रवाई से साफ है कि जिले में अपराधियों के खिलाफ पुलिस पूरी मुस्तैदी और मजबूती के साथ खड़ी है। मालूम हो कि शहर के नागरिकों की सुरक्षा के लिए कई जगहों पर टीओपी खोले गए हैं और वहां पर अतिरिक्त पुलिस वालों की तैनाती की गई है। जिससे राहगीरों के साथ छिनतई और लूट की घटनाएं जैसी वारदात ना हो सकें।


## मार्च तक रांची से लोहरदगा स्टेशन के बीच नहीं चलेगी ट्रेन : जीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**लोहरदगा।** कोयल नदी पर बने रेलवे ब्रिज का पिलर संख्या 115 के क्षतिग्रस्त होने के बाद लोहरदगा से ट्रेनों का परिचालन ठप है। मंगलवार को दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा ने तकनीकी टीम के साथ रेलवे ब्रिज का निरीक्षण किया। रेलवे के विशेष स्पीक कोच से लोहरदगा पहुंचे दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा ने रेल पुल की स्थिति और ट्रेनों के परिचालन को लेकर समीक्षा की। रेलवे महाप्रबंधक के निरीक्षण और उनके बयान के बाद यह तो तय हो गया है कि रांची से लोहरदगा स्टेशन तक एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन फिलहाल नहीं होगा। कम से कम मार्च के अंत तक तो यह संभव नहीं है। इसके साथ ही लोहरदगा स्टेशन तक मेमू ट्रेन भी नहीं पहुंचेगी। रेल यात्रियों को फिलहाल असुविधा का



सामना करना पड़ेगा। वहीं मेमू ट्रेन के परिचालन को लेकर भी कुछ सीमा तय की गई है। महाप्रबंधक ने तकनीकी टीम के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस क्रम में उन्होंने पिलर संख्या 5 की सबसे पहले मरम्मत कराने के निर्देश दिए गए हैं। उसके बाद पिलर संख्या 6 और 7 की मरम्मत की जाएगी। वहीं, 15 फरवरी तक सॉइल टेस्टिंग का काम पूरा कर लिया जाएगा। महाप्रबंधक ने कहा कि प्रयास किया जा रहा है कि मार्च के अंत तक ट्रेनों का परिचालन शुरू कर दिया जाए। सभी मरम्मत कार्य मई 2026 तक पूरे कर लिए जाने की संभावना है। साथ ही रेलवे इस लाइन पर कोयल नदी पर नए पुल के निर्माण को लेकर भी योजना पर काम करेगा। रेलवे महाप्रबंधक ने कहा कि यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मेमू पैसेंजर ट्रेन का परिचालन लोहरदगा स्टेशन से सात किलोमीटर दूर इरगांव हॉल्ट तक किया जाएगा। यात्रियों को लोहरदगा से ईरगांव तक के लिए बस की सुविधा प्रदान की जाएगी। वहीं लोहरदगा से टोरी के लिए कनेक्टिंग ट्रेन की सुविधा भी शुरू की जाएगी। फिलहाल रांची से लोहरदगा के बीच एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन नहीं होगा। उन्होंने यह भी कहा कि नदी से बालू के उठाव और कटाव की वजह से रेलवे पुल को नुकसान पहुंचा है। पुल की मरम्मत के लिए तीन-चार टीमें लगातार 24 घंटे काम करेंगी। पुल का पिलर संख्या 4, 5, 6 और 7 को जैकेटिंग और पाइलिंग के जरिए दुरुस्त किया जाएगा। साथ ही स्टील गार्डर के माध्यम से फिलहाल परिचालन प्रारंभ करने का प्रयास किया जाएगा।



# चौपारण सामुदायिक अस्पताल में इलाज के दौरान युवती की मौत, स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**चौपारण (हजारीबाग)।** प्रखंड का प्रमुख स्वास्थ्य केंद्र सामुदायिक अस्पताल चौपारण एक बार फिर अपनी बदहाल व्यवस्था और अमानवीय कार्यशैली को लेकर कटघरे में है। बीती रात इलाज के दौरान एक युवती की मौत हो जाने के बाद अस्पताल प्रशासन पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगे हैं। इस घटना ने ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक स्थिति को उजागर कर दिया है।

मृतका की पहचान प्रियांश कुमारी, पिता रामभरोष यादव, ग्राम बुढ़ियाडाबर निवासी के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार युवती ने कथित तौर पर जहर का सेवन कर लिया था। हालत बिगड़ने पर उसे आनन-फानन में सामुदायिक अस्पताल चौपारण लाया गया, लेकिन यहां न तो समय पर समुचित इलाज उपलब्ध कराया गया और न ही आपात स्थिति के अनुरूप चिकित्सा सुविधा। इलाज के दौरान ही युवती ने दम तोड़ दिया। मौत के बाद अस्पताल प्रशासन की भूमिका पर और भी गंभीर सवाल खड़े हो गए। परिजनों का आरोप है कि देर रात अस्पताल कर्मियों द्वारा शव को जल्द अस्पताल परिसर से हटाने का दबाव बनाया गया, जबकि रात होने के कारण पोस्टमार्टम की प्रक्रिया संभव नहीं थी। नियमों के अनुसार पोस्टमार्टम तक शव की सुरक्षा की जिम्मेदारी अस्पताल प्रशासन की होती है, लेकिन इस दिशा में कोई व्यवस्था नहीं की गई।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि चौपारण सामुदायिक अस्पताल अब इलाज का केंद्र न होकर केवल 'रेफर केंद्र' बनकर रह गया है। मामूली बीमारी या हल्की जटिलता में भी मरीजों को हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर कर दिया जाता है। आम धारणा बन चुकी है कि यह अस्पताल सिर्फ सर्दी-खांसी और सामान्य जांच तक ही सीमित है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि अस्पताल में न तो पर्याप्त डॉक्टर मौजूद रहते हैं, न ही जरूरी दवाइयां, उपकरण और आपातकालीन सुविधाएं उपलब्ध हैं। दूर-दराज से आए गरीब मरीजों को रेफर करना ही प्रशासनिक जिम्मेदारी से बचने का आसान तरीका बन गया है। कई मामलों में रेफर किए गए मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं, लेकिन इसकी कोई जवाबदेही तय नहीं होती। प्रियांश कुमारी की मौत के बाद परिजनों और ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है। लोगों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच, अस्पताल प्रबंधन की भूमिका की समीक्षा तथा दोषी चिकित्सकों और कर्मियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यह घटना केवल एक युवती की मौत नहीं, बल्कि ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था की विफलता का प्रतीक है। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन इस मामले से सबक लेकर ठोस कार्रवाई करेगा, या फिर चौपारण सामुदायिक अस्पताल यूं ही लापरवाही, असंवेदनशीलता और रेफर संस्कृति का पर्याय बना रहेगा।

# भीषण ठंड के मद्देनजर उपायुक्त ने बभनवै टोला में किया कंबल वितरण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग।** जिले में पड़ रही भीषण ठंड को देखते हुए मानवीय संवेदनाओं के तहत उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह द्वारा सदर प्रखंड अंतर्गत बभनवै हरिजन टोला में देर शाम कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में वृद्ध महिला-पुरुषों के साथ-साथ दिव्यांगजन भी उपस्थित थे। उपायुक्त श्री सिंह ने स्वयं उपस्थित होकर जरूरतमंदों को कंबल प्रदान किए और उनसे संवाद कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि ठंड के इस मौसम में कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति सहायता से वंचित न रहे। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन ठंड से प्रभावित असहाय, वृद्ध एवं दिव्यांगजनों की सहायता के लिए निरंतर प्रयासरत है तथा आगे भी ऐसे राहत कार्य जारी रहेंगे। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि ठंड से बचाव के लिए आवश्यक राहत सामग्री समय पर जरूरतमंदों तक पहुंचे।

# बरही प्रखंड में शीतलहर का कहर, घने कोहरे और कड़ाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही हजारीबाग।** बरही प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों शीतलहर के साथ कनकनी का प्रकोप लगातार जारी है। सुबह के समय घना कोहरा और तेज ठंड लोगों की दिनचर्या को प्रभावित कर रहा है, जबकि देर शाम ठंडी हवाओं के साथ एक बार फिर कोहरे की चादर छा जाती है।

ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लोग ठंड से बचाव के लिए अलाव का सहारा ले रहे हैं या गर्म कपड़ों में खुद को ढककर रख रहे हैं। तापमान में लगातार गिरावट के कारण आम जनजीवन प्रभावित हो गया है। मंगलवार को सुबह न्यूनतम तापमान लगभग 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि शाम में तापमान 16 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा। ठंड बढ़ने के कारण बाजारों और सड़कों पर लोगों की आवाजाही में कमी देखी जा रही है। विशेष रूप से बुजुर्गों, बच्चों और बीमार व्यक्तियों को अधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है। ठंड के चलते गर्म कपड़ों की बिक्री में भी इजाफा हुआ है। शीतलहर का सबसे अधिक असर मजदूर वर्ग और खेतों में काम करने वाले किसानों पर पड़ा है। बीते दो दिनों से प्रखंड क्षेत्र घने कोहरे की चपेट में है, जिससे सुबह के समय लोगों को काम पर निकलने में काफी परेशानी हो रही है। अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी चिकित्सक डॉ. प्रकाश ज्ञानी ने लोगों को ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़े पहनने और आवश्यक सावधानियां बरतने की सलाह दी है। बढ़ती ठंड को देखते हुए राज्य सरकार ने सभी स्कूलों में 8 जनवरी तक अवकाश घोषित कर दिया है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले कुछ दिनों तक ठंड से राहत मिलने की संभावना कम है, जिससे कनकनी और बढ़ सकती है। वहीं प्रशासन से सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था कराने की मांग भी तेज होने लगी है। सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए कंबलों का वितरण पंचायत स्तर पर मुखिया के माध्यम से किया जा रहा है।

# विश्व हिंदू परिषद की पंचायत कमेटी गठित, विशाल बने प्रखंड सह संयोजक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरकट्ठा हजारीबाग।** बरकट्ठा प्रखंड के बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत में रविवार को विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष भागीरथ प्रसाद ने की, जबकि संचालन जिला मंत्री अरविंद मेहता द्वारा किया गया।

बैठक में सर्वसम्मति से विशाल कुमार को प्रखंड सह संयोजक मनोनीत किया गया। साथ ही बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। पंचायत सह मंत्री के रूप में पप्पू यादव एवं अशोक यादव, सह संयोजक के रूप में बबलू गुप्ता और मुकेश साव का चयन किया गया। सुरक्षा प्रमुख की जिम्मेदारी निशांत कुमार यादव को सौंपी गई, जबकि गौ रक्षा प्रमुख पिंटू सोनी बनाए गए।

इसके अलावा अखाड़ा प्रमुख आशीष यादव, विद्यार्थी प्रमुख अंकित कुमार गुप्ता, सामाजिक समरसता प्रमुख सूरज कुमार, सह प्रमुख सुनील गुप्ता, धर्म प्रमुख मधु यादव सहित अन्य पदाधिकारियों का भी चयन किया गया। बैठक में प्रखंड उपाध्यक्ष धीरज गुप्ता, सत्संग प्रमुख बजरंग साव, सोनू चंद्रवंशी, सुनील नायक, कुलदीप कुमार, राजा कुमार, दीपक कुमार, निशांत कुमार, शंकर कुमार, मोनू गुप्ता, अरबी रविदास, शिवपूजन कुमार, सोनू गुप्ता, चंदन कुमार, सूरज गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# केरेडारी कोल परियोजना में मजदूरों का आक्रोश चरम पर

## तीन वर्षों से अधिकारों से वंचित मजदूर, 21 जनवरी से शांतिपूर्ण हड़ताल का ऐलान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग।** केरेडारी कोल खनन परियोजना (NTPC / BGR) में कार्यरत सैकड़ों मजदूरों का आक्रोश अब उबाल पर है। मजदूरों का आरोप है कि बीते लगभग तीन वर्षों से उन्हें उनके वैधानिक श्रम अधिकारों से वंचित रखा जा रहा है। बार-बार ज्ञापन सौंपने, अधिकारियों से गुहार लगाने और विभागीय बैठकों में भाग लेने के बावजूद अब तक उनकी समस्याओं का कोई स्थायी व न्यायसंगत समाधान नहीं हो पाया है।

राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन (RKMU) के अनुसार, दिनांक 5 जुलाई 2025 को मजदूरों की विभिन्न मांगों को लेकर NTPC / BGR प्रबंधन को एक विस्तृत मांग पत्र सह ज्ञापन सौंपा गया था। इसकी प्रतिलिपि लेबर कमिश्नर, उपायुक्त, पुलिस प्रशासन सहित अन्य संबंधित विभागों को भी भेजी गई थी। इसके बाद भी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। यूनियन प्रतिनिधि और मजदूर पिछले छह महीनों से हजारीबाग स्थित लेबर कमिश्नर कार्यालय में आयोजित प्रत्येक सुनवाई में नियमित रूप से उपस्थित होते रहे, लेकिन लगभग सात बार बैठक की तिथि तय होने के बावजूद मजदूरों के पक्ष में कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। इससे मजदूरों में गहरा असंतोष व्याप्त है। दिनांक 24 दिसंबर 2025 को लेबर कमिश्नर कार्यालय में हुई त्रिपक्षीय वार्ता के दौरान NTPC / BGR एवं अछउ की ओर से यह आश्वासन दिया गया था कि मजदूरों की मांगों पर 20 जनवरी 2026 तक अंतिम निर्णय ले लिया जाएगा। यूनियन ने इस आश्वासन का सम्मान करते हुए अब तक संयम और धैर्य बनाए रखा। राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन के जोनल सचिव मो. जहूर एवं वर्तमान परियोजना अध्यक्ष मो. अफरोज ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि 20 जनवरी 2026 तक मजदूरों की वैध मांगों पर कोई ठोस एवं लिखित निर्णय नहीं लिया गया, तो यूनियन दिनांक 21 जनवरी 2026 से शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक एवं कानूनी हड़ताल शुरू करने के लिए बाध्य होगी। यूनियन पदाधिकारियों ने कहा कि प्रस्तावित हड़ताल पूरी तरह शांतिपूर्ण और अनुशासित होगी, लेकिन इसके लिए संपूर्ण जिम्मेदारी NTPC / BGR प्रबंधन की होगी। उनका आरोप है कि प्रबंधन की उदासीनता मजदूरों को आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर कर रही है। यूनियन ने यह भी दावा किया कि हड़ताल को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मजदूर पूरी तरह एकजुट, संगठित और संघर्ष के लिए तैयार हैं। यूनियन ने दो टूक कहा कि अब प्रबंधन को मजदूरों के वैधानिक श्रम अधिकार देने ही होंगे, अन्यथा आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।

# उज्ज्वल महिला मंडल जविप्र दुकान का उद्घाटन, खाद्य सुरक्षा और सामाजिक समावेशिता होगी मजबूत : जानकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बरकट्ठा हजारीबाग।** बरकट्ठा प्रखंड के कपका गांव में उज्ज्वल महिला मंडल द्वारा संचालित जनवितरण प्रणाली (जविप्र) दुकान का विधिवत उद्घाटन किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष ने फीता काटकर दुकान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, मुखिया कमलेश प्रसाद एवं पंचायत समिति सदस्य डालेश्वर पंडित उपस्थित रहे।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए जानकी प्रसाद यादव ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में मुफ्त राशन वितरण की व्यवस्था लागू की गई है, जिससे प्रत्येक ग्रामीण परिवार को उनकी आवश्यकता के अनुसार अनाज निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस पहल से ग्रामीण इलाकों में खाद्य सुरक्षा सुदृढ़ होगी और सामाजिक समावेशिता को भी मजबूती मिलेगी। महिला मंडलों को जविप्र दुकानों के संचालन से जोड़ना महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। इस मौके पर उज्ज्वल महिला मंडल कपका की अध्यक्ष गुड़िया देवी, सचिव मालती देवी, कोषाध्यक्ष रेखा देवी सहित मनोहर चौधरी, भुवनेश्वर रविदास, भोला प्रसाद, देवनंदन प्रसाद, राजू मंडल, अशोक सिंह, गणेश यादव, वीरू पासवान, जगन्नाथ रविदास, परमेश्वर रविदास, भुनेश्वर दास समेत कई ग्रामीण एवं गणमान्य लोग मौजूद थे।

# केरेडारी कोल माइन्स में महिलाओं का आंदोलन, कोल डिस्पैच पूरी तरह ठप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**केरेडारी हजारीबाग।** केरेडारी कोल माइन्स (NTPC) क्षेत्र में कुम्हरा बेंगवरी गांव की महिलाओं ने कोल डिस्पैच को पूरी तरह बंद करा दिया है। प्रदूषण से हो रही गंभीर परेशानियों के विरोध में महिलाएं कांटा घर (वेब्रिज) पर धरने पर बैठ गई हैं, जिसके कारण कोल ट्रांसपोर्टिंग पूरी तरह ठप हो गई है।

महिलाओं का आरोप है कि कोयला ढुलाई से उड़ने वाली धूल, प्रदूषित हवा और पानी ने *गांव में रहना मुश्किल कर दिया है। बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं के स्वास्थ्य पर इसका सीधा असर पड़ रहा है, लेकिन कंपनी और प्रशासन लगातार उनकी शिकायतों को नजरअंदाज कर रहा है। प्रदर्शन कर रही महिलाओं का कहना है कि जब तक प्रदूषण से निजात के ठोस उपाय नहीं किए जाते और उनकी मांगों पर लिखित आश्वासन नहीं मिलता, तब तक कोल डिस्पैच शुरू नहीं होने दिया जाएगा। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में प्रशासनिक हलचल तेज हो गई है, हालांकि समाचार लिखे जाने तक कोई आधिकारिक समाधान सामने नहीं आया है।

# झारखंड विस सदाचार समिति की हजारीबाग में समीक्षा बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**हजारीबाग संवाददाता।** झारखंड विधानसभा की सदाचार समिति की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक मंगलवार, 6 जनवरी को हजारीबाग स्थित परिसदन भवन में आयोजित की गई। बैठक में सदाचार समिति के सभापति रामचंद्र सिंह (माननीय विधायक, मनिका) एवं समिति सदस्य चंद्रदेव महतो (माननीय विधायक, सिंदरी) उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता सभापति रामचंद्र सिंह ने की।

समीक्षा बैठक में जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति से संबंधित लंबित मामलों की स्थिति, पेंशन प्रकरणों के निष्पादन, जनहितकारी योजनाओं की प्रगति तथा योजनाओं का लाभ वास्तविक लाभार्थियों तक पहुंचने की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई। सभापति ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी लंबित मामलों का शीघ्र, पारदर्शी एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए तथा संबंधित विभागों द्वारा अद्यतन प्रतिवेदन अविलंब उपलब्ध कराया जाए। बैठक के दौरान जिले में संचालित प्रमुख विभागीय योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। इसमें पुलिस विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, खाद्य आपूर्ति विभाग, भवन निर्माण विभाग, पथ निर्माण विभाग, खनन विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, कल्याण विभाग, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, निबंधन विभाग एवं जिला योजना विभाग सहित अन्य विभाग शामिल रहे।

# एनएचआरए के प्रदेश सह संयोजक बने रवि शंकर, प्रदीप बने जिला कल्याण सचिव हजारीबाग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही हजारीबाग।** राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन झारखंड प्रदेश इकाई की ओर से संगठन का विस्तार करते हुए हजारीबाग जिला अंतर्गत करसो निवासी समाजसेवी रवि शंकर कुमार को प्रदेश सह संयोजक बनाया गया है। इनका मनोनयन प्रदेश विधि सचिव सुनील कुमार दत्त की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति के द्वारा किया गया है। रवि शंकर कुमार सामाजिक कार्यकर्ता है । इनके द्वारा सामाजिक कार्यो में काफी सहभागिता रहती है।

# सात मील चौक फॉरेस्ट चेकनाका पर निजी वसूली का आरोप, 'चालान' बताकर पल्ला झाड़ रहा विभाग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**विष्णुगढ़ हजारीबाग।** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत हजारीबागझ्रबगोदर एनएच-522 मार्ग पर स्थित सात मील चौक का फॉरेस्ट चेकनाका इन दिनों विवादों में घिरा हुआ है। स्थानीय लोगों के अनुसार, चेकनाका का संचालन विभागीय कर्मियों की अनुपस्थिति में किया जा रहा है, जहां वीडी पत्ता, गिट्टी, कोयला, बालू एवं मवेशी लदे वाहनों से लगातार वसूली की जा रही है।

मामले की जानकारी मिलने पर फॉरेस्ट विभाग के कर्मियों ने अवैध वसूली के आरोपों से इनकार करते हुए इसे वाहनों का ह्लचालानह्व बताया है। विभाग का कहना है कि कर्मचारियों की कमी के कारण चेकनाका का संचालन फिलहाल निजी व्यक्तियों के माध्यम से कराया जा रहा है। वहीं ग्रामीणों और वाहन चालकों का आरोप है कि बिना अधिकृत सरकारी कर्मियों के वाहनों की जांच और वसूली करना पूरी तरह संदिग्ध है। उनका कहना है कि इस तरह की व्यवस्था से न केवल अवैध वसूली को बढ़ावा मिल सकता है, बल्कि वाहनों और चालकों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ सकती है। ग्रामीणों ने मांग की है कि चेकनाका पर केवल विभागीय कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित की जाए, ताकि जांच और चालान की प्रक्रिया पारदर्शी रह सके। बिना अधिकृत सरकारी कर्मचारियों के चेकनाका संचालन और वसूली की प्रक्रिया ने फॉरेस्ट विभाग की कार्यप्रणाली और प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना यह है कि विभाग इस पूरे मामले पर क्या ठोस कदम उठाता है।

# सूर्यकुण्ड मेला में आने वाले लोगों की सुरक्षा और मेला की व्यवस्था को लेकर एसडीओ की अध्यक्षता में बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**बरही हजारीबाग।** बरकट्ठा की सूर्यकुण्ड मेला की चाक चौबंद व्यवस्था को लेकर अनुमंडल कार्यालय में एसडीओ जोहन टुडु की अध्यक्षता में बैठक हुई। मकर संक्रांति के दिन से मेले की शुरूआत होती है जो एक पखवाड़े तक चलती है। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि

मेले में आने वाले लोगों की सुरक्षा के लिए पुलिस और प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किया है। एसडीओ जोहन टुड्डू ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारियों से जानकारी ली। बैठक में एसडीपीओ अजीत कुमार विमल, बरकट्ठा के बीडीओ एवं सीओ मौजूद थे।

बैठक में मेले के दौरान शांति व्यवस्था, असामाजिक तत्वों पर नजर रखने, पर्याप्त सुरक्षा बल की तैनाती और घायलों के लिए समुचित इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया, ताकि श्रद्धालुओं को सुरक्षित और बेहतर माहौल मिल सके। इस दौरान एसडीओ ने कहा कि मेला परिसर में घूमने वाले प्रत्येक व्यक्ति पर निगरानी रखी जाएगी, मेले में स्थानीय पुलिस के साथ - साथ अन्य जिलों से पुलिसकर्मियों को बुलाया जाएगा। मेले में भीड़ नियंत्रण को लेकर खास रणनीति बनाई गई है। वहीं एसडीओ ने बैठक में मौजूद अधिकारियों को मेले की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक कर, श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा - निर्देश दिए। बता दें कि बरकट्ठा का सूर्यकुण्ड मेला एशिया का सबसे गर्म जलकुंड और इसके पौराणिक महत्व के कारण प्रसिद्ध है, जहां मकर संक्रांति पर लगने वाले इस 15 दिवसीय मेले में लोग पवित्र स्नान कर बीमारियों से मुक्ति और संतान प्राप्ति की कामना करते है, साथ ही यहां मिलने वाला खास लौह बाजार भी इसकी पहचान है।

# कांग्रेस के मनरेगा बचाओ पैदल मार्च में बरही के कांग्रेस कार्यकर्ता हुए शामिल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बरही हजारीबाग।** कांग्रेस के मोरहाबादी बापू वाटिका में आयोजित मनरेगा बचाओ पैदल मार्च में बरही के अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

रांची के मोराबादी बापू वाटिका से लोक भवन तक पैदल मार्च निकाला गया था। बरही विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अरुण साहू के नेतृत्व में बरही के प्रदर्शनकारियों ने केंद्र की विकसित भारत-जी राम जी बिल 2025 को ग्रामीण श्रमिकों के अधिकारों पर हमला बताते हुए जोरदार नारे लगाए। मार्च में कांग्रेस के प्रभारी के. राजू, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, राष्ट्रीय सचिव प्रणव झा, मंत्री, विधायक और कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल थे। बरही से विरोध प्रदर्शन में ओबीसी कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष दीपक गुप्ता, बरही प्रमुख मनोज रजक, प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मानन वारसी, जिला उपाध्यक्ष डॉ. निजामुद्दीन अंसारी, मीडिया हेड तौकीर रजा, प्रकाश राम, गुलजार अंसारी, संतोष रजवार, छोटी भुईंया, कार्तिक पासवान, मो. असलम, विनोद राम, प्रकाश विश्वकर्मा, संतोष कुशवाहा समेत अनेक कार्यकर्ता शामिल थे।

# जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर परिवहन विभाग, बिहार सरकार एवं जहानाबाद जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में जिला परिवहन कार्यालय द्वारा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में प्रभारी जिला पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा ने समाहरणालय परिसर में पदाधिकारियों, कर्मियों एवं आमजनों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई तथा यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए आमजन की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा सड़क सुरक्षा के मानकों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करना सभी की जिम्मेदारी है। इस दौरान उन्होंने लोगों से अपील किया कि हेलमेट, सीट बेल्ट और मोबाइल फोन के उपयोग से संबंधित नियमों का पालन कर आप स्वयं के साथ-साथ दूसरों की जान भी बचा सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान शपथ दिलाते हुए जिला पदाधिकारी ने उपस्थित लोगों से यह संकल्प दिलाया कि वे बिना हेलमेट, दोपहिया वाहन नहीं चलाएंगे, बिना सीट बेल्ट लगाए चारपहिया वाहन नहीं चलाएंगे तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करेंगे। साथ ही उन्होंने यह भी शपथ दिलाई कि वे अपने परिवार, समाज और संपर्क में आने वाले सभी लोगों को भी यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करेंगे। इस दौरान सड़क पर लगे साइनेज को देखकर वाहन चलाने तथा सुरक्षित ड्राइविंग के नियमों की जानकारी भी साझा की गई। इसके पश्चात जिला पदाधिकारी ने सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु विशेष जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।




यह जागरूकता रथ 6 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक जिले के सभी पंचायतों और टोलों में भ्रमण कर आमजनों को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक करेगा। जिला परिवहन पदाधिकारी अविनाश कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत 3 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक जिले में सड़क सुरक्षा से संबंधित अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 5 जनवरी 2026 को जहानाबाद बस स्टैंड परिसर में यात्रियों एवं वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा की जानकारी देते हुए शपथ दिलाई गई तथा यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने की अपील की गई।इस अवसर पर जिला कल्याण पदाधिकारी संजय कुमार, जिला योजना पदाधिकारी सुबोध कुमार, अवर जिला परिवहन पदाधिकारी करिश्मा सिंह, प्रभारी पदाधिकारी जिला उर्दू भाषा कोषांग, मोटरयान निरीक्षक ब्रजकिशोर कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## गैरजमानती वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज के कासमा पुलिस ने गैर जमानती एक वारंटी को गिरफ्तार कर दुगुल गांव से जेल भेज दिया। थाना अध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने बताया कि औरंगाबाद न्यायालय के द्वारा थाना क्षेत्र के दुगुल गांव निवासी राजेश्वर सिंह के 40 वर्षीय पुत्र रौशन कुमार के विरूद्ध गैर जमानती वारंट जारी था। जिसे गुप्त सूचना के आधार पर जेल भेज दिया गया

## निःशुल्क आंख जांच शिविर का हुआ आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज के केराप पंचायत के हकीचक गांव निशुल्क आंख जांच शिविर का आयोजन किया गया। आंख जांच शिविर में हकीचक, गुलाब बिग्हा, सहित अन्य जगहों से लोग पहुंचे और अपना आंख का जांच करवाया। अयान खान ने बताया कि लगभग 112 लोगों की आंख का जांच किया गया जिनकी मोतियाबिंद की शिकायत थी उनका इलाज के लिए औरंगाबाद बुलाया गया है उन्होंने युवाओं को कहा कि मोबाइल कम उसे करें तथा गाजर एवं पपीता का सेवन नियमित रूप से करें। मोहम्मद अनवर ने बताया कि यह शिविर मोबिन वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा लगाया गया है। हम लोगों द्वारा प्रत्येक वर्ष लगाया जाता है।

# बाल विवाह मुक्त भारत कैंपेन हेतु सौ दिवसीय जागरूकता अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद**। बाल विवाह मुक्त भारत कैंपेन हेतु 100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत 5 जनवरी 2026 को औरंगाबाद, मदनपुर एवं रफीगंज प्रखण्ड के सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं के साथ एवं 6 जनवरी को नवीनगर, बारूण, देव, कुटुम्बा प्रखण्ड के आंगनबाड़ी सेविकाओं के साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकार के प्रकोष्ठ में बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान को जिले में पूर्ण से क्रियान्वित करने के उद्देश्यों से तीन दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकार सचिव तान्या पटेल, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, एकीकृत बाल विकास सेवा योजना विनय प्रताप तथा कानूनी सहायता



प्रतिरक्षा परामर्शदाता प्रणाली के उप मुख्य बचाव अधिवक्ता अभिनन्दन कुमार तथा पैनल अधिवक्ता स्नेहलता द्वारा अलग-अलग सत्रों में सभी आंगनबाड़ी सेविकों को प्रशिक्षित किया गया है तथा इसके तहत किये जाने वाले गतिविधियों से सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं को अवगत कराते हुए अपने-अपने क्षेत्र में इसके तहत किये जाने वाले प्रभावी क्रियाकलापों के लिए प्रेरित किया गया। इस अभियान के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव, तान्या पटेल द्वारा जानकारी देते हुए कहा गया कि इसके तहत कई श्रृंखलाबद्ध कार्यक्रमों के द्वारा 100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान से सम्बन्धित कार्य योजना तैयार किया गया है जिसके तहत शैक्षणिक संस्थानों, ग्राम सभाओं और अन्य सार्वजनिक स्थानों, सामुदायिक स्थलों पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों को आयोजित किया जा रहा है तथा इस योजना को प्रभावी क्रियान्वयन के लिए, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया है जिससे कि अपने-अपने क्षेत्र में पहचान, मार्गदर्शन, सहायता और सक्रिय निगरानी की कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। इस संबंध में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा जानकारी देते हुए कहा गया कि बाल विवाह मुक्त भारत अभियान भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा शुरू की गयी एक राष्ट्रीय एवं महत्वकांक्षी पहल है जिसका मुख्य उद्देश्य देश से बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई को जड़ से खत्म करना और बच्चों, विशेषकर लड़कियों के अधिकारों को रक्षा करना है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह मुक्त भारत पोर्टल चाइल्ड लाइन 1098 लान्च किया गया है जिसमें किसी को यह जानकारी प्राप्त हो कि बाल विवाह हो रहा है हर नागरिक बाल विवाह की घटनाओं की रिपोर्ट कर सकते हैं जिसमें बाल विवाह निषेध अधिकारियों द्वारा मामलों की रियल टाइम ट्रैकिंग की जाती है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा यह बृहत कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया है। जिसे हाल ही में 4 दिसम्बर 2025 को इस अभियान की पहली वर्षगाठ के अवसर पर 100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान का शुभारम्भ किया गया है जिसके तहत निर्धारित अवधि तक भारत को पुरी तरह से बाल विवाह मुक्त करने का संकल्प है और विभिन्न जागरूकता के माध्यम से समाज में बाल विवाह के खिलाफ शून्य सहनशीलता की भावना पैदा करना है और लोग अपनी समस्याओं का आन-लाईन शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उपस्थित आंगनबाड़ी सेविकाओं के बीच बाल विवाह जैसे सामाजिक कुरीति के विरुद्ध सामूहिक शपथ का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया जिसमें प्रमुखता से हमलोगों ने मिलकर ठाना है, बाल विवाह जैसे सामाजिक कुरीति को मिटाना है का वचन भी लिया गया। 7 जनवरी को हसपुरा, ओबरा, गोह, दाउदनगर प्रखण्ड के आंगनबाड़ी सेविकाओं का प्रशिक्षण निर्धारित है इस प्रकार सभी प्रखण्डों के आंगनबाड़ी सेविकाओं के प्रशिक्षण सत्र पुरा होने के उपरांत धरातल में उनके द्वारा प्रशिक्षण के माध्यम से दिये गये संदेश को अपने-अपने क्षेत्रों में पहचान, मार्गदर्शन, सहायता और सक्रिय निगरानी की कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए हमेशा तत्पर रहने के लिए प्रेरित किया गया।

# गैर इरादतन हत्या के प्रयास मामले में दोषी को पांच वर्ष का कठोर कारावास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। गैर इरादतन हत्या के प्रयास के एक मामले में एडीजे प्रथम रवि रंजन मिश्र की अदालत ने मंगलवार को महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए दोषी करार दिए गए सुदामा शर्मा को पांच वर्ष का कठोर कारावास भुगतने की सजा सुनाई है। इसके साथ ही न्यायालय ने दोषी पर 25,000 का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड की राशि का भुगतान नहीं करने की स्थिति में सुदामा शर्मा को 6 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।सजा के बिंदु पर सुनवाई पूरी होने के उपरांत अदालत ने यह निर्णय सुनाया। इस संबंध में जानकारी देते हुए अपर लोक अभियोजक बिंदु भूषण प्रसाद ने बताया कि यह मामला अरवल जिला अंतर्गत रामपुर चौरम थाना क्षेत्र के सरौती गांव से संबंधित है। उन्होंने बताया कि इस मामले में सरौती गांव निवासी पूनम देवी द्वारा सुदामा शर्मा समेत तीन लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। प्राथमिकी के अनुसार, 21 जनवरी 2015 को जब सूचिका अपने जमीन पर घर का निर्माण कर रही थी, उसी दौरान अभियुक्त सुदामा शर्मा ने सूचिका के पति के साथ मारपीट की और उनके सिर पर हमला कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया था। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से न्यायालय में कुल सात गवाहों को प्रस्तुत किया गया। साक्ष्यों और गवाहों के बयान के आधार पर अदालत ने सुदामा शर्मा को गैर इरादतन हत्या के प्रयास का दोषी ठहराते हुए यह सजा सुनाई। न्यायालय के इस फैसले को कानून व्यवस्था और न्यायिक प्रक्रिया की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# प्रशासन के सहयोग व उत्कृष्ट योगदान हेतु कैडेटों को किया गया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। जिला प्रशासन के विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यक्रमों और सामाजिक कार्यों में सहयोग प्रदान करने वाले बिहार राज्य भारत स्काउट एंड गाइड के स्वयंसेवकों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह जिला पदाधिकारी के मार्गदर्शन में जिला विकास शाखा द्वारा आयोजित किया गया। जिला विकास पदाधिकारी स्मृति के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त डॉ. प्रीति ने स्वयंसेवकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त ने कहा कि आपदा प्रबंधन हो या सामाजिक जागरूकता, स्काउट एंड गाइड के स्वयंसेवकों ने सदैव अपनी कर्मठता का परिचय दिया है। उनका यह समर्पण



समाज सेवा कुशल नागरिकता के गुणों के समावेश हेतु अन्य युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर स्काउट-गाइड स्वयंसेवकों को जिला प्रशासन द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान का यह अवसर वाणावर श्रावणी मेला के दौरान श्रद्धालुओं को सेवा एवं सहयोग प्रदान करने, सूफी महोत्सव के सफल आयोजन में सहभागिता तथा निर्वाचन कार्यों में अनुशासनपूर्ण एवं समर्पित सहयोग के लिए प्रदान किया गया। कार्यक्रम में निदेशक, डी.आर.डी.ए. डॉ. रोहित कुमार मिश्र, निदेशक, ए.इ.पी., वरीय उप समाहर्ता सु होमा इरफान, नेहा कुमारी, जिला परियोजना पदाधिकारी (डी.पी.ओ.) जिला गंगा समिति अमित कुमार, जिला संगठन आयुक्त हरिशंकर कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सेवानिवृत्त प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को समारोह पूर्वक दी गई विदाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। सदर प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय के प्रांगण में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीइओ) नरेंद्र कुमार के सेवानिवृत्त होने पर शिक्षकों द्वारा एक विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी सरिता कुमारी, घोसी के अंचलाधिकारी तथा पंचायती राज पदाधिकारी उपस्थित रहे। अपने विदाई संबोधन में निवर्तमान प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी नरेंद्र कुमार ने कहा कि उन्होंने लगभग पांच वर्षों तक जहानाबाद प्रखंड में बीइओ के रूप में कार्य किया। इस दौरान वे लगातार विद्यालयों का निरीक्षण करते रहे और शिक्षकों को समय पर विद्यालय में उपस्थित होकर बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। समारोह में उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी सरिता कुमारी ने कहा कि सरकारी सेवा में सेवानिवृत्ति एक नैसर्गिक प्रक्रिया है, लेकिन व्यक्ति कभी रिटायर नहीं होता। मनोबल और कार्य के प्रति निष्ठा जीवन भर बनी रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नरेंद्र कुमार द्वारा पिछले पांच वर्षों में प्रखंड क्षेत्र में किए गए कार्य अत्यंत सराहनीय हैं।

# जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर हुई मारपीट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मखदुमपुर (जहानाबाद)**। जिले के मखदुमपुर थाना क्षेत्र के कुमरडीह पंचायत के मलबिगहा गांव में मंगलवार के दिन जमीनी विवाद को लेकर दो गुटों में जमकर मारपीट की घटना सामने आई। वहीं मारपीट के इस घटना में दोनों पक्षों से कई लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों का इलाज सदर अस्पताल जहानाबाद में कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार उमेश यादव एवं अर्जुन यादव में पिछले कुछ दिनों से भूमि विवाद चल रहा है। इसी मामले को लेकर दोनों गुटों में जमकर मारपीट हुई हैं। इस घटना में जहां एक पक्ष से सात लोग तो वहीं दूसरे पक्ष से तीन लोग घायल हुए हैं। घायलों में एक पक्ष से उमेश यादव, मंजू देवी, सरस्वतीया देवी, शैलेश यादव, दीपक कुमार, एवं बबलू कुमार का सदर अस्पताल में इलाज कराया गया। वहीं दूसरे पक्ष से सुनैना देवी, रीता देवी, एवं सोना देवी का इलाज सदर अस्पताल में कराया गया है। सबसे दिलचस्प बात यह है कि मारपीट की इस घटना में सोशल मीडिया पर एक तस्वीर भी वायरल हो रही है, जिसमें एक युवक हाथ में देसी कट्टा लहराते दिख रहा है। हालांकि 'नवबिहार टाइम्स' इस तस्वीर की पुष्टि नहीं करता है। इधर पूरे मामले में मखदुमपुर थाना अध्यक्ष ने बताया कि मारपीट एवं हथियार लहराने का अब तक आवेदन किसी पक्ष के द्वारा थाने में नहीं दिया गया है। यदि आवेदन मिला तो पूरे मामले की निष्पक्षता से जांच की जाएगी और दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।



# कीउल-गया रेल लाइन दोहरीकरण से पूर्वी भारत की रेल क्षमता को नई गति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना**। पूर्वी भारत में माल और यात्री परिवहन के लिहाज से अत्यंत महत्वपूर्ण कीउल–गया रेल खंड अब पूरी तरह दोहरीकरण के साथ नई भूमिका में सामने आया है। बिहार के लखीसराय, शेखपुरा, नवादा और गया जिलों से होकर गुजरने वाला 125 किलोमीटर लंबा यह खंड पूर्व मध्य रेलवे के दानापुर मंडल के अंतर्गत आता है और साहिबगंज लूप, हावड़ा–दिल्ली मुख्य लाइन तथा ग्रैंड कॉर्ड को जोड़ने वाला अहम गलियारा है। वर्ष 1879 में शुरू हुआ यह मार्ग रेल परिचालन में 'किंग्स गैलप' के नाम से जाना जाता था और 1906 में ग्रैंड कॉर्ड शुरू होने से पहले लंबी दूरी की प्रमुख ट्रेनों का भार संभालता था। परियोजना स्वीकृति के समय यह खंड गंभीर क्षमता दबाव से गुजर रहा था। यहां ट्रैफिक उपयोग 113 से 135.5 प्रतिशत तक पहुंच चुका था, जिससे परिचालन के लिए कोई अतिरिक्त गुंजाइश नहीं बची थी। प्रतिदिन औसतन 26 ट्रेनें, जिनमें 11 जोड़ी यात्री और 2 जोड़ी मालगाड़ियां शामिल थीं, इस मार्ग से गुजरती थीं। कोडरमा–तिलैया खंड के चालू होने और बरह सुपर थर्मल पावर प्लांट के संचालन के बाद दबाव और बढ़ने वाला था, क्योंकि अकेले इस परियोजना के लिए प्रतिदिन लगभग 18 कोयला रेक और 14 जोड़ी अतिरिक्त मालगाड़ियों की आवश्यकता थी। ऐसे में कीउल–गया लाइन का दोहरीकरण अपरिहार्य हो गया। निर्माण कार्य पांच पैकेजों में किया गया। मंझपुर–वजीरगंज खंड अपेक्षाकृत समय पर पूरा हुआ, जबकि वजीरगंज–तिलैया और लखीसराय–शेखपुरा खंडों में तकनीकी स्वीकृतियों में देरी और कोविड-19 के कारण काम प्रभावित हुआ। शेखपुरा–वारसलीगंज खंड में 300 से अधिक छोटे पुलों और यार्ड रीमॉडलिंग के चलते जटिलताएं आईं। वारसलीगंज–तिलैया खंड में भी डिजाइन स्वीकृतियों और स्लीपर आपूर्ति में विलंब रहा। 31 जुलाई 2019 को प्रगति समीक्षा के बाद परियोजना को निर्णायक गति मिली। लंबित स्वीकृतियां प्राथमिकता पर निपटाई गईं और महाप्रबंधक व मंडलीय रेल प्रबंधक स्तर पर नियमित निगरानी से काम आगे बढ़ा। अंततः 5 फरवरी 2025 को पूरे खंड का दोहरीकरण चालू हो गया। इस परियोजना से गति बढ़कर 110 किलोमीटर प्रति घंटा हुई और यात्रा समय लगभग छह घंटे से घटकर साढ़े तीन घंटे रह गया। 31 बड़े पुल, 300 से अधिक छोटे पुल, 10 स्टेशनों पर यार्ड सुधार, पूर्ण विद्युतीकरण और आधुनिक सिग्नलिंग से नेटवर्क मजबूत हुआ। इससे आठ मिलियन से अधिक आबादी वाले इन चार जिलों में आवागमन, व्यापार और औद्योगिक गतिविधियों को नई ऊर्जा मिली और 'किंग्स गैलप' ने भारतीय रेल नेटवर्क में अपनी रणनीतिक पहचान फिर से स्थापित की।

## फार्मर रजिस्ट्री में किसानों को बढ़ी परेशानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। प्रखंड के अमझरशरीफ, हसपुरा सहित विभिन्न पंचायतों में 6 जनवरी से कैम्प लगाकर किसानों को फार्मर रजिस्ट्री करने का काम राजस्व कर्मचारी द्वारा किया जा रहा है। लेकिन किसान अपने नाम के जमीन की रसीद कर्मचारी को फार्मर रजिस्ट्री का आनलाइन करने के लिए दे रहे हैं तो मोबाइल ऐप पर जमाबंदी अपलोड नहीं दिखा रहा है। जिससे किसानों के साथ परेशानी बढ़ी हुई है। ब्लॉक कैम्पस स्थित ई - किसान भवन परिसर में अमझरशरीफ पंचायत के किसानों का फार्मर रजिस्ट्री कार्य कर्मचारी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि अब तक महज चार किसान का फार्मर रजिस्ट्री काम पूरा हुआ है। किसान बताते हैं कि रसीद पर खाता, खेसरा व एराजी दर्ज है बावजूद फार्मर रजिस्ट्री का काम पूरा नहीं हो रहा है।

# रेड क्रॉस सोसायटी यूथ क्लब के सदस्यों को प्राथमिक उपचार का देगी प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। स्थानीय शहर के गांधी मैदान के समीप अवस्थित भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के सभाकक्ष में मंगलवार को रेड क्रॉस एवं भारत स्काउट एंड गाइड के सदस्यों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जहानाबाद रेड क्रॉस सोसायटी के चेयरमैन डॉ. सत्येंद्र कुमार की। इस बैठक उपस्थित स्काउट एंड गाइड के युवाओं को रेडक्रॉस सोसायटी की महत्ता से अवगत कराया गया। इस दौरान रेड क्रॉस सोसायटी के चेयरमैन डॉ.सत्येंद्र कुमार ने अपने सम्बोधन में भारत स्काउट एंड गाइड के युवाओं को मानवता की सेवा के लिए संकल्पित होने का संदेश दिया।

इस दौरान उन्होंने बताया कि रेडक्रॉस सोसायटी पीड़ित मानवता के सेवार्थ कार्यरत संस्था है और आप सभी स्काउट एंड गाइड के युवा स्वयंसेवक सेवा की भावना से ओत-प्रोत रहते हैं। उन्होंने बताया कि हमारा उद्देश्य लोगों के प्रति सद्भाव, सेवा, सहायता और भ्रातृत्व की भावना का सुदृढ़ीकरण है। उन्होंने स्काउट एंड गाइड के युवाओं से इसी भावना के साथ कार्य करने की अपील भी किया। कार्यक्रम में उपस्थित सोसायटी के वाइस-चेयरमैन इबरार अहमद ने कहा कि आप सभी स्काउट एंड गाइड के बच्चे रेडक्रॉस सोसायटी,जहानाबाद के यूथ क्लब का सदस्य बनकर बहुत ही उत्तम कार्य किए हैं । उन्होंने कहा कि मानवता के पक्ष में खड़ा होना बहुत ही नेक कार्यों में शुमार होता है। इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसायटी के सचिव राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि रेडक्रॉस का बुनियादी सिद्धांत है- मानवता, निष्पक्षता, तटस्थता, स्वतन्त्रता, स्वयंसेवी भावना, एकता एवं विश्वास के साथ काम करना। मुझे पूरा विश्वास है कि आप सभी इसी भावना के साथ कार्य करेंगे और रेडक्रॉस सोसायट, जहानाबाद का मान बढ़ायेंगे।

**पूर्व रेलवे**

**ई–निविदा सूचना संख्याः ओ–एसी–टी–133–25–26 (खुली), दिनांक** 05.01.2026, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन–713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई–निविदाएँ (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **केस संख्या : ओ–एसी–टी–133–25–26, कार्य का नाम**: डीईएन/4/आसनसोल की शाखा में एसिस्टेड साइडिंग के लिए ट्रैक रखरखाव गतिविधियों और अन्य सहायक कार्यों के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु.85,21,970.31, **बयाना राशि :** रु. 1,70,400/–, **कार्य समाप्त करने की अवधि**: 06 माह। **बंद होने की तिथि और समय**: दिनांक 30.01.2026 को 12.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-296/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं.: एमसी–116–0–ओबीएचएस–एलडी–टीकेपीआर–25आर, दिनांक** 02.01.2026, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (कोचिंग एवं टी/सेट), पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम**: 3 वर्ष की अवधि के लिए पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल के टिकियापाड़ा डिपो में अनुरक्षित मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के लिनेन आइटमों की लोडिंग और अनलोडिंग सहित एसी कोचों में ऑन बोर्ड हाउसकीपिंग सेवाएं और लिनेन का वितरण। **निविदा मूल्य :** रु. 77,39,67,642.78, **बयाना राशि जमा की जाएगी :** रु. 40,19,800/–, **निविदा कागजात का मूल्य :** रु. 25,000/–, **अनुबंध की अवधि :** कार्य आरंभ होने की तिथि से 36 माह। **बोली की अंतिम तिथि और समय**: दिनांक 27.01.2026 को 14.00 बजे तक। **बोली पूर्व बैठक की तिथि और समय**: दिनांक 08.01.2026 को 16.00 बजे । **बोली पूर्व बैठक का स्थान** : मंडल रेल प्रबंधक का कार्यालय, पूर्व रेलवे, हावड़ा में वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (कोचिंग एवं ट्रेन/सेट) का कार्यालय। **निविदा ऑनलाइन जमा करने के लिए वेबसाइट का विवरण** : **www.ireps.gov.in**

HWH-511/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : 222–एस/1/डब्ल्यू–II, दिनांक** 02.01.2026, मंडल रेल प्रबंधक/पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता–700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निम्नलिखित ई–निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैः **क्रम सं. 1, निविदा सं.: टीएन–162–25–26, कार्य का नाम**: (i) सहायक अभियंता/ बारुईपुर/ सियालदह के क्षेत्राधिकार में अन्य सभी सहायक कार्यों सहित सोनारपुर कॉलोनी सड़क और निकटवर्ती नाले की विस्तृत मरम्मत। (ii) वरिष्ठ मंडल अभियंता/II/ सियालदह के अधीन विभिन्न पी.वे यूनिटों में ट्रैक अनुरक्षण के लिए टूल बॉक्स के साथ गैंग हट सह रेस्ट रूम (02 अदद) की व्यवस्था। **निविदा मूल्य :** रु. 77,98,096.81, **बयाना राशि :** रु.1,56,000/–**कार्य की समापन अवधि**: 09 (नौ) माह। **क्रम सं. 2, निविदा सं.: टीएन–167–25–26, कार्य का नाम**: बारुईपुर में–एईएन, एईई/जी, एईई/टीआरडी और एएसटीई की आवास व्यवस्था के लिए दो मंजिला भवन के प्रावधान के साथ अन्य सभी सहायक कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 1,49,65,878.79, **बयाना राशि :** रु.2,24,800/–, **कार्य की समापन अवधि**: 09 (नौ) माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समय**: दिनांक 28.01.2026 को 15.00 बजे (क्रम सं. 1 एवं 2 प्रत्येक हेतु)। **निविदा के खुलने की तिथि और समय**: दिनांक 28.01.2026 को 15.00 बजे (क्रम सं. 1 एवं 2 प्रत्येक हेतु)। निविदा कागजात एवं विवरण वेबसाइटः **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई–निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव को तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। भारतीय रेलवे मानक अनुबंध 2022 की सामान्य शर्तों के अनुसार, ई–निविदा प्रपत्र की लागत शून्य है।

SDAH-339/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई–निविदा सूचना सं.: एनआईटी/02/26/2, दिनांकः** 05.01.2026, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, पूर्व रेलवे, दूसरी मंजिल, फेयरली प्लेस, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता–700001 के द्वारा निम्नलिखित सामानों की आपूर्ति हेतु ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं:

● **(क) क्रम सं.; निविदा सं.; विवरण; बयाना राशि** निम्नानुसार हैं: **(1) 10251129;** बगैर कार्बन ब्रश के संपूर्ण ब्रश होल्डर असेंबली का क्रय आदि; रु. 1,31,150/- **(2) 10252514;** आईओएच किट आदि; रु. 5,72,860/- **(3) 10251102;** आईओएच किट स्पेयर्स; रु. 2,45,990/-, **निविदा खुलने की तिथि और समयः 27.01.2026 को** 13.30 **बजे** (क्रम सं. 1 से 3 हेतु), **(4) 12255875;**आरडीएसओ ड्रॉइंग नं. टी–8533 से टी–8536 के अनुसार कॉम्बिनेशन फिश प्लेट; रु. 2,52,760/-, **निविदा खुलने की तिथि और समयः 22.01.2026 को** 13.30 **बजे (5) 11251775;** आरडीएसओ के स्पेसि. नं. 04–एबीआर–2019, रिव–02 ऑफ दिसंबर 2019 के अनुसार 09 आइटमों सं संलग्न फ्लेंज कपलिंग सेट का क्रय आदि; रु.1,22,230/-, **निविदा खुलने की तिथि और समयः 02.02.2026 को** 13.30 **बजे (6) 11251083;** स्लैक एडजस्टर आदि के साथ ब्रेक सिलिंडर; रु. 1,48,950/-, **निविदा खुलने की तिथि और समयः 09.02.2026 को** 13.30 **बजे (7) 14255187ए;** आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन नं. आरडीएसओ/एसपीएन/176/2013, संस्करण–3 के अनुसार सभी एक्सेसरीज के साथ संपूर्ण डिटेक्शन पॉइंट और ट्रैक सेक्शन के लिए मल्टी सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटर (एमएसडीएसी) की आपूर्ति, परिवहन का क्रय आदि; रु.1,08,970/-, **निविदा खुलने की तिथि और समयः 05.02.2026 को** 13.30 **बजे (8) 11251814ए;** फूट स्टेप अरेंजमेंट आदि का क्रय; रु. 1,45,970/-**निविदा खुलने की तिथि और समयः 27.01.2026 को** 13.30 **बजे (9) 10255047ए;** इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के लिए हाई रीच पैंटोग्राफ आदि; रु. 2,00,880/, **निविदा खुलने की तिथि और समयः 22.01.2026 को** 13.30 **बजे (10) 14251045ए;** आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन नं. आरडीएसओ/एसपीएन/टीसी/82/2020 रिव. 2.0 के अनुसार एलएएन एक्सटेंडर का क्रय। क्लॉज नं. 3.3.3:एसी के तहत पावर सप्लाई आवश्यकता; रु.1,01,250/-**निविदा खुलने की तिथि और समयः 23.01.2026 को** 13.30 **बजे (11) 14255146ए;** इलेक्ट्रिक पॉइंट मशीन आईआरएस टाइप 220 मिमी थ्रो आदि का क्रय; रु.1,57,400/-**निविदा खुलने की तिथि और समयः 09.02.2026 को** 13.30 **बजे (12) पीएससीस्लीपर8746;** चौड़े पीएससी स्लीपर्स–आरटी 8746 के क्रय के लिए रनिंग कॉन्ट्रैक्ट; रु. 50,00,000/, **निविदा खुलने की तिथि और समयः 16.01.2026 को** 13.30 **बजे (13) 22251625ए;** टैब/कैप रुक्सोलिटिनिब 20 एमजी (उत्पाद निर्माणकारी फर्म की रेलवे बोर्ड की अनुमोदित उत्पाद सूची में रहना चाहिए।) आइटम कोड नं.: एम251024 एआई 25–26; रु.0/-, **निविदा खुलने की तिथि और समयः 27.01.2026 को** 13.30 **बजे। निविदा मूल्य :** रु.0 (क्रम सं. 1 से 13 प्रत्येक हेतु)।

● **(ख) क्रम सं. (1) ; निविदा सं.: 52257634; संक्षिप्त विवरण**: एरोसोल फायर डिटेक्शन और सप्रेशन सिस्टम के सेट की आपूर्ति और स्थापना जो 100 ग्राम के 02 फायर सप्रेशन सिस्टम कार्ट्रिज से संलग्न है, जिसमें सेंसिंग और एक्चुएटिंग डिवाइस के साथ एक्शन टेम्परेचर 68–72 डिग्री सेंटीग्रेड है, जो आरडीएसओ दिशानिर्देश पत्र संख्या ईएल/7.1.108/एसबीसी/मेन दिनांक – 06.08.2025 के तहत है और इसे आरडीएसओ स्पेसि. संख्या आरडीएसओ/पीई/एसपी ईसी/एसी/0192–2018 (रिव–1) के अनुसार तकनीकी मापदंडों और स्वीकृत प्रस्तुतकारक के अनुरूप प्रदान किया जाना चाहिए। इसे एलएचबी एसी कोचों के एसबीसी में स्थापित किया जाएगा और स्थान आरडीएसओ पत्र संख्या ईएल/7.1.1ओएस/एमएसएसबीसी/मेन दिनांक–18.06.2025 के अनुसार होना चाहिए। इस आइटम के संस्थापन के लिए ज़रूरी सभी मॉडिफिकेशन, बैक पीस, इंस्टॉलेशन ब्रैकेट और एक्सेसरीज़ आपूर्ति के दायरे में होंगे। केवल आरडीएसओ/ आरसीएफ/ आईसीएफ/एमसीएफ अनुमोदित प्रस्तुतकारक ही लिए जाएँगे; **अनुमानित निविदा मूल्यः** रु.63,94,986.40 **और निविदा की अंतिम तिथिः 27.01.2026**

● **(ग) शुद्धिपत्र ;** निम्नलिखित निविदा के लिए शुद्धिपत्र जारी किया जाता है: **निविदा सं.पीएससीस्लीपर8746, निविदा का शीर्षकः** चौड़े पीएससी स्लीपर्स–आरटी 8746 के क्रय के लिए रनिंग कॉन्ट्रैक्ट; **अंतिम तिथि और समय–** मौजूदा तिथिः 08.01.2026 को 13.30 बजे। **संशोधित तिथिः 16.01.2026 को 13.30 बजे।**

**टिप्पणीः** उपर्युक्त सभी निविदाएँ ई–निविदाएँ हैं एवं सभी निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि आईआरईपीएस की वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** के माध्यम से अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। ऊपर उल्लिखित निविदाओं एवं अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में विस्तृत विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस की वेबसाइट देखें।

STORES-61/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

# किशोर कौशल ने पलामू डीआईजी का संभाला पदभार

## टीम भावना से बेहतर कानून-व्यवस्था पर रहेगा जोरः डीआईजी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पलामू।** भारतीय पुलिस सेवा 2012 बैच के अधिकारी किशोर कौशल आज पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी), पलामू क्षेत्र के रूप में पदभार ग्रहण किया। पदभार संभालने के उपरांत उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि पलामू क्षेत्र में पुलिस प्रशासन का कार्य टीम भावना के साथ संचालित हो, यही उनकी प्राथमिक अपेक्षा और निरंतर प्रयास रहेगा।

डीआईजी श्री किशोर ने कहा कि विधि-व्यवस्था का सुदृढ़ संधारण, आपराधिक घटनाओं की प्रभावी रोकथाम तथा किसी भी घटना के घटित होने पर उसका ससमय और निष्पक्ष उद्भेदन सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वर्तमान में चल रहे पुलिस अभियानों को सतत और परिणामोन्मुख बनाए रखा जाएगा।

उन्होंने कहा कि पुलिस के समक्ष जो भी चुनौतियां हैं, उन्हें गहराई से समझते हुए उनके निदान के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा, ताकि आमजन में सुरक्षा का भाव और पुलिस पर विश्वास और भी मजबूत हो सके।

पलामू पहुंचने पर डीआईजी श्री किशोर को कार्यालय परिसर में गार्ड ऑफ ऑनर किया गया। पलामू की उपायुक्त समीरा एस. एवं पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने डीआईजी से शिष्टाचार मुलाकात की और उन्हें गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। पदभार ग्रहण के दौरान पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

# बीडीसी की बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मनरेगा सभा भवन में पंचायत समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख डॉ. गोविंद कुमार ने की। बैठक में प्रखंड अंतर्गत संचालित सभी विभागों के कार्यों की क्रमवार समीक्षा की गई तथा जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक के दौरान पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा विकास कार्यों की प्रगति, जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, पंचायत स्तर पर आ रही समस्याओं एवं आम जनता से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। प्रखंड प्रमुख डॉ. गोविंद कुमार ने सभी विभागीय पदाधिकारियों से उनके विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, आपूर्ति, बाल विकास परियोजना, मनरेगा, राजस्व, पंचायत प्रशासन सहित अन्य विभागों के कार्यों पर चर्चा की गई। साथ ही योजनाओं में पारदर्शिता लाने,



कार्यों में तेजी लाने तथा पात्र लाभुकों तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी सहित अन्य विभागों के पदाधिकारियों ने अपने-अपने विभाग से संबंधित जानकारी पंचायत समिति के सदस्यों के समक्ष रखी और उठाए गए सवालों का जवाब दिया। पंचायत प्रतिनिधियों ने भी अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया बैठक के अंत में प्रखंड प्रमुख डॉ. गोविंद कुमार ने कहा कि पंचायत समिति की बैठक का उद्देश्य विकास कार्यों की समीक्षा के साथ-साथ जनता की समस्याओं का समाधान करना है। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा प्रखंड के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रहने का निर्देश दिया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी आलोक कुमार सिंह प्रखंड प्रमुख डॉ गोविंद कुमार अंचल अधिकारी बिणा भारती पीएससी प्रभारी अमित कुमार बाल विकास परियोजना पदाधिकारी निभा कुमारी प्रखंड प्रोग्राम पदाधिकारी बबलू कुमार बीपीआरओ नाजिश परवीन शिक्षा पदाधिकारी राम जन्म सिंह प्रखंड कृषि पदाधिकारी सतीश कुमार प्रखंड आपूर्ति प्रभारी पदाधिकारी राकेश कुमार कन्या अभिकांत आकाश वर्मा तकनीकी सहायक विकास कुमार दीप सागर मुखिया संघ अध्यक्ष रामचंद्र सिंह मुखिया नेटवर्क कुमार सुनैना देवी अनीता देवी संजीव कुमार पासवान पंचायत समिति सरोज कुमार शंभू बैठा बैजनाथ मुखिया बीना देवी अनीता देवी पंचायत समिति मोहन झा मुखिया सरिता देवी मुखिया विनोद पासवान शामिल रहे।

# बीडीओ एवं पंचायत सचिव पर लगा जुर्माना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** बिहार के दरभंगा जिले के गौड़ाबौराम प्रखंड में प्रशासनिक लापरवाही का मामला सामने आने के बाद बीडीओ और पंचायत सचिव पर पांच-पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में गंभीर चूक और नियमों की अनदेखी को लेकर यह कार्रवाई की गई, जिससे स्थानीय स्तर पर जवाबदेही और निगरानी व्यवस्था पर कई सवाल खड़े हो गए हैं।

सूचना का अधिकार अधिनियम की अवहेलना पर राज्य सूचना आयोग ने लोक सूचना अधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी मिहिर मयंक एवं आसी के पंचायत सचिव अशोक सहनीपर पांच-पांच हजार का अर्थदंड लगाया है। यह राशि उनके वेतन से काटकर सरकारी कोष में जमा कराई जाएगी। मामला राज कुमार झा द्वारा दायर अपील वाद संख्या ए 8293/22 से जुड़ा है।

राज्य सूचना आयोग के समक्ष सुनवाई के दौरान यह तथ्य उजागर हुआ कि लोक सूचना अधिकारी ने न तो मांगी गई सूचना उपलब्ध कराई और न ही आयोग के बार-बार निर्देश एवं चेतावनी के बावजूद सुनवाई में उपस्थित हुए। आयोग द्वारा पूर्व में स्पष्ट चेतावनी दी गई थी कि सूचना उपलब्ध कराते हुए प्रतिवेदन के साथ सुनवाई में उपस्थित हों, अन्यथा दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इसके बावजूद न तो कोई प्रतिवेदन दाखिल किया गया और न ही कोई जवाब दिया गया।वहीं वाद संख्या ए 8298/22 में आसी के पंचायत सचिव अशोक सहनी पर भी आरटीआइ के तहत लापरवाही का आरोप है। अपीलकर्ता द्वारा मांगी गई सूचना समय पर नहीं दी गई और पंचायत सचिव अशोक सहनी सुनवाई के दौरान आयोग के समक्ष अनुपस्थित रहे।

12 दिसंबर 2025 को हुई सुनवाई में अपीलकर्ता के साथ-साथ संबंधित लोक सूचना अधिकारी एवं पंचायत सचिव तीनों अनुपस्थित पाए गए, जिसे आयोग ने अत्यंत गंभीरता से लिया।

# फिरौती के लिए अपहृत युवक 24 घंटे में सकुशल बरामद

## पुलिस की त्वरित कार्रवाई से टली बड़ी वारदात

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पालीगंज (पटना)।** पालीगंज थाना क्षेत्र के पौपुरा कला गांव निवासी अजीत कुमार के पुत्र शांतनु अविनाश का 3 जनवरी की संध्या अज्ञात लोगों द्वारा फिरौती के लिए अपहरण कर लिया गया था। पालीगंज थानाध्यक्ष की तत्परता से पुलिस ने 24 घंटे के भीतर युवक को सकुशल बरामद कर लिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, शांतनु अविनाश 3 जनवरी की शाम पालीगंज स्थित पैराडाइज होटल में दोस्तों के साथ बेटी के जन्म की खुशी में पार्टी मनाने आया था। देर रात तक जब वह घर नहीं लौटा, तो अगले दिन उसके पिता अजीत कुमार ने पालीगंज थाने में लिखित आवेदन देकर मामले की जानकारी दी।

आवेदन में बताया गया कि शांतनु घर नहीं लौटा है और उसके मोबाइल नंबर से किसी अज्ञात व्यक्ति ने 50 लाख रुपये की फिरौती की मांग की है। इस पर पुलिस ने तत्काल प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी। मामले की जांच स्वयं थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने अपने नेतृत्व में शुरू की।

जांच के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि अपहरणकर्ता शांतनु अविनाश को स्कॉर्पियो वाहन से ले गए हैं। पुलिस की दबिश की भनक लगते ही अपहरणकर्ता युवक को दानापुर रेलवे स्टेशन के पास छोड़कर फरार हो गए।इसके बाद पुलिस ने शांतनु अविनाश को सुरक्षित बरामद कर पालीगंज थाना लाया और उसके परिजनों को सूचना दी। थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि अपहरण में इस्तेमाल की गई स्कॉर्पियो गाड़ी और अपहरणकर्ताओं की पहचान कर ली गई है। जल्द ही सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

## जनता दरबार में ऑन स्पॉट कई मामलों का हुआ निष्पादन

**बोकारो।** जनता की समस्याओं को सुनना और उनका समाधान करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। यह बातें मंगलवार को समाहरणालय में आयोजित सप्ताहिक जनता दरबार के दौरान उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहीं।

उन्होंने कहा कि जनता दरबार प्रशासन और आम नागरिकों के बीच संवाद का माध्यम है। इससे नहीं केवल लोगों की समस्याओं का प्रत्यक्ष समाधान होता है, बल्कि जनता का विश्वास भी प्रशासनिक व्यवस्था में मजबूत होता है।

आज आयोजित जनता दरबार में कुल 29 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें भूमि विवाद, पेंशन, पारिवारिक कलह, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा, आवास, राशन कार्ड और जनसुविधा से संबंधित विषय प्रमुख रहे। उपायुक्त ने सभी आवेदनों पर गंभीरता से सुनवाई की और कई मामलों का निष्पादन मौके पर ही कर दिया।

# बालू खनन पर बड़ी कार्रवाई, 6 ट्रैक्टर व एक लोडर जब्त

## 23 लाख 81 हजार 710 रुपये का लगा जुर्माना



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पालीगंज (पटना)।** पालीगंज थाना क्षेत्र के मसौढ़ा गांव के पास सोन नदी से हो रहे अवैध बालू खनन और ढुलाई के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान पुलिस ने 6 ट्रैक्टर और एक लोडर को जब्त किया है। खनन विभाग ने जब्त वाहनों पर कुल 23 लाख 81 हजार 710 रुपये का जुर्माना लगाया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवार देर रात पालीगंज थानाध्यक्ष सुमन कुमार को गुप्त सूचना मिली कि मसौढ़ा गांव के पास सोन नदी से अवैध रूप से बालू का खनन कर ट्रैक्टरों से बिक्री की जा रही है। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष स्वयं कार्रवाई के लिए निकले।

मौके पर पहुंचते ही उन्होंने देखा कि सोन नदी की ओर से एक ट्रैक्टर आ रहा है। पुलिस वाहन देखते ही ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। जांच करने पर ट्रैक्टर में बालू लदा पाया गया। इसी दौरान भाग रहे एक लोडर को पुलिस ने पीछा किया तो चालक ने सोन नदी के किनारे लोडर छोड़कर भाग निकला। इसके बाद थानाध्यक्ष ने वरीय अधिकारियों और खनन विभाग को सूचना दी। खनन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सभी जब्त वाहनों को पालीगंज थाना लाया गया। खनन विभाग ने नियमों के तहत सभी वाहनों पर कुल 23 लाख 81 हजार 710 रुपये का जुमार्ना लगाया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि अवैध बालू खनन के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# विदेशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजी नगर।** थाना क्षेत्र के परसा पंचायत अंतर्गत सरहिला पिपर पुलिया के पास खाखर चौर में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब बरामद की है। इस छापेमारी में कुल 16 कार्टून में रखी 148.77 लीटर विदेशी शराब जब्त की गई है मामले की जानकारी देते हुए शिवाजी नगर थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त स्थान पर अवैध शराब की खेप रखी गई है और उसकी तस्करी की जा रही है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम का गठन कर बताए गए स्थान पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान मौके से एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया गया, जबकि अन्य तस्कर पुलिस को देखकर फरार होने में सफल रहे थाना अध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर से पूछताछ की जा रही है तथा उसके नेटवर्क और अन्य संलिप्त लोगों की पहचान की जा रही है। बरामद शराब को जब्त कर थाना लाया गया है और आरोपी के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# एसपी के नेतृत्व में पलामू में कानून व्यवस्था है मजबूत : राकेश सिंह



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** मजदूर नेता सह लोक जनशक्ति पार्टी (रा) के पलामू जिला अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने पलामू पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन की कर्तव्यनिष्ठता पर पुष्पगुच्छ प्रदान कर आभार व्यक्त किया। उन्होंने पलामू पुलिस अधीक्षक के कार्यालय कक्ष में मुलाकात किया व स्वर्ण व्यवसायी से प्रिंस खान द्वारा मांगे गए रंगदारी व दी गई धमकी पर कानून संगत मुहिम चलाकर धमकीबाज शूटरों को गिरफ़्तार कर जेल के सलाखों के पीछे भेजने पर प्रसन्नता जताई। कहा कि यह कदम पलामू जिला पुलिस प्रशासन ने कर्तव्य का निर्वाहन कर प्रिंस खान को मुंहतोड़ जवाब दिया है। यह पलामू में कानून व्यवस्था की मजबूत होने का प्रमाण है। इससे पलामू जिलेवासी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। इसके लिए पलामू जिला लोक जनशक्ति पार्टी व पलामू की जनता की ओर से आभार व बधाई है। राकेश सिंह ने कहा कि प्रिंस खान जैसे अपराधियों को पलामू कभी स्वीकार नहीं करेगा। ना ही किसी प्रकार का सहयोग करेगा। कुछ छूटभैया अपराधी भले ही इस गतिविधि में सनलिप्त थे, जो पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन के नेतृत्व में की गई कार्रवाई से जेल के सलाखों के पीछे चले गए हैं। कहा कि पलामू की जनता, मजदूर, किसान व नौजवान पुलिस प्रशासन के साथ सदैव खड़ी है। इस तरह के अपराध को समाज में उत्पन्न नहीं होने देगी। मौके पर भरत द्विवेदी व विवेक सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

# दोस्तों सहित बेटे ने मारपीट कर नकदी और जेवरात लूटे

## आरोपित की गिरफ्तारी के लिए पुलिस कर रही छापेमारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमुई।** थाना क्षेत्र के सरैया गांव में रिश्तों को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। एक पुत्र ने अपने ही पिता के घर पर तीन साथियों के साथ धावा बोलते हुए न केवल मारपीट की, बल्कि बक्सा तोड़कर नकद रुपये व जेवरात भी लूट लिए।

जानकारी के अनुसार, पीड़ित अरुण यादव अपनी पत्नी के साथ गांव में अकेले रहते हैं, जबकि उनके तीनों पुत्र अलग-अलग रहकर जीवन यापन कर रहे हैं।

अरुण यादव ने बताया कि 01 जनवरी की रात करीब नौ बजे उनका बड़ा पुत्र अजय यादव तीन नकाबपोश अपराधियों के साथ शराब के नशे में लाठी-डंडे से लैस होकर घर में घुस गया। गाली-गलौज करते हुए जमीन बेचकर पैसा देने की धमकी दी। इनकार करने पर बेरहमी से मारपीट की। पीड़ित ने बताया कि पुत्र अजय ने स्वयं लाठी-डंडे और लात-घूसे से उन पर हमला किया, जिससे उनके हाथ और शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं।

इसके बाद आरोपितों ने कमरे में रखे बक्से का ताला तोड़कर 15 हजार रुपये नकद और चांदी के जेवरात लूट लिए।

पीड़ित ने यह भी कहा कि इससे पहले भी उनका पुत्र उन्हें मारपीट कर जमीन बेचने के लिए मजबूर कर चुका है और एक बार जमीन बेचकर उसे पैसे भी दे चुके हैं। बार-बार हो रहे इस उत्पीड़न से दंपती बेहद डरे हुए हैं और उन्हें जान का खतरा बना हुआ है।

इस मामले में थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि पीड़ित के आवेदन पर एफआइआर दर्ज कर आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# मालगाड़ी हुई बेपटरी




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** नई दिल्ली-हावड़ा ग्रैंड कार्ड रेल लाइन के पंडित दीनदयाल उपाध्याय-गया रेलखंड स्थित अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन पर मंगलवार शाम मालगाड़ी का इंजन पटरी से उतर गया। घटना स्टेशन के डाउन रेल लाइन के साइडिंग पर हुई, जिससे स्टेशन पर तैनात रेल अधिकारियों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया।

सूचना तुरंत वरीय अधिकारियों को दी गई। हालांकि, राहत की बात यह रही कि इस घटना का मुख्य रेल लाइन पर ट्रेन संचालन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा और ट्रेनों की आवाजाही सामान्य बनी रही। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, घटना के कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है। पीडब्लूआई की टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुटी हुई है। वहीं बेपटरी हुए इंजन को ट्रैक पर लाने के लिए गया से एआरटी (एक्सीडेंट रिलीफ ट्रेन) की टीम को बुलाया गया है। बताया गया कि मालगाड़ी जैसे ही साइडिंग से चली की यह घटना हुई।

बता दें कि इससे पहले 23 दिसंबर की रात इसी रेल खंड के फेसर रेलवे स्टेशन पर मालगाड़ी के डिब्बे बेपटरी हो गए थे। लगातार सामने आ रही ऐसी घटनाओं से रेल सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। हालांकि रेलवे प्रशासन का कहना है कि यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## कोहरे ने रोकी ट्रेनों की रफ्तार

**गयाजी।** गया जंक्शन और इसके आसपास घने कुहासे का असर रेल परिचालन पर साफ तौर पर दिखने लगा है। सोमवार को सुबह से ही कोहरे की चादर इतनी घनी रही कि रेलवे ट्रैक तक स्पष्ट नजर नहीं आया, जबकि सिग्नल बमुश्किल दिखाई दे रहे थे। ऐसी स्थिति में सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ट्रेनों की रफ्तार कम करनी पड़ी, जिससे गया जंक्शन से गुजरने वाली कई महत्वपूर्ण ट्रेनें अपने निर्धारित समय से दो से तीन घंटे तक विलंब से चलीं। रेलवे सूत्रों के अनुसार, दृश्यता कम होने पर लोको पायलटों को अत्यधिक सतर्कता बरतनी पड़ती है। सिग्नल और आगे के ट्रैक की स्थिति स्पष्ट न होने के कारण ट्रेन की गति नियंत्रित रखी जाती है। इसका सीधा असर ट्रेनों के समय पर पड़ता है। गया जंक्शन से गुजरने वाली लंबी दूरी की राजधानी एक्सप्रेस समेत दर्जनों मेल और एक्सप्रेस ट्रेनें घंटों लेट रहीं।कोहरे का असर प्रीमियम ट्रेनों पर भी पड़ा। नई दिल्ली-सियालदह राजधानी एक्सप्रेस एक घंटा 39 मिनट, जबकि नई दिल्ली-भुवनेश्वर राजधानी एक्सप्रेस दो घंटा छह मिनट की देरी से गुजरी।

# भूसे के ढेर से 279 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पालीगंज (पटना)।** मद्य निषेध विभाग ने गुप्त सूचना के आधार पर पालीगंज अनुमंडल के मसौढ़ा गांव में बड़ी कार्रवाई करते हुए 279 लीटर विदेशी शराब बरामद की है। शराब को परती जमीन पर रखे भूसे के ढेर में छुपाकर रखा गया था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पालीगंज मद्य निषेध अधीक्षक अभय कुमार मिश्रा के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया। इस टीम का नेतृत्व सहायक अवर निरीक्षक धनंजय कुमार कर रहे थे। टीम में मनीष कुमार सिंह, सुधीर कुमार, मनुरंजन कुमार, पंकज कुमार, राहुल कुमार, मद्य निषेध सिपाही, होमगार्ड, ग्रुप सेंटर पालीगंज तथा पालीगंज थाना पुलिस शामिल थी। छापामारी के दौरान भूसे के अंदर से रॉयल स्टैग, मैकडॉवेल्स और रॉयल चैलेंज जैसे ब्रांड की अंग्रेजी शराब बरामद की गई। जब्त शराब की कुल मात्रा 279 लीटर बताई गई है। कार्रवाई के समय शराब तस्करी में शामिल अभियुक्त मौके से फरार हो गया। मद्य निषेध विभाग द्वारा मामले की जांच जारी है। अभियुक्त की पहचान कर उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# कैरम टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले का बड़ी तादाद में लोगों ने लिया आनंद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर के नेपालीटोला स्थित समाजसेवी पिन्टू सिंह के आवास पर आयोजित कैरमबोर्ड टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला सोमवार को खेला गया। मैच का शुभारंभ सभापति प्रतिनिधि नागेंद्र साह, उप सभापति प्रतिनिधि सुजल सिंह, समाजसेवी पिन्टू सिंह, ब्रांड एंबेसडर सदाकांत शुक्ल, विजय गुप्ता समेत अन्य प्रबुद्धजनों ने फीता काटकर किया। प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों के साथ-साथ दर्शकों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। फाइनल मुकाबले में अनिरुद्ध कुमार व सुनील सोनी की टीम से तीन गेम खेले गए जिसमें 2-1 से सुनील सोनी की टीम विजयी हुई।

मैच के दौरान दोनों टीमों के बीच जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। हर एक चाल पर दर्शकों की नजर टिकी रही और अच्छे शॉट्स पर तालियों की गड़गड़ाहट से माहौल खेलमय बना रहा। दर्शकों की मौजूदगी और उत्साहवर्धन ने खिलाड़ियों का मनोबल और बढ़ा दिया। इस अवसर पर मौजूद समाजसेवी अजय उपाध्याय ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक विकास में भी अहम भूमिका निभाता है। वहीं समाजसेवी पिन्टू सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन से क्षेत्र में खेल के प्रति सकारात्मक माहौल बनता है। उन्होंने बताया कि 15 जनवरी के बाद रामनगर प्रखंड स्तर पर बड़े पैमाने पर कैरमबोर्ड टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रखंड भर के खिलाड़ी भाग लेंगे। यह आयोजन रामनगर में खेलों को नई दिशा देने की एक सराहनीय पहल के रूप में देखा जा रहा है। टूनामेंट के दौरान सभापति प्रतिनिधि राजन जायसवाल, भूवेन्द्र सिंह, दारा सिंह, गुड्डू राज, मुन्ना गोंड, प्रदीप सिंह, सन्नी जायसवाल, आनंद सिंह, विनय श्रीवास्तव, दीपक जायसवाल, शेखर सुमन, रंजन गुप्ता, विवेक सिंह, गजनी, बब्लू, सुमन कुमार समेत बड़ी संख्या में स्थानीय दर्शक मौजूद रहे।

## रेड क्रॉस द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित

**दनियावां(पटना)।** दनियावां-हिलसा मार्ग पर अवस्तिथ हिलसा, चिकसौरा रोड्स स्थित एक कमिटी हाल में रेड क्रॉस की ओर से गरीब एवं जरूरतमंद तीस लोगों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य पार्षद धनंजय कुमार ने उपस्थित होकर लोगों के बीच कंबल वितरित किए।

कार्यक्रम को सफल बनाने में मैनेजिंग कमेटी के अध्यक्ष राज किशोर प्रसाद, उपाध्यक्ष आलोक कुमार उर्फ शिवेन्द्र, कोषाध्यक्ष अभिजीत कुमार, प्रवक्ता संतोष कुमार, नरेश प्रसाद अकेला, अशोक विश्वकर्मा, श्वेता चौधरी,सुरेश प्रसाद, रजनीश कुमार, प्रमोद कुमार सहित अन्य सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।समिति सदस्यों ने बताया कि कड़ाके की ठंड को देखते हुए जरूरतमंदों को राहत पहुँचाने के उद्देश्य से यह वितरण किया गया है।ठंड में पीड़ित मानवता की सेवा एक पुण्यदायनी कार्य है।

# नगरपालिका चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय सभागार में आगामी नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 से संबंधित बैठक आयोजित की गयी।इस दौरान उपायुक्त ने चुनाव हेतु गठित सभी कोषांगों के प्रभारी को चुनाव के लिये स्टैंड बाय मोड में रहने की बात कही।

उन्होंने विशेषकर कार्मिक विभाग को सभी आवश्यक तैयारियों को अद्यतन रखने पर बल दिया। कितने मानव बल की आवश्यकता है इसका आकलन करने व इसके अनुरूप डेटाबेस तैयार रखने पर बल दिया गया।इसी तरह वाहन कोषांग के पदाधिकारी को चुनाव संपन्न के लिये वाहनों का आकलन करने,मतपेटिका एवं मतपत्र से जुड़े सभी कार्यों को दुरुस्त करने की बात कही गयी।इसी तरह निर्वाचन व्यय कोषांग,सामग्री कोषांग को भी सभी आवश्यक तैयारियों को प्रारंभ करने की बात कही।इसी तरह डीसी ने विभिन्न कोषांगों के पदाधिकारियों से चुनाव मोड में आने व अपने-अपने स्तर से सभी तैयारियों को आकलन करने की बात कही।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन,सदर एसडीओ सुलोचना मीणा,सहायक समाहर्ता हिमांशु कुमार, नगरपालिका उप निर्वाचन पदाधिकारी रतन सिंह समेत विभिन्न कोषांगों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## दो झोपड़ियों को किया गया जमींदोज

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)।** बिहार सरकार के जमीन पर बने झोपड़ीनुमा घर को बुलडोजर से हटाये जाने की सूचना है, मालूम हो कि आदापुर थाना क्षेत्र के बरैया टोला लतियाही खाता संख्या 5,खेसरा 1299, पर वर्षों से बना घर को बुलडोजर चला कर मुक्त किया गया।

इस पहल में आदापुर थाना प्रभारी पप्पु पासवान,सीओ अनामिका सिंह,के निगरानी में की गई, कारवाई में राम बाबू चौरसिया,रामजी ठाकुर है जिनका वाद संख्या 04/2022,23 है। इस मौके पर थाना क्षेत्र के सभी जवान मौजूद थे।

# शिक्षा और समाज कल्याण के क्षेत्र में मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** विगत 25 वर्षों से मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल द्वारा समाज के कल्याण हेतु निरंतर सेवा कार्य किए जा रहे हैं। शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए विद्यालय प्रबंधन हर वर्ष गरीब, असहाय एवं वृद्धजनों के बीच ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरण का कार्य करता आ रहा है। इसी क्रम में इस वर्ष भी फारबिसगंज अनुमंडल क्षेत्र में विगत 15 दिनों के दौरान कुल 800 कंबलों का वितरण किया गया, जिससे जरूरतमंदों को कड़ाके की ठंड में बड़ी राहत मिली।

सोमवार को मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल के निदेशक डॉ. संजय प्रधान के नेतृत्व में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ‘शिव ज्ञान से जीव सेवा’ के भाव को आत्मसात करते हुए समाज के गरीब, असहाय एवं वृद्धजनों के बीच 180 कंबलों का वितरण किया गया। कंबल पाकर लाभार्थियों के चेहरों पर खुशी और संतोष स्पष्ट रूप से देखने को मिला।

डॉ. संजय प्रधान ने कहा कि उनका जीवन समाज सेवा को समर्पित है और जरूरतमंदों की सहायता करना ही उनके लिए सच्ची सेवा है। आज के समय में जब स्वार्थ हावी है, ऐसे में निःस्वार्थ भाव से किया गया यह सेवा कार्य समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

कार्यक्रम में मोहिनी देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष रामस्वरूप रुंगटा एवं उपाध्यक्ष महावीर प्रसाद रुंगटा ने समाज में निरंतर सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया तथा ग्रामवासियों को शुभेच्छा एवं शुभकामनाएं दीं।

स्थानीय लोगों ने विद्यालय एवं ट्रस्ट की इस मानवीय पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यों से समाज में आपसी सहयोग और संवेदना की भावना मजबूत होती है। कंबल वितरण कार्यक्रम ने एक बार फिर यह सिद्ध किया कि सेवा और करुणा ही समाज को आगे बढ़ाने का सशक्त माध्यम है।

## संपादकीय

# इलाज के अभाव में बदतर न होने पाएं मानसिक रोग

इंडियन साइकियाट्रिक सोसाइटी द्वारा किया जाने वाला यह खुलासा कि देश में 80-85 प्रतिशत मनोरोगियों को वक्त पर इलाज नहीं मिल पा रहा, वाकई गहरी चिंता का विषय है. अपने 77वें वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन से पूर्व एक कार्यक्रम में सोसायटी ने यह तथ्य उजागर किया कि सामान्य मानसिक विकारों से पीड़ित 85 प्रतिशत से अधिक लोग या तो उपचार करवा नहीं रहे हैं या उन्हें उपचार मिल नहीं रहा है. मनोरोग में डिप्रेशन (अवसाद), एंग्जायटी (चिंता), सिजोफ्रेनिया, ईटिंग डिसऑर्डर (खाने के विकार) शामिल हैं, जिनके लक्षणों में लगातार उदासी, अत्यधिक चिंता, नींद में बदलाव, भूख में परिवर्तन, सामाजिक अलगाव या वास्तविकता से दूरी (साइकोसिस) शामिल हो सकते हैं.

हालांकि इनका इलाज थेरेपी (परामर्श) व दवाओं से संभव है लेकिन समस्या यह है कि अधिकांश मनोरोगी यह मानते ही नहीं हैं कि वे मनोरोग से ग्रस्त हैं. इसके अलावा मनोचिकित्सक के पास जाने को भी समाज में प्रायः अच्छी नजर से नहीं देखा जाता और इसे पागलपन से जोड़ लिया जाता है. फलस्वरूप कई लोग इस डर से भी इलाज करवाने से कतराते हैं कि कहीं समाज या परिवार में उन्हें अलग-थलग न कर दिया जाए या उनके साथ भेदभाव न होने लगे! कई लोगों को यह एहसास ही नहीं होता कि उनके या उनके परिजन में दिख रहे लक्षण मनोविकार का संकेत हैं, जिसके लिए मनोचिकित्सक के पास जाने की जरूरत है.

वे अक्सर इन लक्षणों को सामान्य तनाव या व्यक्तिगत कमी मान लेते हैं. मानसिक बीमारियों का इलाज शारीरिक बीमारियों की तरह आसान भी नहीं होता और इसके लिए लम्बे समय तक दवाइयां लेनी पड़ती हैं. चूंकि मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं अक्सर स्वास्थ्य बीमा योजनाओं में पूरी तरह कवर भी नहीं हो पातीं और इलाज भी कई बार महंगा होता है, इसलिए जो लोग उपचार का खर्च उठाने में असमर्थ होते हैं, वे कई बार इलाज अधूरा छोड़ देते हैं, जिससे बीमारी ठीक नहीं हो पाती. बुजुर्गों को अगर मानसिक बीमारी हो जाए तब तो स्थितियां खास तौर पर बेहद दयनीय हो जाती हैं. पुराने जमाने के संयुक्त परिवारों में बुजुर्गों का जीवन प्रायः आराम से कट जाता था लेकिन आज के एकल परिवार के दौर में बेटे-बहू अगर कामकाजी हों तो घर में बुजुर्गों की देखभाल के लिए भी कोई नहीं बचता. ऐसे में उन्हें अगर कोई मानसिक बीमारी हो जाए तब तो उनका जीवन जैसे नर्क ही बन जाता है. इसलिए इस दिशा में समाज और सरकार- दोनों को ध्यान देने की जरूरत है.

**हम नए साल में प्रवेश कर गए हैं। इस समय दुनिया में अनिश्चितता, शक्ति संतुलन में बदलाव और बढ़ती भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्द्धा की स्थिति बनी हुई है। साल के पहले दिन ही चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के ताइवान संबंधी बयान ने स्पष्ट कर दिया कि यह वर्ष काफी जटिल स्थितियां जनने जा रहा है। जिनपिंग का दो टूक लहजे में यह कहना कि ताइवान का चीन में विलय होकर रहेगा और ताइवानी राष्ट्रपति का अपनी संप्रभुता से किसी किस्म का समझौता करने से इनकार करना साल 2026 में टकराव की आशंकाओं की एक बानगी भर है। ऐसे माहौल में भारत की विदेश नीति पर सबकी निगाह रहने वाली है।**

# भारतीय विदेश नीति पर रहेगी नजर

**अपने उद्देश्य की स्पष्टता, रणनीतिक स्वायत्तता और राष्ट्रीय-वैश्विक हितों को साधने वाली साझेदारियों के प्रति हमारी नीति पूरी तरह साफ है। इस साल अमेरिका, रूस, यूरोपीय संघ, जापान, ऑस्ट्रेलिया, आसियान, अफ्रीकी संघ और खाड़ी के देशों से रिश्ते हमारी विदेश नीति के केंद्र में रहेंगे। भारत-अमेरिका की रणनीतिक साझेदारी, खासकर रक्षा और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में स्थिर रहने की उम्मीद है। अमेरिका के साथ व्यापार और टैरिफ पर जारी मतभेदों के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ मित्रता और ट्रंप के सबसे करीबी सलाहकारों में से एक सर्जियो गोर को भारत में अमेरिकी राजदूत नियुक्त किए जाने से दोनों देशों के संबंधों को नई गति मिलने की संभावना है। अमेरिका ने अपनी 'राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति 2025' में भारत के साथ वाणिज्यिक संबंधों और हिंद-प्रशांत रणनीतिक संबंधों को एक साथ विकसित करने के प्रति भी रुचि जताई है।**

(हर्षवर्धन श्रृंगला)

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इन दिनों रूस से बाहर कम यात्रा करते हैं। इसके बावजूद बीते दिसंबर में उनकी भारत यात्रा हुई। यह अपवाद था। उस यात्रा ने भारत के साथ रूस के संबंधों की अहमियत को एक बार फिर रेखांकित किया। यूरेशियाई आर्थिक संघ के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते के तहत रूस से व्यापारिक रिश्ते को विस्तार देने पर इस साल फोकस रहेगा।

चीन के साथ संबंधों में कुछ विवादों और सीमा-संघर्ष के कारण गतिरोध की स्थिति बनी हुई है। बढ़ते व्यापार घाटे के अलावा दक्षिण एशिया और हिंद महासागर क्षेत्र में उसके बढ़ते कदमों के कारण भी कई चुनौतियां पैदा हुई हैं, फिर भी उसके साथ रिश्ते सामान्य बनाने की दिशा में इस वर्ष नई कोशिशें हो सकती हैं। ब्रिटेन और ओमान के साथ तरजीही व्यापार समझौतों से भारतीय निर्यात, पूंजी निवेश और भारतीय युवाओं के लिए वैश्विक आवागमन के द्वार खुलने के संकेत हैं। इसी तरह, गणतंत्र दिवस पर यूरोपीय नेताओं की भारत यात्रा और यूरोपीय संघ के साथ लंबे समय से प्रतीक्षित आर्थिक समझौते को संपन्न कराने की दिशा में उठाए गए कदमों से यूरोपीय संघ के साथ हमारा जुड़ाव बढ़ेगा।

भारतीय विदेश नीति का एक महत्वपूर्ण कारक 'कनेक्टिविटी' रहा है। इससे आर्थिक एकीकरण और रणनीतिक साझेदारियों में घनिष्ठता आती है। इस साल हमारा ध्यान 'भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे' (आईएमईसी) पर केंद्रित होगा, जो एकीकृत परिवहन, ऊर्जा और डिजिटल नेटवर्क के जरिये इन देशों के साथ हमारे संबंधों को काफी मजबूत कर सकता है। इसके लागू होने से व्यापारिक कुशलता बढ़ेगी, आपूर्ति-श्रृंखला मजबूत हो सकेगी और भारत उभरती क्षेत्रीय मुहिम में अहम भूमिका निभा सकता है। पश्चिम एशिया से शुरू होने वाली 'लुक वेस्ट' नीति सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ओमान समेत खाड़ी के अन्य देशों व इजरायल के साथ भारत के संबंधों को और मजबूती देगी।




आसियान के साथ भारत का जुड़ाव उसकी 'एक्ट ईस्ट' नीति का मुख्य स्तंभ बना रहेगा, जो हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता, आर्थिक एकीकरण और समुद्री सुरक्षा के साझा हितों पर आधारित है। सहयोग के क्षेत्र में व्यापार व निवेश, आपूर्ति-श्रृंखला की मजबूती, डिजिटल कनेक्टिविटी और क्षमता-निर्माण भी शामिल हैं। 'भारत-अफ्रीका फोरम' के आयोजन से अफ्रीकी संघ के साथ भारत की साझेदारी को इस साल नई ऊर्जा मिलेगी। यह दशकों के विकास सहयोग और 'दक्षिण-दक्षिण एकता' पर आधारित है। क्षमता निर्माण, विकास, वित्त, स्वास्थ्य, शिक्षा, डिजिटल सार्वजनिक ढांचा और कनेक्टिविटी के मामले में सहयोग के अतिरिक्त शांति व सुरक्षा के साथ बढ़ता व्यापार-निवेश इस साझेदारी का अभिन्न अंग बना रहेगा।

भारत के निकट पड़ोस में घट रही घटनाओं को कम करके नहीं आंका जा सकता, इसलिए भारत 'पड़ोस पहले' की अपनी नीति को इस साल भी प्राथमिकता देना जारी रखेगा। हमें नहीं भूलना चाहिए कि भूटान में पनबिजली परियोजनाओं से लेकर नेपाल में सड़क व बुनियादी ढांचा निर्माण की पहल के साथ-साथ श्रीलंका व मालदीव से समुद्री व रक्षा सहयोग ने एक क्षेत्रीय भागीदार के रूप में हमारी स्थिति को मजबूत बनाया है। भारत बांग्लादेश में हो रहे राजनीतिक और संस्थागत बदलाव से तालमेल बिठा रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के अंतिम संस्कार में विदेश मंत्री एस जयशंकर का शरीक होना इसका ठोस प्रमाण है। भारत नेपाल के साथ अपने आर्थिक संबंधों को और गहरा कर रहा है, तो भूटान के प्रमुख रणनीतिक भागीदार के रूप में अपनी भूमिका को मजबूती दे रहा है। हिंद महासागर क्षेत्र में आगे बढ़कर कार्रवाई करने के प्रयासों ने भारत की स्थिति एक भरोसेमंद भागीदार के रूप में मजबूत बनाई है।

जाहिर है, वसुधैव कुटुंबकम के सिद्धांत के तहत दुनिया के गरीब देशों में कल्याणकारी कार्यों में योगदान भारतीय विदेश नीति का अहम पहलू है। भारत 'ग्लोबल साउथ' की एक प्रमुख आवाज के रूप में उभरा है। भारत इस क्षेत्र की विकास प्राथमिकताओं, न्यायसंगत विकास और वैश्विक संस्थानों में विकासशील देशों को अधिक प्रतिनिधित्व देने की वकालत करता है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस और यूक्रेन के नेताओं के साथ सीधे संपर्क में हैं। उन्होंने जी-20 और संयुक्त राष्ट्र जैसे बड़े वैश्विक मंचों पर भी इस संघर्ष को समाप्त कराने में संवाद का समर्थन किया है। इस तरह से वह कूटनीतिक तौर पर सभी पक्षों से जुड़े हैं। ये तमाम कवायदें भारत के इस विश्वास को पुष्ट करती हैं कि संवाद और कूटनीति के माध्यम से ही शांति संभव है। साल 2026 में हमारा कदम सतर्क, संतुलित और आशावादी रहेगा। इस तरह, बहुध्रुवीय दुनिया में हमारी

# पाकिस्तान पर पहली बार टूट पड़े इजरायली लोग

(अभिनय आकाश)

इजराइल के लोगों ने अपनी सरकार से कहा है कि हमें पाकिस्तानियों पर भरोसा नहीं करना चाहिए। आप जानते हैं कि डॉनल्ड ट्रंप के गाज़ा पीस प्लान के तहत गाज़ा में एक इंटरनेशनल स्टेबिलाइजेशन फोर्स की तैनाती होनी है।

इजराइल में अचानक एक ऐसा बवाल शुरू हुआ है जो यहूदियों के लिए तबाही का कारण बन सकता है। इजराइल के कई रिटायर्ड सैन्य अधिकारियों, पत्रकारों और हजारों लोगों ने अपनी ही सरकार से एक बहुत बड़ी मांग की है। इन सभी ने एक ही स्वर में कहा है कि हमें पाकिस्तान को रोकना होगा। पाकिस्तानियों को हमारी जमीन पर कदम रखने से रोकना होगा। हजारों इजराइलियों का मानना है कि डॉनल्ड ट्रंप ने अपने फायदे के चक्कर में पाकिस्तान जैसा वायरस इजराइल पर छोड़ दिया है। दरअसल इजराइल के लोगों ने कहा है कि गाज़ा में पाकिस्तानी सैनिकों की एंट्री नहीं होनी चाहिए। इजराइली एक्सपर्ट्स के मुताबिक यह ऐसी चूक होगी जिसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

इजराइल के लोगों ने अपनी सरकार से कहा है कि हमें पाकिस्तानियों पर भरोसा नहीं करना चाहिए। आप जानते हैं कि डॉनल्ड ट्रंप के गाज़ा पीस प्लान के तहत गाज़ा में एक इंटरनेशनल स्टेबिलाइजेशन फोर्स की तैनाती होनी है। इस फोर्स में कई देशों के सैनिक शामिल होंगे। इस इंटरनेशनल फोर्स का काम गाज़ा में हमास को रोकना और शांति समझौते के तहत गाज़ा में शांति और पुनर्निर्माण के कार्यों की रक्षा करना होगा। इसी फोर्स में इंडोनेशिया और पाकिस्तानी सैनिक भी शामिल होने हैं। हालांकि शामिल तो तुर्की के सैनिक भी होने थे लेकिन इजराइल ने पहले ही साफ मना कर दिया कि हमें इंटरनेशनल स्टेबलाइजेशन फोर्स में तुर्की के सैनिक नहीं चाहिए क्योंकि हमें उन पर भरोसा नहीं है।

मगर इजराइल के पूर्व सैन्य अधिकारियों के मुताबिक पाकिस्तानी सैनिकों को भी गाज़ा बुलाना घातक साबित हो सकता है। इन लोगों ने कहा है कि जिस तरह से तुर्की को ब्लॉक किया गया है। उसी तरह से पाकिस्तान को भी ब्लॉक करना होगा। इजरायली एक्सपर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तानी सैनिक कभी भी ईमानदारी और वफादारी से हमास को नहीं रोकेंगे बल्कि हमास को मजबूत करने का काम करेंगे। इजरायली एक्सपर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तानी सैनिक गाज़ा में बैठकर हमास की जगह इजराइल के सैनिकों पर ही हमला करेंगे। इजरायली सैनिकों की मूवमेंट के बारे में पहले से ही हमास के आतंकियों को जानकारी दे देंगे। इजराइली लोगों का मानना है कि पाकिस्तानी सैनिक गाज़ा में पहुंच गए तो एक बड़ा खतरा इजराइल के दरवाजे पर आकर बैठ जाएगा। क्योंकि पाकिस्तान इकलौता मुस्लिम देश है जिसके पास न्यूक्लियर हथियार हैं। इजराइल को एक जायज डर सता रहा है कि पाकिस्तान अपने न्यूक्लियर हथियार हमारे दुश्मनों को दे सकता है।



# समस्याओं के समाधान में हमें निराश नहीं करेगा यह वर्ष

**एक पुरानी कहावत है- उम्मीद पर दुनिया कायम है। उम्मीद अनंत संभावनाओं से भरा एक सकारात्मक भाव है। मगर इन उम्मीदों को साकार करने के लिए ईमानदारी, कठोर इच्छाशक्ति, वास्तविकता की समझ, व्यावहारिक रणनीति और क्रियाशीलता आवश्यक हैं। पिछले कुछ वर्ष अकल्पनीय उपलब्धियों और अप्रत्याशित संकटों के साल रहे हैं। एआई यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता, अंतरिक्ष विज्ञान व चिकित्सा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां और विश्व की आर्थिक समृद्धि, शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति जैसी उपलब्धियां एक तरफ हैं, तो कोरोना संकट और युद्धों में बढ़ोतरी (जिनमें हजारों बेकसूर बच्चों, महिलाओं व नागरिकों की हत्याएं हुईं) पर्यावरण संकट, धार्मिक व राजनीतिक अतिवाद तथा आर्थिक गैर-बराबरी में वृद्धि जैसी गंभीर चुनौतियां दूसरी ओर हैं।**

(कैलाश सत्यार्थी)

मैं हमेशा से आशावादी रहा हूं, इसलिए यह मानने को तैयार नहीं कि आज दुनिया में जितने संसाधन मौजूद हैं; गंभीर से गंभीर समस्याओं की जितनी जानकारी और उनके समाधानों की समझ है; जितनी उन्नत टेक्नोलॉजी और सूचनाओं का भंडार है, वैश्विक विकास का स्पष्ट एजेंडा है और मनुष्य की स्वतंत्रता व न्याय के लिए जितने कानून-कायदे बने हुए हैं, वे सब मिलकर साल 2026 को पहले से बेहतर बनाने को नाकाफी हैं।

दुर्भाग्य से, आज हरेक स्तर पर नैतिक जिम्मेदारी की जबर्दस्त कमी है, इसीलिए एक-दूसरे की समस्याओं को जानने, उन्हें खुद की समस्या की तरह महसूस करने और शिद्दत के साथ उनका समाधान तलाशने के प्रयासों की जरूरत है। समस्याओं का रोना रोने के बजाय हमें समाधान की संस्कृति विकसित करनी होगी। यही करुणा है, इसीलिए अनेक विश्व नेताओं और नोबेल विजेताओं के साथ मैंने करुणा के वैश्वीकरण का आंदोलन शुरू किया है। साल-डेढ़ साल के भीतर ही इस आंदोलन को दुनिया भर में जितना समर्थन मिला है, उसने 2026 की मेरी उम्मीदों को कई गुना बढ़ा दिया है।

युवा पीढ़ी मेरी उम्मीद की सबसे बड़ी किरण है। गरीब से गरीब परिवार के बच्चे भी आज अच्छी पढ़ाई के लिए लालायित हैं। वे अपने लिए बड़े-बड़े सपने देखने लगे हैं। पहले के मुकाबले बाहरी दुनिया के बारे में उनकी




जानकारी के साथ-साथ आत्मविश्वास बढ़ा है। किशोरों और युवाओं का एक बड़ा समूह समाज और राजनीति की गहरी समझ रखता है। यह पीढ़ी विश्व की साझा धरोहर और ताकत है। तमाम सरकारों और समाज की जिम्मेदारी है कि वे इस शक्ति को सार्थक, सकारात्मक और समाजोपयोगी बनाने के ठोस प्रयास करें। बच्चों और युवाओं की शिक्षा, नवाचार और शोध के क्षेत्रों में गुणवत्ता व गतिशीलता के लिए सरकारों तथा विश्व समुदाय को पर्याप्त निवेश करना चाहिए।

मत-मजहब और विचारधारा के नाम पर फैलाए जा रहे झूठ, धर्मांधता, उन्माद, हिंसा, घृणा, अवैज्ञानिकता व अश्लीलता जैसे भटकाव से युवाओं को बचाना जरूरी है। सकारात्मक और रचनात्मक सोच रखने वाले नौजवानों को प्रोत्साहित करते हुए अलग-अलग क्षेत्र में नेतृत्व देने की जरूरत है। हमारे सामने आर्थिक विषमता व बेरोजगारी की गंभीर चुनौतियां हैं। मुझे उम्मीद है कि सरकारें, उद्योग जगत और समाज परस्पर भरोसे, सम्मान और भागीदारी के साथ इनका निराकरण करेंगे। भारत को ही लीजिए। 2026 में एक साल के लिए यह ब्रिक्स का अध्यक्ष रहेगा। यह बहुत अच्छा मौका है। यह समूह दुनिया को एक-ध्रुवीय या दो-ध्रुवीय बनने से रोकने में सक्षम हो सकता है। डॉलर के मुकाबले ब्रिक्स की नई मुद्रा दुनिया के आर्थिक परिदृश्य व पश्चिमी देशों के दबदबे वाली राजनीति को बदल सकती है। हम उम्मीद कर सकते हैं कि भारत हमेशा से चली आ रही गुट-निरपेक्षता को साहसपूर्ण ढंग से निभाता हुआ, नेतृत्वकारी भूमिका अदा कर सकता है। 'विकसित भारत 2047' का लक्ष्य पूरा करना प्रत्येक भारतीय का कर्तव्य होना चाहिए। उम्मीद है, राजनेता व कार्यकर्ता अपनी विचारधाराओं एवं चुनावी गुणा-गणित से ऊपर उठकर, मत-पंथों के नेता व गुरु अपने-अपने दायरे से निकलकर और समाज के हर वर्ग के लोग विकास की कतार में पीछे छोड़ दिए गए बच्चों, बहनों और भाइयों को साथ लाकर यह महान सपना पूरा करेंगे। (लेखक नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित है। (ये लेखक के अपने विचार हैं)

# जिला समन्वय समिति की बैठक में डीएम ने दिये विभागों को निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

## ठंड की तैयारियों पर हुई विशेष चर्चा




**कटिहार।** समाहरणालय सभागार में जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलास्तरीय विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहे तो वही विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा अंचलाधिकारी शामिल हुए।

बैठक के अंचलाधिकारियों को आपदा प्रबंधन कोष से किए गए अग्रिम भुगतान एवं अन्य व्यय के उपयोगिता प्रमाण-पत्र शीघ्र प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया तो वहीं जिला पदाधिकारी ने विभिन्न विभागीय योजनाओं हेतु भूमि की उपलब्धता तथा अग्रिम भुगतान की गई राशि के उपयोगिता पर विशेष जानकारी हुए सभी प्रखंडों में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, खेल मैदान,पानी की टंकी, पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केंद्र आदि हेतु आवंटित भूमि की स्थिति की सख्त समीक्षा की।उन्होंने अंचलाधिकारियों विकास कार्यों हेतु भूमि उपलब्ध कराने तथा शीघ्र अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने का निर्देश दिया। ताकि निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा सके।डीएम ने अतिक्रमित भूमि को शीघ्र अतिक्रमणमुक्त कराने पर जोर दिया। बैठक में ठंड को देखते हुए सभी पंचायतों में जगह-जगह अलाव की व्यवस्था करने के साथ दिव्यांगजन एवं जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण करने का भी निर्देश दिए।वहीं बैठक में डीएम ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि,सहकारिता, पर्यटन, कला-संस्कृति एवं युवा, खेल, परिवहन, मद्य निषेध, नगर निगम, श्रम संसाधन, पथ निर्माण विभाग, ग्रामीण पथ निर्माण, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण सहित अन्य विभागों की गतिविधियों एवं संचालित योजनाओं की भी समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कृषि एवं सहकारिता विभाग को विशेष निर्देश दिया। जबकि सभी विभागों को आपसी समन्वय बढ़ा कर जनकल्याणकारी योजनाओं को आम नागरिकों तक प्रभावी ढंग से पहुँचाने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता डा.बिनोद कुमार, उप विकास आयुक्त अमित कमार, नगर आयुक्त संतोष कुमार, सिविल सर्जन सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# किसानों का बनेगा डिजिटल आईडी, शिविर के पहले दिन मसौढ़ी की चार पंचायतों में लगा फार्मर रजिस्ट्री कैंप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

## प्रत्येक दिन चार पंचायतों में 9 तक लगेगा कैंप



**मसौढ़ी।** सरकार ने किसानों के हित में एक अहम कदम उठाया है. कृषि विभाग और राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग मिलकर अब हर किसान को एक अलग डिजिटल पहचान देने जा रहे हैं. इस डिजिटल पहचान को फार्मर रजिस्ट्री आईडी नाम दिया गया है। सरकार का मानना है कि इस व्यवस्था से किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर और सीधे मिल सकेगा।

ऐसे में मंगलवार से मसौढी प्रखंड के चार पंचायत में पहले दिन कैंप का आयोजन किया गया। जहां निशियावां में तकरीबन 120 किसानों का आईडी केवाईसी की गई है, क्या मौके पर किसान कोऑर्डिनेटर रविकांत प्रसाद, किसान सलाहकार लक्ष्मी कुमारी,मुखिया चंदन भारती आदि शामिल रहे, यह आगामी 9 जनवरी प्रत्येक दिन चार पंचायत मे किया जायेगा। इन चार दिनों में पंचायत स्तर पर कैंप लगाकर किसानों का रजिस्ट्रेशन और ई-केवाइसी कराई जाएगी। प्रखंड कृषि पदाधिकारी हर्षित पटेल ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री आईडी इसलिए जरूरी है ताकि किसानों की सही जानकारी एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हो सके. इससे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना जैसी योजनाओं का लाभ पाने में किसी तरह की परेशानी नहीं होगी. अब कई सरकारी योजनाओं में फार्मर रजिस्ट्री आईडी अनिवार्य कर दी गई है। इसलिए जिन किसानों की आईडी नहीं बनेगी, वे भविष्य में लाभ से वंचित हो सकते हैं. किसानों से अपील की है कि 9 जनवरी के बीच अपने पंचायत में लगने वाले कैंप में जरूर पहुंचें और समय रहते ई-केवाइसी व फार्मर रजिस्ट्रेशन पूरा कराएं. यदि तय समय में ई-केवाइसी नहीं कराई गई, तो किसान का नाम लाभार्थी सूची से हटाया जा सकता है।

# अथमलगोला में ट्रेन ठहराव के लिए विधायक ने लिखा पत्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**अथमलगोला।** भारतीय जनता पार्टी से बाढ़ (पटना) के नव निर्वाचित विधायक डाक्टर सियाराम सिंह ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर दानापुर मंडल के बाढ़ व अथमलगोला रेलवे स्टेशन पर जनहित में कई ट्रेनो के ठहराव की मांग की है।

विधायक ने अपने पत्र में पूर्व मध्य रेल के दानापुर मंडल अंतर्गत बाढ़ स्टेशन पर राज्यरानी, हिमगिरि, कोलकाता व जयनगर गरीब रथ तथा कुंभ एक्सप्रेस के ठहराव की मांग की है।वहीं अथमलगोला रेलवे स्टेशन पर जनहित में ट्रेन संख्या 18183/84 टाटानगर बक्सर व 13331/32 पटना धनबाद एक्सप्रेस के ठहराव की मांग की है।

इस आशय की जानकारी देते हुए बाढ भाजपा किसान मोर्चा के सदस्य आशुतोष कुमार अमीत ने कहा की -इन ट्रेनों के ठहराव से बाढ़ विधानसभा क्षेत्र के व्यापार, रोजगार, पर्यटन और आमजन के आवागमन को बड़ी सुविधा मिलेगी। साथ ही इससे सुगम साधन के क्षेत्र के समग्र विकास को भी गति प्राप्त होगी।उन्होंने कहा की इस संदर्भ में स्थानीय विधायक (बाढ़-पटना) डॉक्टर सियाराम सिंह से अनुशंसा पत्र के आलोक में रेल मंत्री से मिलकर इसे अनुमोदित करने की मांग की गई है,जिसपर विधायक ने जल्द रेलमंत्री से मिलने की बात कही है।

बहरहाल स्थानीय विधायक की मांग के बाद बाढ़ व अथमलगोला रेलवे स्टेशन पर ट्रेन ठहराव की वर्षो पूरानी मांग पुनः पुनर्जीवित हो गई है।

# अथमलगोला थाना पुलिस ने नालंदा में चिपकाया इश्तेहार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अथमलगोला।** बाढ़ अनुमंडल अंतर्गत अथमलगोला थाना पुलिस ने नालंदा के नूरसराय में जाकर पेट्रोल चोरी मामले में इश्तेहार चिपकाया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष राहुल कुमार नवनीत ने बताया कि अपर थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार के नेतृत्व में नालंदा के नूरसराय इलाके में गई टीम ने अथमलगोला थाना कांड संख्या 40/2024 के आरोपियों के आवास पर इश्तेहार चिपकाया है। साथ ही स्थानीय लोगों को जानकारी दी है कि उक्त व्यक्ति तत्काल न्यायालय या प्रशासन की शरण लें।

# बुलडोजर राज के खिलाफ भाकपा माले का अंचल कार्यालय में विरोध प्रदर्शन, आगामी विस सत्र में विरोध की चेतावनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मसौढ़ी।** अतिक्रमण हटाओ अभियान के नाम पर चल रहा बुलडोजर को भाकपा माले ने इसे आडे हाथ लिया है और लगातार विभिन्न अंचलों में ताबड़तोड़ इसका विरोध प्रदर्शन करना शुरू कर दिया है। ऐसे में मंगलवार को मसौढी एवं धनरूआ अंचल कार्यालय पर भारी संख्या में अखिल भारतीय खेत मजदूर सभा और भाकपा माले के बैनर तले सैकड़ों की संख्या में समर्थकों का जुटान हुआ।

जहां घंटों विरोध प्रदर्शन करते हुए आंदोलनकारी ने कहा कि सरकार जब जदयू और बीजेपी की जब से सरकार बनी है वह पगला गई है और गरीबों पर ही अपना शासन चला रही है। ठंड के मौसम में एक और जहां हर गरीब अपने झोपड़िया में किसी तरह से रहने को विवश हैं, उसे ठंड से निजात दिलाने के अलावा उनकी आशियाना ही छीन लेना चाहते हैं। इसके अलावा इसके अलावा ग्रामीण गरीबों के रोजगार गारंटी के कानून मनरेगा की पुनरबहाली समीक्षा सूत्री मांग की गई है।प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि 5 लाख किए जाएं और भूमिहीन होने को जमीन देकर प्राथमिकता दिया जाए। चेतावनी देते हुए कहा की अगर जल्द ही बुलडोजर राज को नहीं रोका गया तो आने वाले मार्च महीने में विधानसभा सत्र में पूरे बिहार के लोग विधानसभा में पहुंचकर इसका पुरजोर विरोध करेंगे। मौके पर खेग्रामस के जिलाध्यक्ष नागेश्वर पासवान, प्रखंड सचिव के खेग्रामस संजय पासवान, शशि यादव, किसान नेता सतनारायण शर्मा, धर्मशिला देवी प्रखंड सचिव राकेश कुमार समेरे त सैकड़ों लोग शामिल रहे।

# लायंस क्लब कटिहार की ओर से खाद्य सामग्री का वितरण




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** ठंड के मौसम मे आम लोगों के साथ रोगियों को भी काफी समस्या रहती है। खासकर कुष्ठ रोगी जिसे आज भी समाज सहर्ष स्वीकार नही कर पाते। लायंस क्लब कटिहार के अध्यक्ष लायन काजल महासेठ ने कहा कि क्लब ने ऐसे रोगियों के बेहतर खान पान का ध्यान रखते हुए फूड पैकेट का वितरण किया।

उन्होंने कहा कि लंगड़ा चर्च चर्च स्थित निर्मल हृदय मे कुष्ठ रोगियों के बीच लायंस हंगर सर्विस वीक के तहत यह वितरण किया गया। क्लब के पीआरओ लायन प्रिया गुप्ता ने बताया कि फाइड पैकेट मे चुड़ा, चावल, मुढ़ी, सत्तू, नमक आदि का वितरण 40 रोगियों के बीच किया गया। इस मौके पर क्लब के कोषाध्यक्ष लायन अंकिता सरकार के साथ पूर्व अध्यक्ष लायन पंकज पूर्वे, अनिल चमरिया, निरंजन साह, संतोष गुप्ता, नरेश साह, आलोक सिंहा आदि ने कहा कि आज कुष्ठ रोग छुआछूत नही है और इसका इलाज संभव है। उन्होंने कहा कि निर्मल हृदय के अस्पताल मे कई वर्षो से इसका इजाल किया जाता है और यहाँ दुर दूर से लोग कुष्ठ रोग का इलाज कराने आते है, कई ऐसे लोग भी है जिनका कोई सगा नही है वे यहीं रहकर इलाज कराते है। मौके पर सदस्यों मे देवराज शर्मा, अवधेश कुमार, मनोज गुप्ता के साथ पूर्व कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम मोदी एवं समाजसेवी अमित जायसवाल विक्की भी मौजूद रहे।

# सुबह के आठ बजे से दिन के दो बजे तक बिजली सेवा रहेगी बाधित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही/कटिहार।** नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड पावर हाउस मनसाही कजरा के जेई मनोज कुमार ने बताया कि सात जनवरी को सुबह के आठ बजे से दिन के दो बजे तक बिजली सेवा पूर्णतः बाधित रहेगी। क्योंकि विद्युत शक्ति उपकेंद्र 33/11 उपकेंद्र मनसाही कजरा में मेंटेनेंस का कार्य किया जाना हैं। इसको लेकर सुबह के आठ बजे से दिन के दो बजे तक विद्युत सेवा पूर्ण तरीके से बंद रखा जाएगा। विद्युत उपभोक्ता सुबह के आठ से पहले जरूरत के कार्य कर ले अन्यथा उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ेगा पुनः दिन के दो बजे के बाद बिजली सुचारू रूप से चालू कर दिया जाएगा।

# अवैध खनन पर बड़ी कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मनिहारी /कटिहार।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में अवैध खनन को लेकर लगातार मिल रही शिकायतों को जिला प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। जिला पदाधिकारी द्वारा सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अवैध खनन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश अधिकारियों को दिए गए थे।

मंगलवार को इन निदेर्शों का प्रभावी असर देखने को मिला। जिला पंचायत राज पदाधिकारी सह प्रभारी जिला खनन पदाधिकारी योगेन्द्र सिंह, खनन निरीक्षक केशव राज, प्रखंड विकास पदाधिकारी सनत कुमार तथा प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी सोनू गुप्ता ने संयुक्त रूप से छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान नारायणपुर पंचायत अंतर्गत सोवा एवं बंगरी क्षेत्र से अवैध रूप से खनन एवं ढुलाई में संलिप्त चार ट्रैक्टर -ट्रॉली को जब्त कर मनिहारी थाना लाया गया। प्रशासन द्वारा बताया गया कि जब्त वाहनों से संबंधित दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार जुमार्ना वसूली एवं अन्य कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आगे भी अवैध खनन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

# भक्त के भाव को केवल प्रभु ही समझ सकते है : गौरव कृष्ण गोस्वामी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कटिहार।** श्री श्याम मित्र मंडल कटिहार अपने संस्था के स्वर्ण जयंती महोत्सव के शुभ अवसर पर चतुर्थ दिवस पर भी श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ को सुनने एवं भक्ति प्रेम रस मे रम जाने को भाड़ी संख्या मे भक्तजनों की उपस्थिति रही।

श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चतुर्थ दिवस पर परम पूज्यनीय श्री गौरव कृष्ण गोस्वामी जी के श्रीमुख से प्रवाहित दिव्य वाणी का श्रवण पूरा शहर कर रहा है। भक्ति,ज्ञान और संस्कार से परिपूर्ण यह पावन क्षण मन को आत्मिक शांति प्रदान कर रहा है। भागवत का फल हमारे कर्म, भाव और श्रद्धा के अनुसार ही प्राप्त होता है। भागवत कथा मे कोई ऊंच नीच और गरीब अमीर का भेद नही होता है।भक्त के विश्वास को पूर्ण करते है प्रभु। भक्त के भाव को, अपने इष्ट के प्रति भक्त की आस्था को केवल प्रभु ही समझ सकते है इसीलिए जीव को अपना दुख संसार के सामने नहीं केवल प्रभु के सामने ही प्रकट करना चाहिये। प्रभु पालनहार है, वे शरण में आये भक्तों के सारे दुखों को हर लेते है। श्रीमद् भागवत सप्ताह कथा महोत्सव के चतुर्थ दिवस की कथा पर यह अध्यात्मिक उद्गार व्यक्त करते हुए परम श्रद्धेय आचार्य श्री गौरवकृष्ण गोस्वामी जी ने कहा किजीव को किसी की निन्दा स्तुति करने के बजाय भगवान की ही चर्चा करनी एवं सुननी चाहिये। प्रभु चरित्रों को श्रवण करने से भगवान का चिन्तन करने से कृपा निश्चित रूप से प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि विशाल पेड़ जिस प्रकार छोटी

सी कुल्हाड़ी से कट जाता है उसी प्रकार प्रभु के चरण कमल का स्मरण करने से जीव के सारे पाप कट जाते है। इसके लिये उसे प्रभु की शरण में आना होगा। प्रभु की हर इच्छा, प्रत्येक लीला को प्रसन्नता से स्वीकार करने वाला ही सच्चा भक्त होता है। भक्त को अपने आदर सत्कार या सम्मान की कामना नहीं होती। वह तो हर कार्य प्रभु की सेवा समझकर करता है और ऐसी भावना को ही प्रभु स्वीकार करते हैं वह तो केवल भाव के भूखें हैं क्योंकि परमात्मा न तो साकार है न निराकार है वो तो भक्त की इच्छा के अनुसार तदाकार हैं। जैसे भक्त चाहता है उसे उसी रूप में प्रभु प्राप्त होते हैं। कथा प्रसंग में विशेष महोत्सव के रूप में श्री कृष्ण जन्म नन्दोत्सव विशेष धूम-धाम से मनाया गया। प्रभु के प्रगट होने पर गोपियाँ बधाई का सामान लेकर आई और व्यासपीठ भागवत जी में चढ़ाया। चारों तरफ से यही आवाज गूंज रही थी।

# पांच परिवारों के घर जलकर राख

**■ लाखों की संपत्ति जलने का अनुमान**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**आजमनगर /कटिहार ।** प्रखंड क्षेत्र के शीतलमनी पंचायत के छमना गांव 9 नंबर वार्ड में अचानक आग लगने से तीन परिवार का तीन आवासीय तथा दो गैर आवासीय घर जलकर राख हो गया।

इस अग्निकांड में नगदी सहित लाखों की संपत्ति जलने का अनुमान लगाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार क्षमना गांव में बीती रात्रि अचानक आग लगने से गांव के मोहम्मद जहीरुल मोहम्मद रूहूल मोहम्मद दिलशाद का तीन आवासीय तथा दो गैर आवासीय घर जलकर राख हो गया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया। इस भीषण अग्निकांड में खाने-पीने के अनाज सहित बर्तन चौकी पलंग कपड़े नगदी 50000 रुपए सहित तीन भरी सोना 35 भरी चांदी जलकर राख हो गया। ग्रामीणों की मदद से अगर आग बुझाई नहीं जाती तो उक्त मोहल्ले के लगभग एक दर्जन से अधिक घर जलकर राख हो जाता। ग्रामीणों द्वारा घटना की सूचना अंचल अधिकारी आजमनगर को दी गई है। अंचल अधिकारी मोहम्मद रिजवान आलम ने बताया कि क्षेत्र के संबंध राजस्व कर्मचारी को धरातलीय जानकारी के लिए भेज दिया गया है।

# रेलवे ढ़ाला के पास युवक का शव बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी /कटिहार।** बरारी प्रखंड के काढ़ागोला रेलवे स्टेशन के पूर्वी पुराना रेल ढ़ाला के समीप एक 18 वर्षीय युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवगछिया भेज दिया।मृतक की पहचान पूर्वी बारीनगर पंचायत के केबिन टोला निवासी जर्नादन रजक के पुत्र अंकित कुमार रजक (18) के रूप में की गई है। परिजनों के अनुसार अंकित कुमार रजक बीते 5 जनवरी सोमवार की सुबह करीब 9 बजे घर से निकला था।


# निजी फाईनेंस कम्पनी के कर्मी सें छिनतई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी /कटिहार।** मनिहारी थाना क्षेत्र के करैहिया बहियार के समीप भारत फाईनेंस लिमिटेड कम्पनी के कर्मी ने पचहत्तर हजार रुपये छिनने की शिकायत की है। इस संदर्भ मे मामला दर्ज कर जांच में जूट गयी है। पुलिस को दिये अपने फर्द बयान में संगम मैनेजर संजीव कुमार ने कहा है कि जब वह अपने अन्य सहकर्मियों के साथ समूह की राशि कांटाकोश क्षेत्र से संग्रह कर वापस मनिहारी स्थित बैंक लौट रहा था कि करैहिया बहियार के समीप तीन चार की संख्या में आये बदमाशों ने हथियार का भय दिखाकर संग्रहकर लाये जा रहे पचहत्तर हजार से अधिक राशि छीन ली।

# गुरु की ज्योति से आलोकित हुआ उचला गुरुद्वारा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**हर्षोल्लास से मना प्रकाश पर्व**

**■ अखंड पाठ की पूणार्हुति पर कीर्तन-दीवान,गुरुवाणी से निहाल हुई संगत**

**■ शिरोपा सम्मान, अरदास व अटूट लंगर के साथ संपन्न हुआ तीन दिवसीय गुरुपर्व**

**बरारी /कटिहार।** प्रखंड क्षेत्र के श्रीगुरु सिंह सभा गुरुद्वारा उचला में खालसा पंथ के संस्थापक दशमेश पिता साहिब श्रीगुरु गोविंद सिंह जी महाराज का 359वां पावन प्रकाश उत्सव अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और गुरुमय वातावरण के बीच मनाया गया। इस अवसर पर तीन दिवसीय श्रीगुरु ग्रंथ साहिब जी के अखंड पाठ की पूणार्हुति संपन्न हुई।

पाठ समाप्ति के उपरांत गुरुद्वारा परिसर में भव्य पंडाल में गुरु ग्रंथ साहिब जी की पावन हजूरी में दीवान सजाया गया, जहां संगतें श्रद्धा भाव से मत्था टेका। उत्तर प्रदेश के कानपुर से पधारे रागी जत्था भाई सुबेग सिंह जी ने बसंत राग में गुरुवाणी का रसपूर्ण गायन कर वातावरण को पूर्णतः भक्तिमय बना दिया। 'तहीं प्रकाश हमारा भयोङ्ग' तथा 'मितर प्यारे नूं हाल मुरिदां दा कहना' जैसे पावन शबदों के माध्यम से उन्होंने गुरु की महान जीवनी, अद्भुत त्याग और अनुपम शहादत का संदेश दिया। गुरुवाणी के दिव्य शब्दों से संगतें भावविभोर हो उठीं। स्थानीय लक्ष्मीपुर के ज्ञानी मलकित सिंह ने भी मधुर कीर्तन प्रस्तुत कर गुरु महिमा का गुणगान किया।प्रकाश उत्सव के अवसर पर पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री निखिल कुमार चौधरी, कांग्रेस नेत्री संयोगिता सिंह सहित अनेक गणमान्य अतिथियों ने गुरुद्वारा पहुंचकर शीश नवाया और गुरु का आशीर्वाद प्राप्त किया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार गुरुदयाल सिंह द्वारा गुरु मयार्दा अनुसार अतिथियों को शिरोपा भेंट कर सम्मानित किया गया। तीन दिवसीय गुरुपर्व में डॉ. प्रो. हरपाल कौर, प्रधान रंजीत सिंह, अमरजीत सिंह, धनेश्वर सिंह, दर्पण सिंह, जसवीर सिंह, निर्मल अद्वैत आश्रम के दिनेश प्रसाद मेहता, पूर्व उपप्रमुख अमरेंद्र सिंह संजू, उपप्रमुख रैनी कौर, पूर्व प्रमुख नीलम कौर,भाजपा नेता रविन्द्र यादव, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश कुमार चौधरी,पूर्व सरपंच सुशील कर्ण,अद्वैत सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर गुरु की खुशियां प्राप्त कीं। गुरुद्वारा के हेडग्रंथी भाई तजिंदरपाल सिंह ने श्रीगुरु ग्रंथ साहिब जी के समक्ष समस्त मानवता और विश्व कल्याण के लिए अरदास की। इसके पश्चात गुरु का पावन कढ़ाह प्रसाद वितरित किया गया तथा गुरु का अटूट लंगर बरताया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान गुरुदयाल सिंह, गुरेन्द्रपाल सिंह, सिमरनजीत सिंह, मान सिंह, सरपंच अर्जुन सिंह, लखवीर सिंह, हुकुम सिंह, जसपाल सिंह, भगत सिंह सहित समस्त संगतों का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन सरदार अर्जन सिंह ने किया। गुरुभक्ति और श्रद्धा के साथ यह पावन गुरुपर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

# रेडक्रॉस कटिहार की ओर से कंबल वितरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कटिहार।** बढ़ती ठंड मे लोगों का जीना मुहाल हो जाता है। कई सामाजिक संस्था के साथ सरकार भी ठंड से राहत दिलाने मे लगी है लेकिन फिर भी सैकड़ो लोग ऐसे है जिन तक ये सहायता गई पहुंच पाती है। कंबल वितरण की अगली कड़ी मे रेडक्रॉस सोसाइटी कटिहार की ओर से कंबल वितरण करते हुए चेयरमैन डॉक्टर रंजना झा ने ये बाते कही।

उन्होंने कहा कि समाज मे सभी का ये कर्तव्य है कि वे पीड़ितों की सहायता करें। रेडक्रॉस सचिव संतोष गुप्ता ने कहा कि आज निर्मल हृदय, लंगड़ा बगान चर्च मे लगभग 40 कुष्ठ रोगियों के बीच कंबल वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि यहाँ दुर दूर से लोग कुष्ठ रोग का इलाज कराने आते है, कई ऐसे लोग भी है जिनका कोई सगा नही है वे यहीं रहकर इलाज कराते है। मौके पर प्रबंध समिति सदस्य अनिल चमरिया ने कहा कि इस ठंड मे कंबल वितरण की ये तीसरी कड़ी है और संस्था की कोशिश है कि आगे भी कंबल वितरण किया जा सके। प्रबंध समिति सदस्य पुरुषोत्तम मोदी, देवराज शर्मा, आलोक सिंहा, नरेश साह, अमित जायसवाल विक्की, मनोज गुप्ता के साथ कोषाध्यक्ष पंकज पूर्वे एवं डॉक्टर अविरल कश्यप और डॉक्टर अंकुर झा भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा हर वर्ष यहाँ कंबल वितरण के साथ अन्य जरूरी सेवा यथासंभव की जाती है। निर्मल हृदय अस्पताल के मागरेट जोशफ के साथ कई सिस्टर ब्रदर ने संस्था को साधुवाद दिया।

### 1497.05 रुपये तक लुढ़क गया

## रिलायंस इंडस्ट्रीज की सफाई और 5 प्रतिशत से अधिक गिर गया शेयर




**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की सबसे वैल्यूएबल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में आज भारी गिरावट आई। कंपनी का शेयर बीएसई पर 4 प्रतिशत से अधिक गिरावट के साथ 1497.05 रुपये तक लुढ़क गया। पिछले सत्र में यह 1,577.45 रुपये पर बंद हुआ था और आज 1,575.55 रुपये पर खुला। लेकिन बिकवाली का दबाव बना रहा और ट्रेडिंग वॉल्यूम में काफी बढ़ोतरी देखी गई। कंपनी का कहना है कि उसे जनवरी में रूस से कच्चे तेल की कोई डिलीवरी मिलने की उम्मीद नहीं है और पिछले तीन हफ्तों से उसे ऐसा कोई कार्गो नहीं मिला है। रिलायंस कभी रूस से सबसे ज्यादा तेल खरीदने वाली भारतीय कंपनी थी। कंपनी ने एक्स पर एक बयान जारी कर ब्लूमबर्ग की उस रिपोर्ट का खंडन किया है जिसमें दावा किया गया था कि रूस से तेल लेकर आ रहे तीन जहाज रिलायंस की जामनगर रिफाइनरी की ओर बढ़ रहे हैं। कंपनी का बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका के साथ व्यापार को लेकर चिंताएं फिर से बढ़ गई हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि अगर भारत रूस से तेल की खरीद कम नहीं करता है तो भारत पर टैरिफ बढ़ाया जा सकता है। रिलायंस का यह शेयर आज निफ्टी 50 इंडेक्स पर सबसे बड़े गिरावट के कारक के रूप में उभरा। इसने बेंचमार्क की कुल 91 अंकों की गिरावट में 72.5 अंकों का योगदान दिया। उसके बाद एचडीएफसी बैंक और ट्रेंट का नंबर रहा। रिलायंस के शेयर की कीमत में हाल ही में मिला-जुला रुझान देखा गया है। पिछले हफ्ते शेयर 0.54 प्रतिशत गिरा और पिछले दो हफ्तों में 2.44 प्रतिशत की गिरावट आई। मासिक आधार पर यह 0.55 प्रतिशत नीचे है। हालांकि तिमाही आधार पर रिलायंस ने 11.45 प्रतिशत का मजबूत लाभ दर्ज किया है जबकि पिछले एक साल में यह शेयर 25.8 प्रतिशत चढ़ा है। तकनीकी दृष्टिकोण से देखें तो शेयर मिड से लॉन्ग टर्म पीरियड के एक्सपोनेंशियल मूविंग एवरेज से ऊपर बना हुआ है। रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स 59.8 पर है, जिसे न्यूट्रल क्षेत्र माना जाता है ।स्थिति का संकेत देता है, जबकि 70 से ऊपर का स्तर ओवरबॉट का संकेत देता है।


### 13000 डॉलर प्रति टन के पार हुई कीमत

# लाल धातु से सोना, चांदी पर संकट!

### ● एमसीएक्स पर भी क्या भाव? ● क्यों बढ़ रही तांबे की कीमत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लाल धातु यानी कॉपर (तांबा) सोना-चांदी के लिए संकट खड़ा कर रही है। इसकी कीमत में लगातार तेजी आ रही है। सोमवार को इसकी कीमत 13,000 डॉलर प्रति टन के पार निकल गई। यह पहली बार हुआ है जब अमेरिका में धातु की शिपमेंट में फिर से तेजी आई है, जिससे बाजार में तेजी की भावना फिर से जाग उठी है। अब सवाल है कि क्या साल 2026 में यह लाल धातु रिटर्न के मामले में सोने और चांदी को पीछे छोड़ देगी? सोमवार को तांबे की कीमत रेकॉर्ड स्तर पर 13,000 डॉलर प्रति टन से ऊपर पहुंची। लंदन मेटल एक्सचेंज पर बेंचमार्क कॉपर में 4.7 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई। यह तेजी नवंबर के मध्य से कीमतों में लगभग 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी को जारी रखती है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार, यह उछाल आपूर्ति को लेकर बढ़ती चिंता को दर्शाता है। व्यापारी और निवेशक मजबूत अमेरिकी मांग और भविष्य में आयात शुल्क की आशंका पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

एमसीएक्स पर भी कॉपर में तेजी बनी हुई है। मंगलवार सुबह 11-30 बजे इसमें 14 रुपये से ज्यादा की तेजी आई। इस तेजी के साथ यह 1327.50 रुपये प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर रही थी। मंगलवार अभी तक इसमें एक फीसदी से ज्यादा की तेजी



आ गई है। सोमवार को तांबा 1313.30 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ था। टैरिफ का डर तांबे की कीमत में प्रीमियम को बढ़ा रहा है। वहीं चिली खदान में हड़ताल के कारण भी इसकी कीमत में तेजी आई है। सप्लाई में दिक्कतों के चलते भी इसका भाव उछल रहा है। वहीं दूसरी ओर तांबे की मांग में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। तांबे का इस्तेमाल बिजली के तारों, डेटा सेंटर और इलेक्ट्रिक-वाहन बैटरी में होता है। डिमांड ज्यादा और सप्लाई कम होने के चलते इसमें तेजी देखी जा रही है।

## वैश्विक सुस्ती के बीच तेजी से दौड़ रहा भारत का ग्रोथ इंजन, निवेश और विनिर्माण से बन रही भरोसेमंद छवि

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वैश्विक अर्थव्यवस्था जहां 2 से 2.5 प्रतिशत की सुस्त वृद्धि दर के दौर में फंसी हुई है, वहीं अर्न्स्ट एंड यंग (ईवाई) की ताजा रिपोर्ट भारत को उन गिनी-चुनी अर्थव्यवस्थाओं में रखती है, जहां तेज विकास केवल अनुमान नहीं बल्कि आंकड़ों से समर्थित वास्तविकता बन चुका है। ईवाई के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 6.8 से 7.2 प्रतिशत के दायरे में रही, जबकि 2025-26 के लिए इसी दायरे में रहने का अनुमान जताया गया है। रिपोर्ट इस वृद्धि को केवल गति का परिणाम नहीं बल्कि निवेश, विनिर्माण, घरेलू मांग और संरचनात्मक सुधारों के संयुक्त प्रभाव के रूप में देखती है। ईवाई के अनुसार वर्ष 2025 में अमेरिका की औसत वृद्धि दर लगभग 1.8 प्रतिशत रही, यूरो जोन में यह 1.2 प्रतिशत के आसपास दर्ज की गई। जबकि चीन की वृद्धि 4.5 से 4.8 प्रतिशत के दायरे में दर्ज की गई। इसके विपरीत भारत की



अर्थव्यवस्था वैश्विक औसत से लगभग तीन गुना तेज गति से आगे बढ़ती दिख रही है। रिपोर्ट कहती है कि यही अंतर भारत को पूंजी निवेश और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए आकर्षक बनाता है। भारत की जीडीपी में सेवाओं का योगदान जहां 54 प्रतिशत के आसपास बना हुआ है, वहीं उद्योग क्षेत्र की हिस्सेदारी बढ़कर 28 प्रतिशत तक पहुंच गई है, जो एक दशक पहले लगभग 25 प्रतिशत थी। रिपोर्ट इसे इस बात का संकेत मानती है कि भारत की वृद्धि अब अत्यधिक सेवा-आधारित न रहकर अधिक संतुलित हो रही है।

सकल स्थायी पूंजी निर्माण दर जीडीपी के अनुपात में 31 प्रतिशत के स्तर तक पहुंच चुकी है, जो वर्ष 2020 में घटकर 27 प्रतिशत तक आ गई थी। रिपोर्ट के अनुसार सार्वजनिक पूंजीगत व्यय में पिछले पांच वर्षों में लगभग 2.5 गुना वृद्धि हुई है, जिसका सीधा असर निजी निवेश के भरोसे पर पड़ा है।

## नमकीन के बाद अब पानी भी बेचेंगे अमिताभ बच्चन

### ● रिलायंस की कैंपा श्योर के बने ब्रांड एंबेसडर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन नमकीन के बाद अब पानी का भी विज्ञापन करते नजर आएंगे। मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड ने अपने पैक्ड पानी के ब्रांड कैंपा श्योर के लिए अमिताभ बच्चन के साथ एक डील है। कंपनी ने कैंपा श्योर के लिए अमिताभ बच्चन को अपना नया ब्रांड एंबेसडर बनाया है।

यह डील फिलहाल एक साल के लिए है। कंपनी को उम्मीद है कि अमिताभ बच्चन की लोकप्रियता का फायदा उठाकर वे कैंपा श्योर को सस्ते दाम पर लोगों तक पहुंचा पाएंगे। रिलायंस कंज्यूमर ने पानी के लिए भी वही तरीका अपनाया है जो उसने कोला ड्रिंक्स के लिए अपनाया था। कैंपा श्योर की कीमत बिस्लेरी, कोका-




कोला के किनले और पेप्सिको के एक्वाफिना जैसे ब्रांड्स से 20-30 प्रतिशत कम रखी गई है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के एफएमसीजी यानी फास्ट-मूविंग कंज्यूमर गुड्स वाले हिस्से आरसीपीएल का हाल के महीनों में तीसरी बड़ी एंडोर्समेंट डील है। इससे पहले अप्रैल में, कैंपा ने अभिनेता राम चरण को अपना चेहरा बनाया था। उनका कैंपेन आईपीएल टी20 सीजन के दौरान शुरू हुआ था। दो महीने पहले आरसीपीएल ने अभिनेता और रेसर अजीत कुमार की मोटरस्पोर्ट टीम के साथ एक बड़ी साझेदारी की थी। पैकेज्ड पानी उन कैटेगरी में से एक है, जिस पर सितंबर में गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स कम किया था। प्राकृतिक या कृत्रिम मिनरल वाटर पर टैक्स 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया था।

### खुलते ही पूरा भर गया आईपीओ

## पहले दिन 4 गुना हुआ सब्सक्राइब, जीएमपी में बंपर तेजी




**नई दिल्ली, एजेंसी।** जियोटेक्निकल इंजीनियरिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर सॉल्यूशंस देने वाली कंपनी गैबियन टेक्नोलॉजीज इंडिया का आईपीओ मंगलवार, 6 जनवरी को सब्सक्रिप्शन के लिए खुल गया है। यह इश्यू 8 जनवरी तक खुला रहेगा। आज मंगलवार को आईपीओ खुलते ही पूरी तरह सब्सक्राइब हो गया। सुबह 11 बजे तक ही इसे 4 गुना से ज्यादा सब्सक्राइब कर लिया गया था। कुल 29.16 करोड़ के इस आईपीओ को लेकर स्मॉल और रिटेल निवेशकों में अच्छी दिलचस्पी देखी जा रही है। कंपनी ने इसके लिए 76 से 81 प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया है और यह पूरा इश्यू फ्रेश इश्यू है, यानी इसमें कोई भी ऑफर फॉर सेल शामिल नहीं है। इस आईपीओ के जरिए कंपनी 36 लाख नए इक्विटी शेयर जारी कर रही है। इश्यू से जुटाई गई रकम का इस्तेमाल प्लांट और मशीनरी की खरीद, वर्किंग कैपिटल की जरूरतों और सामान्य कॉरपोरेट कामों के लिए किया जाएगा। कंपनी पहले ही एंकर निवेशकों से करीब 8.2 करोड़ जुटा चुकी है। इनमें एचडीएफसी बैंक, 360-वन ग्रु प, नियो एसेट मैनेजमेंट और टाइगर स्ट्रैटेजीज फंड जैसे नाम शामिल हैं। एंकर निवेशकों को ऊपरी प्राइस बैंड 81 पर करीब 10.22 लाख शेयर अलॉट किए गए हैं, जिससे इश्यू को लेकर भरोसा बढ़ा है। गैबियन टेक्नोलॉजीज आईपीओ में एक लॉट में 1,600 शेयर रखे गए हैं। रिटेल निवेशकों को कम से कम 2 लॉट यानी 3,200 शेयरों के लिए आवेदन करना होगा। इस हिसाब से ऊपरी प्राइस बैंड पर न्यूनतम निवेश करीब 2.59 लाख बैठता है ।सब्सक्रिप्शन आंकड़े सुबह 10 बजे के बाद सामने आएंगे, जिन पर निवेशकों की खास नजर रहेगी। आईपीओ का अलॉटमेंट 9 जनवरी को फाइनल होने की उम्मीद है।

# कच्चे तेल की कीमतों में बड़ी गिरावट के संकेत

### ● जून 2026 तक घटकर 50 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच सकती है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आने वाले महीने में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आने की उम्मीद है। भारतीय स्टेट बैंक की रिपोर्ट के अनुसार कच्चे तेल की कीमतें जून 2026 तक घटकर 50 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच सकती है।

एसबीआई ने इस बात पर जोर दिया कि बढ़ते भंडार और कमजोर वैश्विक रुझानों के बीच 2026 में कच्चे तेल की कीतमों के लिए समग्र दृष्टिकोण मौजूदा स्तरों से और कमजोर हो रहा है। इसमें कहा गया है कि अमेरिकी ऊर्जा सूचना प्रशासन ने अनुमान लगाया है कि 2026 की पहली तिमाही में ब्रेंट क्रूड तेल की कीमतें 55 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल तक गिर सकती हैं।

**भारतीय कच्चे तेल की कीमतों में आ सकती है नरमी:** वैश्विक और घरेलू कच्चे तेल की कीमतों के बीच मजबूत संबंध को देखते हुए, रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय कच्चे तेल की कीमतों में भी इसी तरह की नरमी आने की उम्मीद है, जिसका ब्रेंट क्रूड के साथ



0.98 का सहसंबंध है। इसके परिणामस्वरूप, ब्रेंट क्रूड की कीमतों में उतार-चढ़ाव से संकेत मिलता है कि आने वाले महीनों में भारतीय तेल भंडार में और नरमी आएगी। मूविंग एवरेज विश्लेषण के अनुसार, मौजूदा स्तर पर भारतीय क्रूड कीमतें 50-पीरियड और 200-पीरियड दोनों मूविंग एवरेज से नीचे ट्रेंड कर रही हैं। यह तकनीकी संकेत मौजूदा 62.20 डॉलर प्रति बैरल के स्तर से आगे कीमतों में कमजोरी की संभावना को दर्शाता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कच्चे तेल की कीमतों में संभावित गिरावट का भारत की महंगाई दर पर सकारात्मक असर पड़ सकता है। अनुमान है कि भारतीय क्रूड बास्केट की कीमत घटकर 53.31 डॉलर प्रति बैरल तक आ सकती है। इसके साथ ही, दैनिक आधार पर लागू होने वाली डायनामिक प्राइसिंग व्यवस्था के चलते यह गिरावट सीधे पेट्रोल-डीजल के खुदरा दामों में भी दिखाई दे सकती है।

रिपोर्ट का आकलन है कि वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में भारतीय क्रूड बास्केट में 14 प्रतिशत की गिरावट आने पर, यदि 48 प्रतिशत पास-थ्रू माना जाए, तो इसका असर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर पड़ेगा और सीपीआई बास्केट पर करीब 22 आधार अंकों का नकारात्मक दबाव बन सकता है। इस महंगाई में नरमी के चलते वित्त वर्ष 2027 में औसत खुदार महंगाई दर 3.4 प्रतिशत से नीचे आ सकती है। रिपोर्ट के अनुसार, यह स्थिति न केवल ईंधन कीमतों में राहत देगी, बल्कि समग्र महंगाई मोर्चे पर भी अर्थव्यवस्था को महत्वपूर्ण सहारा प्रदान करेगी।झ

## 11 प्रतिशत चढ़ गए क्यूपिड के शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कंडोम कंपनी क्यूपिड के शेयर में आज मंगलवार, 6 जनवरी को जबरदस्त तेजी देखी गई। भारतीय शेयर बाजार में जहां एक ओर कमजोरी का माहौल रहा, वहीं स्मॉल-कैप और मल्टीबैगर स्टॉक क्यूपिड ने निवेशकों को चौंका दिया। दो दिन की गिरावट के बाद क्यूपिड के शेयरों में जोरदार वापसी देखने को मिली और इंट्राडे कारोबार में यह करीब 11 फीसदी तक चढ़ गया। खास बात यह रही कि बीएसई और एनएसई दोनों पर खरीद ऑर्डर की संख्या बिकवाली के मुकाबले लगभग दोगुनी रही, जिससे साफ संकेत मिला कि स्टॉक में फिर से खरीदारी लौट आई है।

**बीएसई और एनएसई:** कारोबार के दौरान क्यूपिड का शेयर बीएसई पर 394 के दिन के उच्च स्तर तक पहुंच गया, जो इसके पिछले बंद भाव 390.10 से करीब 10.98 फीसदी ज्यादा है। दूसरी ओर, बाजार का माहौल बिल्कुल उलटा रहा। रिलायंस, एचडीएफसी बैंक और ट्रेंट जैसे बड़े शेयरों में भारी बिकवाली के चलते बीएसई सेंसेक्स इंट्राडे में करीब 480 अंक या 0.56 फीसदी टूटकर 85,000 के नीचे फिसल गया।

# बड़ी आबादी का लाभ उठाने के लिए 10 करोड़ नई नौकरियां जरूरी, नैसकॉम समेत तीन संगठनों ने शुरू की पहल

### भारत की कामकाजी आबादी हर साल 1.2 करोड़ बढ़ रही है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की विशाल आबादी का लाभ उठाने के लिए 10 करोड़ नौकरियां पैदा करने की जरूरत है। उद्योग जगत के वरिष्ठ नेताओं के एक समूह ने हंड्रेड मिलियन जॉब्स नामक राष्ट्रीय पहल की घोषणा की है। इसका उद्देश्य अगले दशक में देश में 10 करोड़ नौकरियां सृजित करना है। भारत तेज आर्थिक विकास के बावजूद अपर्याप्त रोजगार की समस्या से जूझ रहा है। पहल की घोषणा नैसकॉम के सह-संस्थापक हरीश मेहता, द इंडस एंटरप्रेन्योर्स (टीआईई) के संस्थापक ए जे पटेल और सेंटर



फॉर इनोवेशन इन पब्लिक पॉलिसी (सीआईपीपी) के संस्थापक के यतीश राजवत ने की। संस्थापकों ने कहा, भारत की कामकाजी आबादी हर साल 1.2 करोड़ बढ़ रही है।विनिर्माण जैसे पारंपरिक रोजगार स्रोतों के विस्तार में कठिनाई हो रही है। नए प्रवेशकों को समायोजित करने और विशाल आबादी का लाभ उठाने के लिए देश को सालाना 8-9 करोड़ नौकरी सृजन की जरूरत है। राजावत ने भारत की रोजगार समस्या को प्रणालीगत चुनौती बताया। कहा, यह मिशन सात स्तंभों वाले ढांचे पर आधारित है, जिसे विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार सृजन के लिए डिजाइन किया गया है। स्टार्टअप और लघु उद्यम सबसे बड़े नियोक्ता हैं।

### ऑटोमेशन और एआई व्यापार मॉडल को नया रूप दे रहे हैं

सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था होने के बावजूद भारत में रोजगार वृद्धि उत्पादन विस्तार की तुलना में धीमी रही है। ऑटोमेशन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) व्यापार मॉडल को नया रूप दे रहे हैं। ये सभी क्षेत्रों में शुरुआती स्तर के पदों को कम कर रहे हैं। इससे इस बात को लेकर चिंता बढ़ रही है कि आर्थिक विकास व रोजगार सृजन के बीच अंतर और भी गहरा हो सकता है। 2025 में प्रौद्योगिकी उद्योग ने एआई के कारण उत्पन्न व्यवधान और छंटनी का सामना किया। अगर भविष्यवाणियां सच होती हैं, तो अगला उद्योग जहां नौकरियों में कटौती देखने को मिल सकती है, वह बैंकिंग क्षेत्र हो सकता है। अनुमान के मुताबिक, एआई को तेजी से अपनाने और शाखाएं बंद करने से अगले पांच वर्षों में दो लाख से अधिक यूरोपीय बैंकिंग नौकरियां खत्म हो सकती हैं। मॉर्गन स्टेनली का अनुमान है कि यूरोपीय बैंक 2030 तक 10 फीसदी नौकरियां कम कर सकते हैं।

## चांदी फिर 2.50 लाख के पार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चांदी फिर से प्रति किलो ढाई लाख रुपये के पार हो गई है। मंगलवार सुबह मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर शुरुआती कारोबार में मार्च डिलिवरी वाली चांदी की कीमत 1.50 प्रतिशत से ज्यादा उछल गई। सुबह 10 बजे यह 4 हजार रुपये से ज्यादा की तेजी के साथ प्रति किलो 2,50,238 रुपये पर कारोबार कर रही थी। चांदी में सोमवार से लेकर मंगलवार सुबह 10 बजे तक 17 हजार रुपये से ज्यादा की तेजी आई है। मंगलवार को सोने में भी उछाल आया। एमसीएक्स पर सुबह 10 बजे फरवरी डिलीवरी वाले सोने की कीमत करीब 420 रुपये की तेजी के साथ 1,38,540 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। सोमवार को इसमें 2000 रुपये से ज्यादा की तेजी आई थी। एमसीएक्स पर चांदी की कीमत में सोमवार को 13,584 रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी हुई थी और यह दिन के उच्चतम स्तर 2,49,900 रुपये पर पहुंच गई। शुक्रवार को चांदी 2,35,873 रुपये पर बंद हुई थी।

**क्यों बढ़ी चांदी की कीमत?:** दुनिया भर में बढ़ती अशांति के कारण निवेशक सुरक्षित माने जाने वाली संपत्तियों की ओर बढ़ रहे हैं। पिछले हफ्ते वेनेजुएला में अमेरिकी सैन्य कार्रवाई के बाद वैश्विक भू-राजनीतिक माहौल में अनिश्चितता बढ़ गई। इसी वजह से कीमती धातुओं में तेज बढ़ोतरी देखी गई। अमेरिकी सेना ने वेनेजुएला में एक सैन्य अभियान चलाया और राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी प प्रतिशती को गिरफ्तार कर लिया है।



# यश के जन्मदिन पर आएगा टॉक्सिक का टीजर, पहले से अलग किरदार में नजर आएंगे अभिनेता

साउथ के सुपरस्टार यश के फैंस उनकी अपकमिंग फिल्म टॉक्सिक को लेकर उत्साहित हैं। फैंस इसकी हर अपडेट जानना चाहते हैं। हाल ही में मेकर्स ने फिल्म की स्टारकास्ट के लुक शेयर किए हैं, जिसे फैंस ने पसंद किया है। अब मेकर्स ने फिल्म के टीजर रिलीज का ऐलान किया है। मेकर्स ने जानकारी दी है कि टॉक्सिक- ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स का टीजर 8 जनवरी, 2026 को रिलीज होने वाला है।

## यश के जन्मदिन पर आएगा टॉक्सिक का टीजर

जिस दिन टॉक्सिक का टीजर रिलीज होगा उसी दिन अभिनेता यश का जन्मदिन है। फिल्म से जुड़े सूत्रों का कहना है यश का 40 साल का होना उनके फैंस के लिए एक बहुत बड़ा पल है। ऐसे में टीम को लगा कि टॉक्सिक को दुनिया के सामने पेश करने के लिए इससे बेहतर दिन नहीं हो सकता। रिलीज से पहले ही यह फिल्म चर्चा में है। इसकी वजह यह है कि इसमें यश को एक अलग किरदार में दिखाने का वादा किया गया है। इसमें वह अपने पिछले किरदारों से अलग नजर आएंगे।

## एक्शन और भावनात्मक गहराई से भरपूर होगी फिल्म

फिल्ममेकर गीतू मोहनदास के निर्देशन में बन रही यह फिल्म एक स्टाइलिश गैंगस्टर ड्रामा है। उम्मीद की जा रही है कि फिल्म में सिर्फ जबरदस्त एक्शन ही नहीं, बल्कि भावनात्मक गहराई भी दिखाई जाएगी।

## फिल्म की रिलीज डेट आई सामने

फिल्म की स्टार कास्ट का कुछ हिस्सा पहले ही सामने आ चुका है। मेकर्स ने बताया कि नयनतारा, कियारा आडवाणी, हुमा कुरैशी और तारा सुतारिया अहम किरदारों में होंगी। मेकर्स ने इनके लुक पहले ही रिवील कर दिए हैं। यह फिल्म 19 मार्च, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी



# 'लोका' की सफलता के बाद अब बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहीं कल्याणी प्रियदर्शन

अभिनेत्री कल्याणी प्रियदर्शन ने साल 2025 में सुपरहिट मलयालम फिल्म 'लोका चैप्टर 1- चंद्रा' में अपने अभिनय से काफी सुर्खियां बटोरीं। फिल्म को क्रिटिक्स और दर्शकों दोनों ने ही पसंद किया था। 'लोका' की सफलता के बाद अब ऐसा लगता है कि कल्याणी बॉलीवुड में भी अपना डेब्यू करने जा रही हैं। इसके लिए वो काफी उत्साहित हैं। जानिए क्या है पूरी सच्चाई और क्यों कल्याणी के बॉलीवुड डेब्यू की हो रही है चर्चा..

## इंस्टाग्राम स्टोरी से उठी चर्चाएं

ऐसी चर्चाएं उठ रही हैं कि कल्याणी प्रियदर्शन जल्द ही बॉलीवुड में अपना डेब्यू कर सकती हैं। चर्चाएं ये भी हैं कि कल्याणी रणवीर सिंह की आगामी फिल्म 'प्रलय' से बॉलीवुड में कदम रखने वाली हैं। हालांकि, अभी तक इसकी कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। लेकिन ये चर्चाएं तेज हुईं कल्याणी की एक इंस्टाग्राम स्टोरी के चलते। दरअसल, हाल ही में कल्याणी ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक तस्वीर साझा की और प्रलय के निर्देशक जय मेहता को टैग किया। ये तस्वीर जोस सारामागो द्वारा लिखित उपन्यास ब्लाइंडनेस की थी। इसे कल्याणी आजकल पढ़ रही हैं। कल्याणी ने इस गिफ्ट के लिए जय को धन्यवाद दिया। अपनी स्टोरी में जय को टैग करने के बाद से ही कल्याणी के बॉलीवुड डेब्यू की चर्चाएं तेज हो गई हैं।

## यह है ब्लाइंडनेस की कहानी

कल्याणी के नॉवेल ब्लाइंडनेस की तस्वीर शेयर करने से उनके प्रलय में नजर आने की चर्चाएं इसलिए भी उठ रही हैं, क्योंकि इस किताब में हानि, दिशाहीनता और कमजोरी की एक इमोशनल कहानी है। किताब में एक शहर श्वेत अंधापन की महामारी की चपेट में आ जाता है। जिसके शिकार एक खाली मानसिक अस्पताल में बंद कर दिए जाते हैं। जबकि इस भयावह घटना का एकमात्र चश्मदीद गवाह सात अजनबी लोगों को इस बंजर शहरी परिदृश्य में रास्ता दिखाता है।

## मुकेश छाबड़ा कर रहे 'प्रलय' पर काम

इन अटकलों के बीच मशहूर कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा ने एक पोस्ट में खुलासा किया कि वह प्रलय पर काम कर रहे हैं। उनके ट्वीट से कल्याणी के बॉलीवुड डेब्यू की अफवाहों की ओर इशारा मिला। उन्होंने ट्वीट किया, 'प्रलय शुरू करने का बेसब्री से इंतजार है। बहुत उत्साहित हूं।'

## 'प्रलय' की कहानी और कास्टिंग को लेकर नहीं है कोई जानकारी

हालांकि, प्रलय फिल्म की कहानी के बारे में अभी तक कोई ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। इस फिल्म की शूटिंग साल के दूसरे छमाही में शुरू होने की उम्मीद है। जबकि फिल्म 2027 में रिलीज होने की संभावना है। फिल्म में रणवीर सिंह के अलावा अभी किसी की कास्टिंग को लेकर भी कुछ भी कंफर्म नहीं है।



# बॉलीवुड पुरानी चीजों को नए तरीके से पेश कर रहा

**बॉलीवुड अभिनेत्री टिस्का चोपड़ा ने साल 2025 में निर्देशन की दुनिया में कदम रखा है। उन्होंने थ्रिलर फिल्म 'साली मोहब्बत' का निर्देशन किया है। यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज हुई थी और फिल्म को मिले-जुले रिएक्शन हासिल हुए थे। अब टिस्का का ऐसा मानना है कि बॉलीवुड में क्रिएटिव नजरिए से रिस्क लेने से मेकर्स काफी घबराते हैं और वो राइटिंग पर कम ध्यान देते हैं।**

## हम लेखकों को प्रोत्साहित नहीं करते

बातचीत के दौरान टिस्का चोपड़ा ने बॉलीवुड में होने वाले बदलावों को लेकर बात की। साथ ही उन्होंने इंडस्ट्री की उन कमियों का भी जिक्र किया, जिन्हें दूर किया जाना बहुत जरूरी है। एक्ट्रेस ने कहा कि समस्या यह है कि हम फलों को पानी दे रहे हैं, जड़ों को नहीं, यानी लेखन को। काम बेहद सतही हो गया है। मैं यह नहीं कह रही कि कॉमर्शियल या कॉमेडी फिल्में नहीं बन सकतीं, लेकिन इसकी शुरुआत राइटिंग से होती है। आपको अपने लेखकों को समय देना होगा और उन्हें आइडियाज पर सोचने की आजादी देनी होगी, तभी वो कुछ क्रिएटिव सोच पाएंगे। लेकिन हम लेखकों को प्रोत्साहित नहीं करते। हम बहुत डरे हुए हैं। कोई भी जोखिम नहीं लेना चाहता। हम वही पुरानी चीजें थोड़े-बहुत बदलाव के साथ करते रहते हैं। दर्शक अब इसे पसंद नहीं कर रहे हैं। जब आप दृढ़ विश्वास के साथ कुछ नया लाते हैं, तो लोग उसे स्वीकार कर लेते हैं।

## कई और दिग्गज भी क्रिएटिविटी को लेकर कर चुके हैं बात

टिस्का चोपड़ा से पहले भी कई दिग्गज बॉलीवुड में लेखकों को प्रोत्साहित करने और राइटिंग में कुछ क्रिएटिव करने की बात कह चुके हैं। धुरंधर की तारीफ करते हुए अधिकांश लोगों ने फिल्म की राइटिंग और उसके तकनीकी पक्ष की तारीफ की है। इनमें ऋतिक रोशन, सुधीर मिश्रा और राम गोपाल वर्मा जैसे दिग्गजों के नाम शामिल हैं।

# अक्षय खन्ना की तरह 6 साल घर बैठ जाना चाहिए



एक्ट्रेस नेहा धूपिया को सिंगल पापा और परफेक्ट फैमिली जैसे शोज में शानदार अभिनय करने के लिए हर तरफ से तारीफ मिल रही है। उन्होंने एक इंटरव्यू में खुलासा किया कि इंडस्ट्री में ऐसा नहीं है कि अच्छा काम करने पर खूब मौके मिलते हैं। उन्होंने बताया कि तीन-चार साल तक उनके पास काम नहीं था और वह घर बैठी थीं, जिससे उनको एंग्जाइटी होने लगी थी। वह रोती भी थीं। नेहा धूपिया ने बॉलीवुड हंगामा से बातचीत में बताया, जब मैं काम नहीं कर रही होती हूं तो मुझे बेचैनी होती है। इंडस्ट्री में 20 साल बिताने के बाद भी, जब काम नहीं होता तो मैं तकिए पर सिर रखकर रोती हूं। मैंने तीन दिन पहले भी ऐसा ही किया था। मैं इस बारे में कोई दुख भरी कहानी नहीं बनाना चाहती क्योंकि मुझे फिल्मों का काम बहुत पसंद है। मुझे लगता है कि यह मुझे कभी निराश नहीं करेगा।

नेहा ने आगे बताया कि इंडस्ट्री में एक्ट्रेस को हमेशा मोटी चमड़ी वाला बनने की सलाह दी जाती है, लेकिन प्रोजेक्ट खोना और लगातार आलोचना का सामना करना काफी मुश्किल हो सकता है। सबसे जरूरी बात तो ये है कि जब आप काम नहीं कर रहे होते हैं, तो आपके आस-पास वाला हर कोई काम कर रहा होता है। आप लाइफ को ऐसे जाते हुए देखते हैं। मुझमें और एक नए कलाकार में बस यही फर्क है कि मैं ऐसी चीजों से बाहर निकलना जानती हूं। मैं कई बार इस तरह की चीजों से गुजर चुकी हूं।

## नेहा धूपिया कभी बेरोजगार नहीं रहीं

एक्ट्रेस ने बताया कि जब उनको तीन-चार साल तक एक्टिंग का कोई काम नहीं मिलता तो वह थक जाती हैं लेकिन भगवान की कृपा से कभी बेरोजगार नहीं रहीं। कभी ऐसा नहीं हुआ कि वह खाली हो क्योंकि वह बहुत कुछ करती हैं। उससे वह थक जाती हैं लेकिन अंत में संतोष होता है कि कुछ किया है।

## अक्षय खन्ना से होती हैं मोटिवेट

उन्होंने आगे कहा कि काम से हमेशा और काम मिलता है। अक्षय खन्ना के करियर से उन्हें मोटिवेशन मिलता है। उन्होंने कहा, काम से और काम मिलना जरूरी है। अगर मेरे हालिया शोज से कुछ नहीं मिलता तो कोई फायदा नहीं। क्या काम से अच्छा काम मिलता है? कभी-कभी तो समझ ही नहीं आता... फिर अक्षय खन्ना का करियर देखती हूं तो सोचती हूं कि हमें भी 6 साल घर बैठ जाना चाहिए। यही उम्मीद है कि काम से और काम मिलता रहेगा।



# 15 साल बाद माही विज और जय भानुशाली ने अलग होने का किया एलान

टेलीविजन इंडस्ट्री की सबसे चहेती जोड़ियों में गिने जाने वाले माही विज और जय भानुशाली ने अपने रिश्ते को लेकर ऐसा फैसला लिया है, जिसने फैंस को हैरानी में डाल दिया है। करीब 15 साल की शादी और लंबे साथ के बाद इस स्टार कपल ने अलग होने की घोषणा कर दी है। हालांकि दोनों ने साफ कर दिया है कि यह फैसला किसी विवाद या नकारात्मकता का नतीजा नहीं है, बल्कि शांति और समझदारी के साथ लिया गया एक फैसला है।

## सोशल मीडिया पर जारी किया स्टेटमेंट

सोशल मीडिया पर साझा किए गए संयुक्त बयान में माही और जय ने न सिर्फ अपने अलग होने की पुष्टि की, बल्कि यह भी भरोसा दिलाया कि वे अपने तीनों बच्चों के लिए हमेशा एकजुट रहेंगे। माही विज और जय भानुशाली ने अपने-अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर एक जैसा नोट शेयर करते हुए लिखा कि उन्होंने जिंदगी के सफर में अब अलग रास्ते चुनने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि भले ही वे पति-पत्नी के रूप में साथ न हों, लेकिन एक-दूसरे के लिए सम्मान, सहयोग और दोस्ती हमेशा बनी रहेगी। बयान में यह भी साफ किया गया कि इस फैसले में कोई 'विलेन' नहीं है, न ही किसी तरह की कड़वाहट। दोनों ने फैंस और मीडिया से अपील की कि वे इस फैसले को ड्रामा या विवाद की तरह न देखें, बल्कि शांति और समझ के साथ स्वीकार करें।

## 'हमारे बच्चों के लिए सबसे अच्छे माता-पिता बनेंगे'


इस पूरे ऐलान का सबसे भावुक हिस्सा उनके बच्चों को लेकर था। माही और जय ने कहा कि उनकी प्राथमिकता हमेशा उनके बच्चे रहेंगे- तारा (उनकी बायोलॉजिकल बेटी), खुशी और राजवीर (जिन्हें उन्होंने गोद लिया है)। उन्होंने लिखा कि बच्चों की भलाई के लिए वे न सिर्फ जिम्मेदार माता-पिता बनेंगे, बल्कि जरूरत पड़ी तो एक-दूसरे के सबसे अच्छे दोस्त भी रहेंगे। उनका कहना था कि बच्चों की परवरिश, सुरक्षा और खुशी के लिए वे हर मुमकिन कदम साथ मिलकर उठाएंगे।

## कब शुरू हुई थीं अलगाव की चर्चाएं?

माही विज और जय भानुशाली के रिश्ते को लेकर पिछले कुछ महीनों से अटकलें लगाई जा रही थीं। इंडस्ट्री से जुड़े सूत्रों के अनुसार, दोनों के बीच सबकुछ ठीक नहीं चल रहा था और वे अलग-अलग दिशा में आगे बढ़ रहे थे। लंबे समय से दोनों ने साथ में तस्वीरें पोस्ट करना बंद कर दिया था। कभी फैंस के पसंदीदा रहे फैमिली व्लॉग्स भी नजर नहीं आ रहे थे। जून 2024 के बाद कोई भी बड़ा फैमिली कोलैब सामने नहीं आया। हालांकि अगस्त में बेटी तारा के जन्मदिन पर दोनों साथ नजर आए, लेकिन वहां भी उनके बीच दूरी साफ झलक रही थी।

## जय और माही की शादी

माही विज और जय भानुशाली की लव स्टोरी टीवी इंडस्ट्री की सबसे चर्चित कहानियों में से एक रही है। दोनों ने एक-दूसरे को डेट करने के बाद 2010 में एक निजी समारोह में शादी की थी। शादी के बाद यह जोड़ी रियलिटी शोज, अवॉर्ड फंक्शन्स और सोशल मीडिया पर अक्सर साथ नजर आती थी। दोनों ने हमेशा एक-दूसरे का करियर में समर्थन किया और 'परफेक्ट कपल' की मिसाल माने जाते रहे।



# डोप टेस्ट में फेल हुए पूर्व आरसीबी तेज गेंदबाज राजन

## घरेलू क्रिकेट खेलने पर भी लगी रोक

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय घरेलू क्रिकेट एक बार फिर डोपिंग विवाद से हिल गया है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी के पूर्व तेज गेंदबाज राजन कुमार को प्रतिबंधित पदार्थों के सेवन का दोषी पाए जाने के बाद नेशनल एंटी-डोपिंग एजेंसी



(नाडा) ने अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। 29 वर्षीय यह बाएं हाथ के तेज गेंदबाज उत्तराखंड के लिए घरेलू क्रिकेट खेलते हैं।

## किन प्रतिबंधित दवाओं में फंसे रजत कुमार

एक रिपोर्ट के मुताबिक, राजन कुमार के डोप सैंपल में तीन प्रतिबंधित पदार्थ पाए गए— ड्रोस्टानोलोन, मेटेनोलोन (दोनों एनाबॉलिक स्टेरॉयड) और क्लोमीफीन, जिसका इस्तेमाल टेस्टोस्टेरोन स्तर को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है। नियमों के तहत रिपोर्ट आते ही नाडा ने उन पर तुरंत अस्थायी प्रतिबंध लगा दिया।

## सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन

राजन कुमार ने आखिरी बार 8 दिसंबर 2025 को अहमदाबाद में दिल्ली के खिलाफ उत्तराखंड की ओर से सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में मुकाबला खेला था। वह इस टूर्नामेंट में उत्तराखंड के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे थे। हालांकि, अब तक उन्होंने इस पूरे मामले पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है और यह भी साफ नहीं है कि वह 'बी सैंपल' की जांच की मांग करेंगे या नहीं।

## आरसीबी से घरेलू स्टार तक का सफर

हरिद्वार में जन्मे राजन कुमार को आईपीएल 2023 की नीलामी में आरसीबी ने 70 लाख रुपये में खरीदा था और 2024 सीजन में भी टीम ने उन्हें रिटेन किया, हालांकि उन्हें आईपीएल डेब्यू का मौका नहीं मिल सका। इसके बावजूद घरेलू क्रिकेट में उनका प्रदर्शन लगातार बेहतर होता जा रहा था। टी20 क्रिकेट में रजत ने 26 मैचों में 32 विकेट, लिस्ट-ए में 9 मैचों में 14 विकेट (एक पारी में पांच विकेट सहित) और फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 4 मैचों में 8 विकेट चटकाए हैं।

## भारतीय क्रिकेट में क्यों अहम है यह मामला

भारतीय क्रिकेट में डोपिंग के मामले बेहद कम सामने आते हैं, इसी वजह से यह प्रकरण खासा गंभीर माना जा रहा है। इससे पहले 2019 में पृथ्वी शॉ और 2020 में मध्य प्रदेश के ऑलराउंडर अंशुला राव पर डोपिंग के आरोप लगे थे। हर मामला यह दिखाता है कि नियमों की अनदेखी या अनजाने में हुई गलती भी करियर पर भारी पड़ सकती है।

## आगे क्या होगा राजन कुमार का भविष्य

अब राजन कुमार का भविष्य इस बात पर निर्भर करेगा कि वह 'बी सैंपल' टेस्ट करवाते हैं या नहीं और नाडा की अनुशासनात्मक प्रक्रिया किस दिशा में जाती है। फिलहाल उनका निलंबन जारी रहेगा और वे किसी भी तरह की प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में हिस्सा नहीं ले सकेंगे।

# श्रेयस अय्यर ने फिटनेस साबित की

● विजय हजारे ट्रॉफी में फिफ्टी लगाई, सिराज ने 3 विकेट झटके, मयंक अग्रवाल का शतक



**जयपुर (एजेंसी)।** भारतीय टीम के उपकप्तान श्रेयस अय्यर (82 रन) ने विजय हजारे ट्रॉफी में हाफ सेंचुरी जमाकर अपनी फिटनेस साबित कर दी है। वे जयपुर में हिमाचल प्रदेश के खिलाफ मुंबई की कप्तानी कर रहे हैं। अय्यर को न्यूजीलैंड के खिलाफ टीम इंडिया में चुना गया है, हालांकि वे उनका खेलना फिटनेस साबित करने पर निर्भर है।

अय्यर के अलावा, सूर्यकुमार यादव 24 रन, मुशीर खान 73 रन बनाकर आउट हुए। इस मैच में यशस्वी जायसवाल 15 और सरफराज खान 21 रन बनाए। मुंबई ने 33 ओवर में 299 रन बनाए। वहीं, गोवा के खिलाफ 212 रन चेज कर रही पंजाब के ओपनर प्रभसिमरन सिंह 2 और भारतीय कप्तान शुभमन गिल 11 रन बनाकर आउट हुए। 16 ओवर के बाद टीम का स्कोर 65/3 है। इधर, अहमदाबाद में कर्नाटक ने राजस्थान के खिलाफ 50 ओवर में 7 विकेट पर 324 रन बनाए। कप्तान मयंक अग्रवाल 100 रन बनाकर आउट हुए। देवदत्त पडिक्कल (91 रन) महज 9 रन से सेंचुरी चूक गए हैं। वे लगातार तीन सीजन में 300 से ज्यादा रन बनाने वाले पहले बैटर बने।

### किसने किसे हराया?

● बेंगलुरु में दिल्ली ने रेलवे को 6 विकेट से हराया। ● अहमदाबाद में केरल ने पुडुचेरी को 8 विकेट से हराया। ● बेंगलुरु में गुजरात ने ओडिशा को 233 रन से हराया।

**प्लेट ग्रुप फाइनल में मणिपुर 169 पर ऑलआउट, शाबिर की हैट्रिक-** रांची में चल रहे प्लेट ग्रुप के फाइनल में मणिपुर की टीम 47.5 ओवर में 169 रन पर ऑलआउट हो गई है। बिहार के शाबिर खान ने हैट्रिक सहित 7 विकेट झटके। उन्होंने 8 ओवर की गेंदबाजी में 30 रन दिए।

**ओडिशा 100 पर सिमटा, गुजरात ने 233 रन से हराया-** गुजरात ने ओडिशा को 233 रन के बड़े अंतर से हराया। बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस-111 मैदान पर ओडिशा ने टॉस जीतकर फील्डिंग चुनी।गुजरात ने 50 ओवर में 6 विकेट पर 333 रन बनाए। जवाब में ओडिशा की टीम 28.1 ओवर में 100 रन पर ऑलआउट हो गई। सीजी गाजा ने 6 विकेट झटके।

### केरल ने पुडुचेरी को 8 विकेट से हराया

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी मोटेरा स्टेडियम में केरल ने पुडुचेरी को 8 विकेट से हराया। टीम ने टॉस जीतकर फील्डिंग चुनी और पुडुचेरी को 47.4 ओवर में 247 रन पर ऑलआउट कर दिया।टीम ने 248 रन का टारगेट 28 ओवर में 2 विकेट पर हासिल कर लिया। विष्णु विनोद ने नाबाद 162 रन की पारी खेली। जबकि बी अपराजित ने नाबाद 63 रन बनाए। संजू सैमसन 11 रन बनाकर आउट हुए।

# बिलियर्ड्स के पूर्व वर्ल्ड चैंपियन मनोज कोठारी का निधन

**कोलकाता (एजेंसी)।** बिलियर्ड्स के पूर्व वर्ल्ड चैंपियन मनोज कोठारी का सोमवार को तमिलनाडु के तिरुनेलवेली स्थित एक



अस्पताल में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। यह जानकारी उनके परिवार के एक सदस्य ने पीटीआई को दी।

वे 67 साल के थे। उनके परिवार में उनकी पत्नी और पुत्र सौरव कोठारी हैं। कोलकाता के कोठारी का 10 दिन पहले चेन्नई से 600 किलोमीटर दूर तिरुनेलवेली के कावेरी अस्पताल में लिवर ट्रांसप्लांट हुआ था।

# 5वें टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की 134 रन की बढ़त

**इंग्लैंड के 384 के जवाब में ऑस्ट्रेलिया 518/7**
**सिडनी में हेड और स्मिथ का शतक**

**सिडनी (एजेंसी)।** सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी ) में खेले जा रहे एशेज सीरीज के पांचवें टेस्ट मैच के तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 7 विकेट पर 518 रन बना लिए हैं। स्टीव स्मिथ 129 और ब्यू वेबस्टर 42



रन बनाकर नाबाद हैं। ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड पर 134 रन की बढ़त हासिल कर ली है। इससे पहले इंग्लैंड की टीम पहली पारी में 384 रन पर सिमट गई थी।

तीसरे दिन ऑस्ट्रेलिया की पारी को ट्रैविस हेड और स्टीव स्मिथ ने मजबूती दी। हेड ने दिन के पहले सेशन में जोश टंग की गेंद पर कवर ड्राइव के जरिए चौका लगाकर 105 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। उन्होंने 166 गेंदों में 163 रन की पारी खेली, जिसमें 24 चौके और एक छक्का शामिल रहा।

### 121 रन पर मिला जीवनदान

हेड को 121 रन के स्कोर पर जीवनदान मिला, जब बाउंड्री पर फील्डिंग कर रहे ब्रायडन कार्स की गेंद पर विल जैक्स ने उनका कैच छोड़ दिया। इसके बाद हेड ने इंग्लैंड के गेंदबाजों पर दबाव बनाए रखा। मैथ्यू पॉट्स के एक ओवर में उन्होंने लगातार तीन चौके भी लगाए।

### स्मिथ का सिडनी में 5वां टेस्ट शतक

स्टीव स्मिथ ने 166 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। इससे पहले उन्होंने 95 गेंदों में अर्धशतक जमाया था। यह स्मिथ का सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर पांचवां टेस्ट शतक है। इस मैदान पर सबसे ज्यादा टेस्ट शतक लगाने का रिकॉर्ड अब भी रिकी पोंटिंग के नाम है, जिन्होंने यहां 6 शतक लगाए हैं।

# एनाबेल सदरलैंड ने दीप्ति शर्मा से छीना नंबर-1 का ताज, कप्तान हरमनप्रीत को भी हुआ फायदा

**दुबई (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम की तेज गेंदबाज एनाबेल सदरलैंड ने आईसीसी की ताजा टी-20 बॉलिंग रैंकिंग में नंबर-1 स्थान दोबारा से हासिल कर लिया है। भारत की श्रीलंका महिला टीम के खिलाफ आखिरी टी20आई मैच में 15 रन से मिली जीत के बाद एनाबेल सदरलैंड को आईसीसी रैंकिंग में फायदा हुआ। वहीं, दीप्ति शर्मा एक स्थान का नुकसान झेलकर दूसरे पायदान पर खिसक गईं हैं। ऐसे में जानते हैं आईसीसी की ताजा टी20आई रैंकिंग में क्या-क्या बदलाव हुआ?

### एनाबेल सदरलैंड नंबर-1 गेंदबाज बनीं

दरअसल, आईसीसी महिला टी20आई बॉलिंग रैंकिंग में ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज एनाबेल सदरलैंड 736 रेटिंग के साथ टॉप पर पहुंच गई हैं। दूसरे पायदान पर भारतीय टीम की बॉलर दीप्ति शर्मा 735 रेटिंग के साथ खिसक गई। पाकिस्तान की सदिया इकबाल 732 रेटिंग के साथ तीसरे पायदान, इंग्लैंड की सोफी एक्लिस्टन 727 रेटिंग के साथ मौजूद है। इंग्लैंड की लॉरेन बेल 714 रेटिंग के साथ पांचवें पायदान पर विराजमान है।

ताजा रैंकिंग में भारत की रेणुका सिंह ठाकुर को पांच स्थानों का नुकसान झेलना पड़ा है। रेणुका 698 रेटिंग के साथ 11वें पायदान पर लुढ़क गई हैं, जबकि राधा यादव को भी दो स्थानों का नुकसान झेलना पड़ा और वह 18वें स्थान पर पहुंच गई।



### कप्तान हरमनप्रीत कौर को फायदा

भारत बनाम श्रीलंका महिला टीम के बीच 30 दिसंबर 2025 को खेले गए आखिरी टी20आई मैच में तीन बल्लेबाजों ने अर्धशतक जड़ा। अब आईसीसी की टी20आई रैंकिंग में भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने दो स्थानों की छलांग के साथ 13वां पायदान (634) हासिल कर लिया है। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ 43 गेंदों का सामना करते हुए 68 रन की पारी खेली, जिसका उन्हें फायदा मिला। इस पारी के दम पर भारतीय टीम 7 विकेट खोकर 175 रन का स्कोर बना सकी। श्रीलंकाई महिला क्रिकेट टीम की ओपनर हसिनी परेरा ने 42 गेंद पर 65 रन की पारी खेली और चमारी अट्टापट्टू के जल्दी विकेट गिरने के बाद टीम की पारी को संभाला।

### आईसीसी महिला टी-20 ऑलराउंडर्स की मौजूदा रैंकिंग

आईसीसी महिला टी20आई ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में टॉप पर हेले मैथ्यू 505 रेटिंग के साथ मौजूद है, जबकि न्यूजीलैंड की अमेलिया केर 434 रेटिंग के साथ दूसरे पायदान पर है। दीप्ति शर्मा 382 रेटिंग के साथ तीसरे स्थान पर विराजमान है। बता दें कि दीप्ति शर्मा ने श्रीलंका महिला टीम के खिलाफ आखिरी टी20आई मैच में 28 रन देकर एक विकेट लिया था, जिसके बाद वह रैंकिंग में नंबर-3 पर ही बने हुए हैं। वहीं, अरुंधाती रेड्डी, जिन्होंने 27 रन की नाबाद पारी खेली थी, उन्होंने एक विकेट भी झटका था। इस प्रदर्शन के बाद वह आईसीसी ऑलराउंडर्स टी20आई रैंकिंग में 21 स्थान की उछाल के साथ 44वें पायदान पर पहुंच गई हैं।

# टी20 वर्ल्ड कप में कौन होगा भारत का एक्स फैक्टर?



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज और पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स ने आगामी टी20 विश्व कप को लेकर टीम इंडिया को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने साफ कहा है कि इस टूर्नामेंट में हार्दिक पांड्या भारत के सबसे अहम और निर्णायक खिलाड़ी साबित हो सकते हैं, न कि जसप्रीत बुमराह या अभिषेक शर्मा।

**टीम इंडिया की गहराई ने किया प्रभावित-** अपने यूट्यूब चैनल 'एबी डिविलियर्स 360' पर टी20 विश्व कप की भारतीय टीम का विश्लेषण करते हुए डिविलियर्स ने कहा कि भारतीय टीम के पास बल्लेबाजी और गेंदबाजी

**एबी डिविलियर्स की लिस्ट में बुमराह-अभिषेक नहीं**



दोनों में शानदार संतुलन है। उन्होंने कहा, इस टीम में कई ऐसे खिलाड़ी हैं जो बल्ले और गेंद दोनों से योगदान दे सकते हैं, जिससे कप्तान को टीम कॉम्बिनेशन में काफी लचीलापन मिलता है। डिविलियर्स ने ओपनिंग संयोजन पर भी बात की और अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन का जिक्र किया। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि ऋषभ पंत, शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल और जितेश शर्मा जैसे खिलाड़ी इस बार टीम में जगह नहीं बना पाए।

### हार्दिक क्यों हैं गेम चेंजर?

एबी डिविलियर्स ने हार्दिक पांड्या को टीम इंडिया का निर्णायक खिलाड़ी बताते हुए कहा, हार्दिक वह खिलाड़ी हैं जो बल्ले और गेंद, दोनों से मैच जिता सकते हैं। वह किसी भी परिस्थिति में गेंदबाजी कर सकते हैं और बल्लेबाजी क्रम में कहीं भी फिट हो जाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि जब हार्दिक बल्लेबाजी के लिए आते हैं तो विपक्षी टीम पर मानसिक दबाव साफ दिखता है। उन्होंने कहा, जब हार्दिक क्रीज पर आते हैं, तो विरोधी टीम को लगता है कि अगर वह तीन-चार ओवर भी टिक गए, तो मैच हाथ से निकल सकता है।

**गेंद से भी उतना ही खतरनाक असर-** डिविलियर्स ने यह भी कहा कि हार्दिक गेंद के साथ भी उतने ही प्रभावी हैं। उन्होंने कहा, जब वह गेंदबाजी के लिए आते हैं, तो ऐसा लगता है कि उनके पास गोल्डन आर्म है और वह कभी भी साझेदारी तोड़ सकते हैं। हार्दिक पांड्या का हालिया प्रदर्शन भी उनके इस बयान को मजबूती देता है। विजय हजारे ट्रॉफी में उन्होंने 133 रनों की तूफानी पारी खेलते हुए अपना पहला लिस्ट-ए शतक लगाया, जिसमें 11 छक्के शामिल थे।इसके अलावा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज में उन्होंने तीन पारियों में 142 रन बनाए, वो भी 186 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट से।

**सिराज बदकिस्मती का शिकार हुए-** डिविलियर्स ने यह भी कहा है कि मोहम्मद सिराज उन खिलाड़ियों में शामिल हैं, जो बदकिस्मती से टीम में जगह नहीं बना सके। डिविलियर्स ने हालांकि यह भी साफ किया कि गेंदबाजी के लिहाज से भारत की टीम में सभी पहलुओं को कवर किया गया है।

### डिविलियर्स ने भारतीय गेंदबाजों की तारीफ की



डिविलियर्स ने कहा आपके पास बुमराह और अर्शदीप हैं, वहीं हर्षित राणा बल्लेबाजी भी कर सकते हैं। इसी वजह से हर्षित को चुना गया, क्योंकि सिराज एक शुद्ध गेंदबाज हैं और टीम सीम गेंदबाजी पर ज्यादा फोकस नहीं करना चाहती। उन्होंने कहा, इस टीम का मुख्य फोकस स्पिन पर है। कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती हाल के टी20 मैचों में शानदार रहे हैं। अगर तेज गेंदबाज शुरुआत में विकेट दिला देते हैं, तो उसे टीम बोनस की तरह देखती है।

### हार्दिक रखते हैं मैच पलटने की क्षमता

डिविलियर्स ने यह भी जोड़ा, जब बुमराह का दिन शांत रहता है, तब कुलदीप चार विकेट ले लेते हैं।
फिर बीच के ओवरों में हार्दिक आकर मैच का रुख पलट देते हैं। चैंपियन टीमें ऐसी ही होती हैं और भारत के पास सभी विकल्प मौजूद हैं। टीम इंडिया ग्रुप-ए में अमेरिका, नामीबिया, नीदरलैंड्स और पाकिस्तान के साथ शामिल है और सात फरवरी से मुंबई में अपने अभियान की शुरुआत करेगी।

# एसए-20 में सनराइजर्स केप ने प्रिटोरिया को पहली बार हराया

**डी कॉक-बेयरस्टो की शतकीय साझेदारी; सनराइजर्स टॉप पर**

**सेंचुरियन (एजेंसी)।** एसए-20 के चौथे सीजन में सेंचुरियन में खेले गए मुकाबले में सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने प्रिटोरिया कैपिटल्स को पहली बार हराया। क्विंटन डी कॉक और जॉनी बेयरस्टो की नाबाद शतकीय साझेदारी की बदौलत टीम ने 177 रन का टारगेट महज 14.2 ओवर में बिना विकेट गंवाए हासिल कर लिया।

इस जीत के साथ ट्रिस्टन स्टब्स की कप्तानी वाली सनराइजर्स ईस्टर्न केप 17 अंकों के साथ एक बार फिर पॉइंट्स टेबल में टॉप पर पहुंच गई। विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए क्विंटन डी कॉक को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।



इससे पहले, टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रिटोरिया कैपिटल्स की टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर 176 रन ही बना सकी। ओपनर कॉनर एस्टरह्यूजन ने 33 गेंदों पर 52 रन बनाए, जबकि शरफेन रदरफोर्ड ने 22 गेंदों पर नाबाद 47 रन की तेज पारी खेली। इनके अलावा अन्य बल्लेबाज बड़ी साझेदारी नहीं कर सके। सनराइजर्स की ओर से एनरिक नॉर्टजे ने अपने पुराने घरेलू मैदान पर 150 किमी प्रति घंटे से ज्यादा की रफ्तार से गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट लिए। लुईस ग्रेगरी ने 4 ओवर में सिर्फ 18 रन देकर 1 विकेट झटका।

### बिना विकेट खोए लक्ष्य हासिल कर लिया

लक्ष्य का पीछा करने उतरी सनराइजर्स की शुरुआत बेहद आक्रामक रही। डी कॉक ने 41 गेंदों पर 79 रन बनाए, जिसमें 5 चौके और 6 छक्के शामिल थे। वहीं, बेयरस्टो ने 44 गेंदों में 85 रन की पारी खेली और 8 चौके व 6 छक्के जड़े। बेयरस्टो ने स्पिनर केशव महाराज के एक ही ओवर में पांच छक्के और एक चौका लगाकर 34 रन बटोरे। यह ओवर एसए20 इतिहास का सबसे महंगा ओवर साबित हुआ।

**रोहित-हरमनप्रीत जैसे दिग्गज रहे मौजूद थे**

# नीता अंबानी ने किया विश्व विजेताओं को सम्मानित



**मुंबई (एजेंसी)।** रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक और अध्यक्ष नीता अंबानी ने सोमवार को भारत के विश्व कप विजेताओं को सम्मानित किया। मुंबई में आयोजित इस भव्य समारोह में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर, भारतीय महिला दृष्टिबाधित क्रिकेट टीम की कप्तान दीपिका टीसी और पूर्व भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा सहित कई दिग्गज खिलाड़ी उपस्थित रहे। इस अवसर पर खिलाड़ियों की उपलब्धियों की सराहना की गई और उनके योगदान को देश के लिए गर्व का विषय बताया गया।

### रोहित के नेतृत्व में भारत बना विजेता, सूर्या ने दिलाया एशिया कप का खिताब

साल 2025 भारतीय क्रिकेट के लिए यादगार रहा। रोहित शर्मा के नेतृत्व में टीम इंडिया ने 12 साल के लंबे इंतजार के बाद चैंपियंस ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। दुबई में खेले गए फाइनल मुकाबले में भारत ने न्यूजीलैंड को हराया था। इससे पहले टीम इंडिया ने रोहित शर्मा के नेतृत्व में टी20 विश्व कप 2024 का खिताब अपने नाम किया था। भारत ने 2025 में पाकिस्तान को हराकर एशिया कप की ट्रॉफी भी अपने नाम की थी।

# दिल्ली सरकार पर भड़क उठीं आतिशी

## ये नाटक क्यों हो रहा है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले ही दिन आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। ये प्रदर्शन आज यानी मंगलवार को भी जारी रहा। इस दौरान दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता और आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी ने बीजेपी सरकार पर प्रदूषण के मुद्दे से भागने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा, भाजपा के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार प्रदूषण के मुद्दे से भाग रही है। प्रदूषण आज दिल्ली की सबसे बड़ी समस्या है। जब आम आदमी पार्टी प्रदूषण के मुद्दे पर चर्चा की मांग करती है, तो भाजपा चर्चा से बचने के लिए बहाने बनाती है। यह नाटक क्यों हो रहा है? भाजपा प्रदूषण पर चर्चा से बचना चाहती है क्योंकि उनके पास कोई जवाब नहीं है। हम मांग करते हैं कि यह नाटक बंद हो और प्रदूषण के मुद्दे पर तुरंत चर्चा शुरू की जाए। आतिशी ने प्रदूषण के स्रोतों पर सवाल उठाते हुए कहा कि केंद्र सरकार के आंकड़ों के अनुसार पंजाब में पराली जलाना बंद हो गया है। उन्होंने पूछा कि यह प्रदूषण कहां से आ रहा है? उन्होंने बल देकर कहा कि दिल्ली में भाजपा के सत्ता में आने के बाद से प्रदूषण का स्तर तेजी से बढ़ा है। विधानसभा में माहौल उस समय गरमा गया जब आम आदमी पार्टी के मुख्य सचेतक संजीव झा ने उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से प्रदूषण को 80 प्रतिशत तक कम करने के उनके पूर्व दावे के बारे में सवाल करने की कोशिश की। अध्यक्ष ने झा को बाहर जाने का आदेश दिया। झा ने बाद में पूछा कि क्या भाजपा सरकार उनकी बात नहीं सुन रही है या वह दावा झूठा था?



### मास्क पहनकर प्रदर्शन

इससे पहले सोमवार को विपक्ष की नेता आतिशी के नेतृत्व में आप के विधायकों ने मास्क पहनकर विधानसभा के बाहर प्रदर्शन किया था। कार्यवाही के दौरान मास्क हटाने से इनकार करने पर उन्हें सदन से बाहर निकाल दिया गया। विरोध प्रदर्शन में विपक्षी दल द्वारा भाजपा के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार की उस विफलता को उजागर किया गया जिसके कारण दिल्ली पिछले चार महीनों से गंभीर प्रदूषण से जूझ रही है। आम आदमी पार्टी के नेताओं ने प्रशासन पर वायु गुणवत्ता आंकड़ों में हेरफेर करने और प्रदूषण से निपटने के लिए बनाए गए आपातकालीन उपायों के समूह, ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) को ठीक से लागू नहीं करने का आरोप लगाया। आतिशी ने कहा, दिल्ली में लोग अस्पतालों में भर्ती हो रहे हैं, बच्चे सांस लेने के लिए संघर्ष कर रहे हैं और बुजुर्ग अपनी जान गंवा रहे हैं। हमें विधानसभा से सिर्फ इसलिए बाहर निकाल दिया गया क्योंकि हम इस पीड़ा को दर्शाने के लिए मास्क पहनकर अंदर गए थे।

## दिल्ली में बना नया रिकॉर्ड, 93 प्रतिशत परिवारों को फायदा



### 46 लाख घरों के बिजली बिल हुए जीरो

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में बिजली सब्सिडी योजना ने नया रिकॉर्ड कायम किया है। दिसंबर 2025 में 93 प्रतिशत से ज्यादा घरेलू उपभोक्ताओं ने सब्सिडी का लाभ उठाया। इनमें से 73 प्रतिशत परिवारों का बिजली बिल पूरी तरह जीरो रहा। सर्दियों में बिजली खपत कम होने की वजह से योजना की पहुंच सबसे ज्यादा रही। 2019 में शुरू हुई इस योजना में 200 यूनिट तक बिजली इस्तेमाल करने वाले घरों को पूरी तरह मुफ्त बिजली मिलती है। 201 से 400 यूनिट तक खपत करने वालों को 50 प्रतिशत सब्सिडी दी जाती है। इससे ज्यादा खपत करने वाले उपभोक्ता पूरा टैरिफ चुकाते हैं। टीओआई की एक रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली में घरेलू बिजली कनेक्शन बढ़कर 63 लाख हो गए हैं। सब्सिडी लेने वालों की संख्या भी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची है। 2023 में औसतन 75-76 प्रतिशत उपभोक्ताओं को लाभ मिला। 2024 में यह आंकड़ा 78-79 प्रतिशत रहा। वहीं 2025 में 79-80 प्रतिशत घरों को कभी न कभी सब्सिडी मिली। 200 यूनिट तक खपत करने वाले परिवारों की औसत संख्या 2025 में 31-32 लाख रही, जो पिछले सालों से ज्यादा है। ये उपभोक्ता योजना का मुख्य आधार बने हुए हैं। सब्सिडी की पहुंच मौसम पर काफी निर्भर करती है। दिसंबर जैसे ठंडे महीनों में लाभार्थी 58 लाख के पार पहुंच गए और कवरेज 93 प्रतिशत रहा। गर्मियों में एसी के इस्तेमाल से खपत बढ़ने पर लाभार्थी कम हो जाते हैं। फिर भी 2025 की गर्मियों में पिछले दो सालों की तुलना में ज्यादा परिवारों (लगभग 42.5 लाख) को सब्सिडी मिली। यह बचत के प्रति जागरूकता या स्मार्ट इस्तेमाल का संकेत है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 200 यूनिट तक खपत करने वाले परिवार योजना की रीढ़ हैं। इससे बेसिक खपत स्थिर रहने का पता चलता है। अधिकारी ने कहा कि 2025 में लाभार्थियों की संख्या में स्थिरता सबसे बड़ी खासियत रही। सब्सिडी पर बढ़ता खर्च योजना की बढ़ती लोकप्रियता की वजह से खर्च भी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच रहा है।

## दिल्ली के 15 से अधिक इलाकों में 2 दिन नहीं आएगा पानी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली के दो विधानसभा क्षेत्रों के करीब डेढ़ दर्जन इलाकों में दो दिन तक पानी का संकट और गहरा सकता है। दिल्ली जल बोर्ड ( द्वारा लोगों को बताया गया है कि 6 और 7 जनवरी को इन कई इलाकों में पानी की सप्लाई बाधित रहेगी। डीजेबी की ओर से एक अलर्ट जारी कर बताया गया है कि हैदरपुर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से निकलने वाली पानी की एक लाइन क्षतिग्रस्त हो गई है। इसकी मरम्मत का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है। इसके चलते इसके चलते रिठाला और रोहिणी विधानसभा क्षेत्रों के कई इलाकों में पानी आपूर्ति प्रभावित रह सकती है। प्रभावित क्षेत्रों में पानी की सप्लाई 08.01.2026 की सुबह तक फिर से शुरू होने की उम्मीद है। दिल्ली जल बोर्ड ने कहा है कि इन इलाकों में रहने वाले लोग जल बोर्ड के कंट्रोल रूम नंबरों 8770530657, 9289138498, 9899902478, 9650755709, 8178020816, 9650094327, 9643575478 और हेल्पलाइन नंबर 1916 पर कॉल कर पानी के टैंकर मंगवाने के लिए संपर्क कर सकते हैं। जल बोर्ड बोर्ड के मुताबिक प्रभावित इलाकों में गुरुवार सुबह तक पानी की सप्लाई सुचारू होने की उम्मीद है।



## नगर में गोलीबारी करने वाले दो बदमाश धरे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने द्वारका में मुठभेड़ के बाद आया नगर हत्याकांड के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये दोनों बदमाश उस वारदात में शामिल थे जिसमें एक कारोबारी पर 69 गोलियां चलाई गई थीं। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने द्वारका इलाके में हुई एक मुठभेड़ में दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। दोनों बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ये दोनों साउथ दिल्ली के आया नगर में हुई उस शूटिंग की वारदात में शामिल थे, जिसमें हमलावरों ने 69 गोलियां चलाई थीं। मंगलवार सुबह क्राइम ब्रांच को सूचना मिली कि आया नगर शूटिंग के आरोपी द्वारका क्षेत्र में छिपे हुए हैं। इलाके में घेराबंदी की। बदमाशों ने पुलिस पर गोली चलाई, जिसके जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की।

## उमर खालिद और शरजील इमाम के लिए सुप्रीम कोर्ट पर भड़क उठे प्रशांत भूषण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली दंगों के आरोपी उमर खालिद और शरजील इमाम को सुप्रीम कोर्ट से जमानत नहीं मिलने पर कई लोगों ने तीखी प्रतिक्रिया जाहिर की है। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण ने भी इस फैसले पर हैरानी जाहिर करते हुए अपनी नाराजगी जाहिर की और इसे अनुचित और अन्याय तक कह डाला। उन्होंने उमर खालिद और शरजील इमाम का बचाव करते हुए कहा कि वे खुद हिंसा करने के आरोपी नहीं हैं। भूषण ने यह भी कहा कि भाषणों में वह हिंसा के खिलाफ बोलते हुए दिखे थे। 5 आरोपियों को 11 शर्तों के आधार पर जमानत दे दी। हालांकि, देश की सबसे बड़ी अदालत ने उमर खालिद और शरजील इमाम को अपराध के अलग पायदान पर बताते हुए राहत देने से इनकार किया। सर्वोच्च अदालत ने उन पर लगे आरोपों को आतंकवाद की श्रेणी में भी माना और ट्रायल में देरी के आधार पर राहत देना उचित नहीं समझा। अदालत के फैसले से जहां आरोपियों को झटका लगा तो उनके लिए बेल की इच्छा रखने वाले लोगों ने भी गहरी निराशा जाहिर की। प्रशांत भूषण ने कहा, उमर खालिद और शरजील इमाम को जमानत देने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार करना पूरी तरह से चौंकाने वाला, अनुचित और अन्यायपूर्ण है। वह खुद हिंसा करने के नहीं, बल्कि साजिश के आरोपी हैं। उनके भाषणों के कई वीडियो हैं जिसमें वो हिंसा के खिलाफ बोल रहे हैं। ट्रायल के बिना वे 5 साल जेल में गुजार चुके हैं। फिर भी सुप्रीम कोर्ट ने गोपनी पहचान वाले संरक्षित गवाहों के पुलिस के बयान के आधार पर बेल देने से इनकार कर दिया। शर्मनाक और जीवन और स्वतंत्रता के अधिकार का मजाक।

## दिल्ली में ग्राप नियम तोड़कर 80 वॉशरूम बनाए

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली में प्रदूषण के खिलाफ सख्त ग्रैप-3 और ग्रैप-4 नियम लागू होने के बावजूद छतरपुर में एक सरकारी संस्था ने निर्माण कार्य जारी रखा। इस मामले में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने सोमवार को कड़ा रुख अपनाया और कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट को तुरंत कार्रवाई करने का आदेश दिया।
छतरपुर निवासी शुभम वर्मा ने 22 नवंबर 2025 को ग्रीन दिल्ली ऐप पर शिकायत दर्ज की। उन्होंने आरोप लगाया कि सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स ( के ऑफिस परिसर में लगभग 80 वॉशरूम बनाने के लिए तोड़फोड़ और निर्माण कार्य जोरों पर चल रहा है। यह काम ग्रापक्के प्रतिबंधों के बावजूद जारी है।

## मेट्रो ने डीएमआरसी स्टाफ क्वार्टर में आग लगने से 3 लोगों की मौत पर जताया दुख

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के आदर्श नगर स्थित दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) के स्टाफ क्वार्टर्स के इमारत के एक फ्लैट में सोमवार देर रात आग लगने से एक दंपती और उनकी 10 वर्षीय बेटी सहित 3 लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान अजय कुमार (42), उनकी पत्नी नीलम (38) और बेटी जाह्नवी के रूप में हुई है। डीएमआरसी ने इस घटना पर एक बयान जारी कर इस घटना पर गहरा दुख जताया है। दिल्ली मेट्रो के प्रिंसिपल एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर (कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन) अनुज दयाल ने बयान जारी कर कहा कि मुकुंदपुर में दिल्ली मेट्रो की रेजिडेंशियल कॉलोनी के एक फ्लैट में आग लगने की घटना में दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने आज सुबह अपने एक साथी अजय विमल (45), उनकी पत्नी और उनकी 10 साल की बेटी को खो दिया। अनुज दयाल ने बताया कि यह घटना आज सुबह करीब 2:34 बजे हुई। तुरंत कार्रवाई और कोशिशों के बावजूद, परिवार के सदस्य अपने बेडरूम में मृत पाए गए। पुलिस इस दुखद घटना के कारणों की आगे जांच कर रही है। डीएमआरसी, पुलिस अधिकारियों को सभी जरूरी सहयोग दे रहा है और दुख की इस घड़ी में मृतकों के परिवार के साथ खड़ा है। डीएमआरसी शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता है और मृतक के परिवार के साथ एकजुटता से खड़ा है। यह नुकसान पूरे डीएमआरसी परिवार के लिए दिल तोड़ने वाला पल है। दिल्ली फायर सर्विस के अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार तड़के आदर्श नगर इलाके में दिल्ली मेट्रो के स्टाफ क्वार्टर में आग लगने से एक ही परिवार के 3 लोगों की जलकर मौत हो गई।

## आईआरसीटीसी घोटाले में तेजस्वी की याचिका पर सीबीआई को नोटिस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के चर्चित आईआरसीटीसी घोटाला केस में लालू प्रसाद यादव के बेटे तेजस्वी यादव की याचिका पर दिल्ली उच्च न्यायालय ने सीबीआई को नोटिस जारी किया है। तेजस्वी यादव ने आईआरसीटीसी घोटाले में ट्रायल कोर्ट द्वारा उनपर आरोप तय किए जाने को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। इसी याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने सीबीआई को नोटिस जारी किया है। सीबीआई को नोटिस जारी करते हुए अदालत ने कहा है कि मामले में अब अगली सुनवाई 14 जनवरी को होगी। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने तेजस्वी की याचिका और मुकदमे पर रोक के आवेदन पर जवाब दाखिल करने के लिए सीबीआई को नोटिस जारी किया और मामले की अगली सुनवाई के लिए 14 जनवरी की तारीख तय की। इसी दिन उनके पिता लालू प्रसाद यादव की ऐसी ही याचिका पर भी सुनवाई की जाएगी। आपको बता दें कि इससे पहले सोमवार को आईआरसीटीसी घोटाले से जुड़े इसी मामले में तेजस्वी यादव के पिता और पूर्व रेलमंत्री लालू प्रसाद यादव को झटका लगा था। दिल्ली हाईकोर्ट में लालू प्रसाद यादव ने ट्रायल कोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी। न्यायालय ने फिलहाल सुनवाई पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि जांच एजेंसी को सुने बिना कोई अंतरिम राहत नहीं दी जा सकती और मामले की अगली सुनवाई 14 जनवरी को तय की गई थी।

## लेबनान के कई इलाकों में इस्राइल का ड्रोन हमला

### निरस्त्रीकरण बैठक से पहले हिज्बुल्लाह के खिलाफ कार्रवाई

**लेबनान , एजेंसी।** इस्राइल की वायुसेना ने मंगलवार लड़के दक्षिणी और पूर्वी लेबनान के कई इलाकों पर हमला किया, जिसमें देश का तीसरा सबसे बड़ा शहर सीदोन भी शामिल है। मंगलवार तड़के करीब एक बजे हुए हमले में दक्षिणी तटीय शहर सीदोन में एक तीन मंजिला व्यावसायिक इमारत ध्वस्त हो गई। यह घटना लेबनान के सेना कमांडर की ओर से इस्राइल के साथ सीमावर्ती क्षेत्रों में आतंकवादी समूह हिजबुल्लाह को निरस्त्र करने के अपने मिशन पर सरकार को जानकारी देने से कुछ दिन पहले हुई। घटनास्थल पर मौजूद एसोसिएटेड प्रेस के एक फोटोग्राफर ने बताया कि यह इलाका एक व्यावसायिक जिले में था, जिसमें वर्कशॉप और मैकेनिक की दुकानें थीं और इमारत में कोई नहीं रहता था। इस हमले के बाद कम से कम एक व्यक्ति को एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाया गया। बचाव दल घटनास्थल पर अन्य लोगों की तलाश कर रहे थे, लेकिन तत्काल किसी की मौत की जानकारी सामने नहीं आई। वहीं, सोमवार को इजरायली सेना ने दक्षिणी और पूर्वी लेबनान में कई ठिकानों पर हमला किया। उनका कहना था कि इन ठिकानों पर हिज्बुल्लाह और हमास जैसे आतंकवादी समूहों का बुनियादी ढांचा मौजूद था।



ये हमले इस्राइल के सैन्य प्रवक्ता अविचाई अद्राई की ओर से एक्स पर चेतावनी पोस्ट करने के लगभग दो घंटे बाद हुए। इस पोस्ट में उन्होंने कहा था कि सेना पूर्वी बेका घाटी के दो गांवों और दक्षिणी लेबनान के दो अन्य गांवों में हिज्बुल्लाह और फिलिस्तीनी हमास समूहों के ठिकानों पर हमला करेगी। सीदोन में हुआ बाद का हमला बिना किसी पूर्व सूचना के किया गया था और इस्राइली सेना ने इस पर तुरंत कोई बयान जारी नहीं किया। लेबनान की सरकारी समाचार एजेंसी ने बताया कि बेका घाटी के मनारा गांव में जिस घर पर हमला हुआ, वह हमास के सैन्य कमांडर शरहबिल अल-सैयद का था। जो मई 2024 में एक इस्राइली ड्रोन हमले में मारा गया था। इस्राइल की चेतावनी के बाद इलाकों को खाली करा लिया गया था और इन हमलों में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। सोमवार को लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि सोमवार सुबह दक्षिणी गांव ब्राईकेह में एक कार पर हुए ड्रोन हमले में दो लोग घायल हो गए। इस्राइली सेना ने कहा कि हमले में हिजबुल्लाह के दो सदस्यों को निशाना बनाया गया था। लेबनानी सेना ने पिछले साल फिलिस्तीनी समूहों के निरस्त्रीकरण की प्रक्रिया शुरू की थी, जबकि सरकार ने कहा कि 2025 के आखिर तक इस्राइल की सीमा से सटे सभी क्षेत्र हिजबुल्लाह की सशस्त्र मौजूदगी से मुक्त हो जाएंगे। लेबनानी सरकार गुरुवार को एक बैठक में हिजबुल्लाह के निरस्त्रीकरण पर चर्चा करने वाली है।

## बांग्लादेश में 18 दिन में छठे हिंदू की हत्या

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश के नरसिंदी जिले में सोमवार रात एक हिंदू दुकानदार की धारदार हथियारों से हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान 40 वर्षीय शरत चक्रवर्ती मणि के रूप में हुई है। यह बीते 18 दिनों में छठे हिंदू व्यक्ति की हत्या है। शरत चक्रवर्ती मणि पलाश उपजिला के चारसिंदूर बाजार में अपनी किराना दुकान चला रहे थे। इसी दौरान अचानक पहुंचे अज्ञात हमलावरों ने उन पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया और मौके से फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल मणि को अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

19 दिसंबर को मणि ने फेसबुक पर एक पोस्ट लिखकर देश में बढ़ती हिंसा पर चिंता जताई थी और अपने इलाके को मौत की घाटी बताया था। 5 जनवरी को ही जेसोर जिले में भी एक हिंदू व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मोनिरामपुर इलाके में एक आइस फैक्ट्री मालिक राणा प्रताप बैरागी की सार्वजनिक रूप से हत्या हुई। वे कपलिया बाजार में आइस फैक्ट्री चलाते थे और दैनिक बीडी खबर' अखबार के कार्यकारी संपादक भी थे। रिपोर्ट के मुताबिक, बाइक पर सवार तीन हमलावर उन्हें फैक्ट्री से बाहर बुलाकर एक गली में ले गए और सिर में नजदीक से गोली मारकर फरार हो गए। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बदमाश गोली मारने के बाद मौके से फरार हो गए। बाद में पुलिस ने घटनास्थल से सात खाली कारतूस बरामद किए। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। हत्या के कारणों का फिलहाल खुलासा नहीं हुआ है।

# ईरान में और भड़की विरोध प्रदर्शनों की आग, अब तक 35 की मौत, सैंकड़ों हिरासत में

**तेहरान, एजेंसी।**
ईरान में विरोध प्रदर्शनों की आग और उग्र होती जा रही है। देश में खस्ताहाल अर्थव्यवस्था के विरोध में शुरू हुए प्रदर्शनों के दौरान अब तक कम से कम 35 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं सैंकड़ों लोगों को हिरासत में ले लिया गया है लेकिन इन प्रदर्शनों के थमने के कोई आसार नजर नहीं आ रहे। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को हस्तक्षेप की चेतावनी दी है और अमेरिका खामेनेई की सत्ता गिराने के लिए मौके की तलाश में है।

अमेरिका की 'ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स न्यूज एजेंसी' ने बताया कि एक सप्ताह से अधिक समय से जारी इन प्रदर्शनों के दौरान 1,200 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया गया है। वहीं एजेंसी ने बताया कि मारे गए लोगों में 29 प्रदर्शनकारी, चार बच्चे और ईरान के सुरक्षाबलों के दो सदस्य शामिल हैं।

एजेंसी के मुताबिक ईरान के 31 में से 27 प्रांतों के 250 से अधिक जगहों पर प्रदर्शन हो रहे हैं। इस बीच अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी 'फार्स' ने सोमवार देर रात बताया कि प्रदर्शनों के दौरान लगभग 250 पुलिसकर्मी और 'बसीज' बल के 45 सदस्य घायल हुए हैं।

मृतकों की संख्या बढ़ने के साथ यह आशंका भी जताई जा रही है कि अमेरिका ईरान में जल्द ही हस्तक्षेप कर सकता है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को ईरान को चेतावनी देते हुए कहा था कि अगर तेहरान शांतिपूर्वक विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों के खिलाफ हिंसा करता है तो अमेरिका 'उन्हें बचाने के लिए आगे आएगा।'

हालांकि यह अभी स्पष्ट नहीं है कि ट्रंप हस्तक्षेप करेंगे या नहीं और अगर करेंगे तो किस तरह करेंगे, लेकिन उनके बयानों को लेकर ईरान की ओर से तीखी प्रतिक्रिया आई है। ईरानी अधिकारियों ने पश्चिम एशिया में तैनात अमेरिकी सैनिकों को निशाना बनाने की धमकी दी है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई ने देश में चल रहे विरोध प्रदर्शनों के बीच रूस भागने की योजना तैयार कर ली है। अगर प्रदर्शनों को रोका नहीं जा सका, तो खामेनेई देश छोड़ देंगे। एक खुफिया रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, 86 साल के खामेनेई अपने बेटे और उत्तराधिकारी मुजतबा समेत करीब 20 लोगों के छोटे दल के साथ तेहरान छोड़ सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, अब तक 78 शहरों के 222 से ज्यादा स्थानों पर प्रदर्शन हो चुके हैं। इनमें कम से कम 20 लोगों की मौत हुई है, जिनमें से तीन बच्चे हैं। वहीं, 44 नाबालिगों को गिरफ्तार किया गया है। खामेनेई कई चैरिटेबल फाउंडेशनों के जरिए अरबों डॉलर की संपत्ति पर नियंत्रण रखते हैं। इनमें 'सेताद' नाम की संस्था प्रमुख है, जिसकी वैल्यू पहले भी कई अरब डॉलर आंकी गई है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि शासन से जुड़े कई वरिष्ठ नेताओं के रिश्तेदार पहले से ही अमेरिका, कनाडा और खाड़ी देशों में रह रहे हैं। खुफिया सूत्रों के अनुसार, इस योजना के तहत विदेशों में संपत्तियां, प्रॉपर्टी और कैश पहले से सुरक्षित कर लिया गया है, ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत देश छोड़ा जा सके। पिछले हफ्ते अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने ईरान को चेतावनी दी थी कि अगर प्रदर्शनकारियों पर कार्रवाई की गई तो अमेरिका कड़ी प्रतिक्रिया देगा। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, हम पूरी तरह तैयार हैं। अगर ईरान ने पहले की तरह लोगों को मारना शुरू किया, तो उसे बहुत भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। अमेरिका स्थित मानवाधिकार संगठन [illegible] और ओस्लो स्थित हेंगाव ने आरोप लगाया है कि सुरक्षा बलों ने आम नागरिकों पर अंधाधुंध फायरिंग की, जिसमें बच्चों को भी नहीं बख्शा गया। देशभर में फैले इन प्रदर्शनों की शुरुआत ईरानी मुद्रा के गिरने और महंगाई बढ़ने के बाद हुई। प्रदर्शनकारी सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं और शासन परिवर्तन की मांग कर रहे हैं। वहीं, ईरान की सरकारी फर्स न्यूज एजेंसी के मुताबिक, प्रदर्शनों में 250 पुलिसकर्मी और बसीज बल के 45 सदस्य घायल हुए हैं। ईरान के सहयोगी देशों और गुटों की स्थिति कमजोर हुई है। 2023 में शुरू हुए इजराइल-हमास युद्ध के बाद हमास को भारी नुकसान हुआ है।



# महिलाएं ठान लें तो महिलाओं पर अत्याचार नहीं होगा : उपायुक्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** पेटरवार प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में सुरक्षित एवं सशक्त झारखंड अभियान के अंतर्गत अनुमंडल स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं के अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना, बाल विवाह पर रोकथाम, डायन कुप्रथा उन्मूलन एवं लैंगिक समानता को सुदृढ़ करना रहा। कार्यशाला का शुभारंभ उपायुक्त अजय नाथ झा, उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, एसडीओ बेरमो मुकेश मछुआ, डीएसडब्ल्यूओ डा. सुमन गुप्ता, स्टेट नोडल पदाधिकारी सुजाता कुमारी, नोडल रिसोर्स पर्सन विक्रम कुमार आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया।






कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि यदि महिलाएं ठान लें तो महिलाओं पर अत्याचार नहीं हो सकता। महिलाएं स्वयं में सशक्त हैं, जरूरत है तो केवल आत्मविश्वास और जागरूकता की। उन्होंने समाज से महिलाओं के प्रति सम्मान और समान अवसर की भावना विकसित करने की अपील की।

उपायुक्त ने कहा कि बेटियां देश के लिए सबसे महत्वपूर्ण संसाधन हैं। जिस घर में बेटी का जन्म हो, वहां खुशियां मनाई जानी चाहिए। उन्होंने समाज के लोगों से आह्वान किया कि वह ऐसे घरों में जाकर बधाई दें, उपहार दें और गर्व के साथ कहें - बधाई हो, बेटी हुई है...।इससे बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि जो लोग आपको आशीर्वाद देने के लिए हाथ उठाते हैं, जो कहते हैं खुश रहो और खूब तरक्की करो - उन्हीं का आशीर्वाद लें। नकारात्मक सोच रखने वालों से प्रभावित होकर स्वयं को कमजोर नहीं समझें। उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि कैसे सती प्रथा, बेटियों के पढ़ने के लिए क्रमशः राजा राम मोहन राय - सावित्री बाई फुले ने पहल किया। कैसे बाल विवाह रोकने के लिए कानून बना आदि की जानकारी दी।

उपायुक्त ने महिलाओं के अधिकारों पर बल देते हुए कहा कि महिलाओं का श्रृंगार, पहनावा और जीवनशैली उनका निजी अधिकार है। पति के निधन के बाद कोई दूसरा व्यक्ति यह तय नहीं कर सकता कि महिला कैसे रहे या कैसे दिखे। यह महिलाओं की गरिमा और आत्मसम्मान से जुड़ा विषय है।

उपायुक्त ने कहा कि हम सभी मिलकर बोकारो जिले को बाल विवाह मुक्त जिला बनाएंगे। साथ ही उन्होंने समाज में व्याप्त डायन जैसी अमानवीय कुरीतियों को समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता पर जोर दिया। मौके पर उन्होंने बाल विवाह एवं डायन कुप्रथा के खिलाफ शपथ पढ़ा, जिसका उपस्थित सभी ने दोहराव किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त (डीडीसी) शताब्दी मजूमदार ने कहा कि बेटा और बेटी में कोई फर्क नहीं है। बेटियों को खूब पढ़ाएं। जो राशि उनकी शादी के लिए एकत्र की जा रही है, उसे उनकी शिक्षा और कौशल विकास पर खर्च करें। उन्होंने कहा कि शिक्षित और आत्मनिर्भर बेटियों के लिए योग्य वर स्वयं कतार में खड़े होंगे।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी (डीएसडब्ल्यूओ) डा. सुमन गुप्ता ने बाल विवाह एवं डायन कुप्रथा से संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने आमजनों से अपील की कि ऐसी किसी भी घटना की सूचना तुरंत डायल 112 अथवा चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर दें, ताकि समय रहते प्रशासनिक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने बताया कि प्रमंडल - जिला - प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर बाल विवाह निषेध पदाधिकारी घोषित है। उन्होंने बेटियों के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं पीएमएमवीवाई - सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना - मुख्यमंत्री कन्यादान योजना आदि की जानकारी दी।

प्रशिक्षण सह कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को स्टेट नोडल पदाधिकारी सुजाता कुमारी - स्टेट रिसोर्स पर्सन विक्रम कुमार ने महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित कानूनों, सरकारी योजनाओं, सुरक्षा उपायों तथा शिकायत निवारण तंत्र की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध एकजुट होकर आवाज उठाने का आह्वान किया गया। वीडियो के माध्यम से सरल अंदाज में बतों को बताया।

कार्यक्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, जिला शिक्षा अधीक्षक अतुल चौबे, अनुमंडल क्षेत्र के सभी बीडीओ - सीओ, मुखिया, पंचायत सचिव, संबंधित विभागों के पदाधिकारी, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की बच्चियां आदि उपस्थित रहें।

# मंडल कारा व व्यवहार न्यायालय की सुरक्षा व्यवस्था का औचक निरीक्षण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** जिले में विधि व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को धनबाद मंडल कारा एवं व्यवहार न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के निदेशानुसार प्रशिक्षु आईपीएस अंकित सिन्हा के नेतृत्व में गठित पुलिस पदाधिकारियों की विशेष टीम द्वारा किया गया।

निरीक्षण के दौरान जेलर दिनेश कुमार वर्मा, डीएसपी (सीसीआर) सुमित कुमार, धनबाद थाना प्रभारी मनोज पाण्डेय सहित कई अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने मंडल कारा की बाहरी सुरक्षा व्यवस्था, व्यवहार न्यायालय परिसर, कोर्ट हाजत, कोर्ट परिसर से जेल की ओर जाने वाली सड़क, न्यायालय परिसर के प्रवेश व निकास द्वार तथा जेल गेट की सुरक्षा एवं चहारदीवारी की ऊंचाई एवं मजबूती का बारीकी से जायजा लिया।निरीक्षण के क्रम में जेल एवं कोर्ट परिसर में तैनात पुलिस पदाधिकारियों और जवानों को सुरक्षा से जुड़े कई महत्वपूर्ण दिशाझनिर्देश दिए गए। अधिकारियों ने सभी वॉच टावरों से लगातार और सतर्क निगरानी रखने पर विशेष जोर दिया, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई की जा सके।

प्रशिक्षु आईपीएस श्री अंकित सिन्हा ने बताया कि जेल एवं व्यवहार न्यायालय परिसर की सुरक्षा के लिए पर्याप्त संख्या में सुरक्षाबलों की तैनाती की गई है। उन्होंने कहा कि पूरे परिसर में लगभग 160 सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से चौबीसों घंटे निगरानी रखी जा रही है। जेल गेट और कोर्ट परिसर में आनेझजाने वाले प्रत्येक व्यक्ति पर कड़ी नजर रखी जा रही है, जिससे सुरक्षा में किसी प्रकार की चूक न हो।

उन्होंने यह भी बताया कि सुरक्षा कारणों से जेल गेट एवं कोर्ट परिसर की ओर जाने वाले कुछ रास्तों को अस्थायी रूप से बंद किया गया है। आवागमन के लिए चिन्हित मार्गों पर अतिरिक्त सुरक्षाबलों की तैनाती की गई है। किसी भी अज्ञात व्यक्ति के परिसर में प्रवेश पर पूरी तरह रोक लगाई गई है। परिसर में प्रवेश करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को अपनी पहचान बताते हुए सुरक्षा जांच प्रक्रिया से गुजरना अनिवार्य किया गया है।

इसके अलावा, कोर्ट परिसर के आसपास अतिक्रमण कर दुकान संचालित करने वालों को सुरक्षा की दृष्टि से कुछ दुकानों को हटाने का निर्देश दिया गया। वहीं, कचहरी रोड पर होटल रत्न विहार से लेकर रणधीर वर्मा चौक तक घोषित नो पार्किंग जोन में सड़क किनारे खड़े दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

धनबाद पुलिस का स्पष्ट संदेश है कि मंडल कारा और व्यवहार न्यायालय जैसी संवेदनशील जगहों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और सुरक्षा व्यवस्था को लगातार और अधिक मजबूत किया जाता रहेगा।

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** नालसा एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धनबाद बाल कृष्ण तिवारी के निर्देश पर मंगलवार को जिले के सभी दूर-सुदूर ग्रामीण इलाकों में जागरूकता अभियान चलाया गया।

इस बाबत जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा मयंक तुषार टोपनो ने बताया कि बाद जिले में पंचायत स्तर पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों में नशे के दुष्प्रभाव हेतु आम जन जागरूकता फैलाई गई इस दौरान डालसा की टीम ने जगह-जगह पर जाकर समाज के बुद्धिजीवी वर्ग से मिलकर जिले में नशे के दुष्प्रभाव से कैसे बचा जाए लोगों को बताया।

# मतदाता सूची निर्माण को लेकर डीईओ सह डीसी ने की बैठक




बोकारो। बीएलए (बूथ लेवल एजेंट) की नियुक्ति एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची के निर्माण को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अजय नाथ झा की अध्यक्षता में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी राजनीतिक दलों के विधानसभा वार पार्टी प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआइआर) कार्यक्रम के तहत सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को कहा कि वे अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्र वार बीएलए की सूची संबंधित सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह बीडीओ/सीओ को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं, ताकि मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाया जा सके। मौके पर बीएलए फार्म -टू भी दिया गया।

इस अवसर पर यह भी जानकारी दी गई कि आगामी 09 जनवरी को भारत निर्वाचन आयोग की टीम झारखंड दौरे पर रांची आएगी, जहां सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्तों के साथ बैठक प्रस्तावित है।

बैठक में अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी सह निर्वाची पदाधिकारी, गोमिया विधानसभा, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रेम चंद सिन्हा, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह सहित भारतीय जनता पार्टी के सुरेंद्र राज, संजय त्यागी, भरत यादव, हेमंत शेखर, कांग्रेस के जवाहर लाल माहथा, राष्ट्रीय जनता दल के बुद्ध नारायण यादव, घनश्याम चौधरी, झारखंड मुक्ति मोर्चा के राकेश सिन्हा, रतन लाल मांझी, बीएसपी के समीर कुमार दास, आप के विधानचंद्र राय, सीपीआइएम के बी. बनर्जी, आजसू के बीबी सिंह समेत अन्य राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

# बोकारो शब्द सरिता महोत्सव-2026 आज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** साहित्य, संस्कृति और सृजन की अविरल धारा को समर्पित बोकारो शब्द सरिता महोत्सव-2026 का शुभारंभ बुधवार शिबू सोरेन स्मृति भवन (टाउन हाल) बोकारो में होने जा रहा है। यह भव्य आयोजन साहित्य, शिक्षा, कला एवं संवाद का अनूठा संगम होगा, जिसमें देशभर के प्रतिष्ठित लेखक, कवि, शिक्षाविद, प्रकाशक एवं साहित्य प्रेमी शामिल होंगे।इस महोत्सव में भारतीय साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार-2016 से सम्मानित लेखक निलोत्पल मृणाल, शिक्षाविद एवं एकलव्य संस्था के संस्थापक मोहम्मद यासिर, प्रसिद्ध कथा लेखक शिवनारायण गौर, संथाली लेखक एवं विश्वभारती विश्वविद्यालय के प्रोफेसर धनेश्वर मांझी, शिक्षाविद व प्रकाशक डॉ. शकुंतला मिश्रा, लेखक डॉ. विनोद खोरठा, रांची विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. विनय भारत, लेखक व समाजसेवी डॉ. साजिद हुसैन, वॉकिंग बुक फेयर के संस्थापक अक्षय, मानवविज्ञान के सहायक प्राध्यापक डॉ. अभय मिंज, रूम टू रीड के राज्य प्रमुख सूरज कुमार, सुप्रसिद्ध कवयित्री पद्मिनी शर्मा तथा रामायण आधारित काव्य रचनाओं से देश-विदेश में चर्चित कवि अमन अक्षर सहित अन्य* गणमान्य अतिथि शामिल होंगे।

महोत्सव में देशभर से कई प्रतिष्ठित प्रकाशन संस्थानों की भागीदारी होगी। इनमें एकलव्य, रूम टू रीड, पिरामल फाउंडेशन, प्रथम बुक्स, झारखंड झरोखा, विजय पब्लिकेशन, प्रकाशन संस्थान, बुक फाइंड एवं प्रभात बुक्स जैसे प्रमुख प्रकाशक शामिल होंगे। ये प्रकाशक अपनी नवीनतम पुस्तकों, बाल साहित्य, शोध कार्यों एवं साहित्यिक सामग्री के साथ पाठकों से संवाद स्थापित करेंगे। बोकारो शब्द सरिता महोत्सव-2026 का उद्देश्य साहित्यिक चेतना को प्रोत्साहित करना, पाठन संस्कृति को बढ़ावा देना और युवा पीढ़ी में लेखन के प्रति रुचि जगाना है। यह आयोजन नहीं केवल साहित्यकारों के लिए बल्कि विद्यार्थियों, शिक्षकों और आम नागरिकों के लिए भी ज्ञान, प्रेरणा और संवाद का मंच बनेगा।

# जनता दरबार में आम जनों की सुनीं गईं शिकायतें

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** मंगलवार को समाहरणालय में आयोजित जनता दरबार में प्रभारी जन शिकायत कोषांग नियाज अहमद ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आम जनों की शिकायत सुनी। शिकायत के निष्पादन के लिए उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को आमजनों के आवेदन अग्रसारित किए।

जनता दरबार में बरवाअड्डा, तोपचांची, चिरकुंडा, महुदा, तेतुलमारी, गोविंदपुर, टुंडी, केन्दुआडीह सहित अन्य क्षेत्र से आमजन पहुंचे थे। जनता दरबार में ऑनलाइन पंजी टू में नाम दर्ज कराने, जबरन भूमि पर कब्जा करने, विस्थापन, पुनर्वास एवं मुआवजा का भुगतान होने तक तेतुलमारी में ब्लास्टिंग एवं खनन कार्य पर रोक लगाने, एनएच 2 द्वारा जमीन अधिग्रहण का मुआवजा नहीं चुकाने, गलत आधार कार्ड से जमीन की रजिस्ट्री करा लेने, जमीन का ऑनलाइन रसीद निर्गत कराने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए।

# सड़क सुरक्षा माह का उद्देश्य नियमों के प्रति संवेदनशील व जागरूक बनाना : डीटीओ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** यातायात नियमों के प्रति जन- जागरूकता बढ़ाने तथा सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से जिले में सड़क सुरक्षा माह 2026 का आयोजन किया जा रहा है, जो आगामी 31 जनवरी 2026 तक संचालित होगा। इस अवधि में जिले भर में जागरूकता कार्यक्रमों के साथ-साथ विशेष वाहन जांच अभियान भी चलाया जा रहा है।



राज्य परिवहन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के आलोक में सड़क सुरक्षा परिषद के आदेशानुसार तथा उपायुक्त अजय नाथ झा के मार्गदर्शन में जिला परिवहन कार्यालय, ट्रैफिक पुलिस कार्यालय नया मोड़ एवं सभी प्रखंडों के प्रखंड मुख्यालय में सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पदाधिकारियों, कर्मचारियों एवं उपस्थित नागरिकों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाई गई।

शपथ कार्यक्रम के दौरान दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट के अनिवार्य प्रयोग, चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने, नाबालिगों को वाहन न चलाने देने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने तथा सड़क पर संयमित एवं सुरक्षित व्यवहार रखने का संकल्प दिलाया गया। साथ ही सड़क दुर्घटना की स्थिति में घायल व्यक्तियों की सहायता करने और उन्हें शीघ्र चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की अपील की गई। साथ ही कार्यालय परिसर में काउंसिलिंग सत्र के माध्यम से सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां भी साझा की गई। इस दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी मारुति मिंज ने कहा कि सड़क सुरक्षा माह का उद्देश्य केवल कार्रवाई नहीं, बल्कि लोगों को नियमों के प्रति संवेदनशील और जागरूक बनाना है।सड़क सुरक्षा माह के दौरान जिले में प्रतिदिन अलग-अलग थीम पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इसके अंतर्गत सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में शपथ कार्यक्रम, जागरूकता अभियान, नुक्कड़ नाटक एवं रैलियों का आयोजन किया जायेगा। इस अभियान में जिला प्रशासन, पुलिस, परिवहन, स्वास्थ्य, शिक्षा, पथ निर्माण विभाग, पेट्रोल पंप डीलर, ड्राइविंग स्कूल, स्वयंसेवी संगठन एवं आम नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही उन्होंने आगे बताया कि राज्य राजमार्गों पर विशेष वाहन जांच अभियान चलाया जाएगा, जिसमें हेलमेट, सीट बेल्ट, ओवर स्पीडिंग, फिटनेस, परमिट, प्रदूषण जांच तथा प्रेशर हॉर्न आदि की जांच की जायेगी। नियम उल्लंघन पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# बीएसएल हाफ-मैराथन के लिए 20 जनवरी तक होग रजिस्ट्रेशन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट द्वारा गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी आगामी 01 फरवरी, 2026 को बोकारो हाफ मैराथन-2026 का आयोजन किया जा रहा है, जिसकी तैयारियाँ जोर-शोर से चल रही हैं। एक्टिव बोकारो, हेल्दी बोकारो अभियान के तहत स्वास्थ्य, फिटनेस एवं सक्रिय जीवनशैली के प्रति जन-जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रतियोगिता के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया प्रारंभ है। उल्लेखनीय है कि यह मैराथन एआईएमएस से प्रमाणित है, जो इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता एवं विशिष्ट पहचान प्रदान करती है।

बताया गया है कि प्रतियोगिता को विभिन्न आयु-वर्गों के अनुरूप तीन श्रेणियों में विभाजित किया गया है, जिनमें 21.2 किलोमीटर की हाफ मैराथन, 10 किलोमीटर तथा 05 किलोमीटर की दौड़ शामिल हैं। ये दौड़ 40 वर्ष तक, 40 से 60 वर्ष तथा वरिष्ठ नागरिक वर्ग के पुरुष एवं महिला प्रतिभागियों के लिए अलग-अलग आयोजित की जाएंगी।

हाफ मैराथन के विजेताओं को नकद पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। सामाजिक समावेशिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 13 वर्ष से अधिक आयु के दिव्यांगजनों के लिए 02 किलोमीटर की विशेष दौड़ का भी आयोजन किया जाएगा। यह मैराथन 01 फरवरी, 2026 को प्रातः 06:30 बजे, सेक्टर-4 स्थित मोहन कुमार मंगलम स्टेडियम से प्रारंभ होगी, प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी 20 जनवरी, 2026 तक पोर्टल के माध्यम से अपना पंजीकरण करा सकते हैं। निर्धारित समय सीमा के भीतर दौड़ पूर्ण करने वाले सभी प्रतिभागियों को मेडल, टी-शर्ट एवं ई-प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

# जय मां धरती फाउंडेशन ने किया कंबल वितरण




**धनबाद।** जय धरती मां फाउंडेशन के द्वारा कलियासोला प्रखंड के छोटा अंबोना वैष्णो टोला में कंबल वितरण किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में शामिल पवन श्रीवास्तव पीठाधीश्वर काली मंदिर भुली उपस्थित थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि नर सेवा नारायण सेवा है। संस्था का मुख्य उद्देश्य मानव सेवा है। इसलिए समय-समय पर जय धरती मां फाउंडेशन समाज में वांछित लोगों की सेवा के लिए बढ़ चढ़कर कार्य करते रहती है। संस्थापक रवि कुमार निषाद ने जय धरती मां फाउंडेशन के द्वारा चलाए जा रहे हैं सारे क्रियाकलापों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्था का मुख्य उद्देश्य मानव कल्याण है चाहे वह पर्यावरण संरक्षण की बात हो या शिक्षण संवर्धन की बात हो। हरक्षण जय धरती मां फाउंडेशन के लोग उनके सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहते है। कार्यक्रम का संचालन संकल्प एजुकेशन के निदेशक सह जय धरती मां फाउंडेशन के जिला सचिव सहदेव महतो ने किया। मौके पर मुख्य रूप से जय धरती मां फाउंडेशन के संस्थापक रवि कुमार निषाद ,सह संस्थापक रंजीत कुमार, जिला सचिव सहदेव महतो, मुख्य अतिथि पवन श्रीवास्तव पीठाधीश्वर काली मंदिर भूली, आनंद कुमार गुप्ता, दीपक कुमार, उत्तम गोप, प्रबंधक राम जी निषाद, कार्यक्रम प्रभारी शमशेर अली, जनजातीय कल्याण पदाधिकारी सुधीर हेंब्रम आदि उपस्थित थे।

# तीन आरोपियों को 18-18 वर्ष की हुई सजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के षष्टम जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सह एनडीपीएस केस के स्पेशल जज राज कुमार मिश्रा की अदालत ने गांजा तस्करी के तीन आरोपियों को 18 -18 वर्ष की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही एक लाख 50 हजार रुपए जुमार्ना लगाया है ।

जुर्माना की राशि नहीं देने पर एक वर्ष अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी।

सजा पाने वालों में गढ़वा जिला के नगर उंटारी के पिंडरिया निवासी संजीव पाल, नगर ऊंटरी के ही पुरैनी निवासी आशीष कुमार व नगर ऊंटरी के राकेश कुमार गुप्ता शामिल हैं। उपरोक्त मुदालहुम पर आरोप था कि दिनांक 7 जून 2019 को समय 8 बजे सभी अभियुक्त एक साथ मिलकर सफेद पिकअप वैन जिसका नंबर जेएच 03 डब्लू 3880 से गांजे की तस्करी कर रहे थे।

पुलिस को सूचना मिली कि उक्त पिकअप वैन से गांजे की तस्करी किया जा रहा है। मुदालहुम को भगवती अस्पताल रेड़मा के पास रोका गया व वैन की तलाशी ली गई। इस दौरान उसमें 110 पैकेट गांजा, कूल 112 किलोग्राम बरामद किया गया।

इसकी फोटोग्राफी ली गई। इसके आधार पर डालटनगंज शहर थाना में यातायात प्रभारी विजय प्रकाश ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी शहर थाना कांड संख्या 201/ 19 तिथि 8 जून 2019 को एनडीपीएस की धारा के तहत दर्ज कराया था।

अदालत ने साक्ष्य के आधार पर दोषी पाते हुए एनडीपीएस केस नम्बर 11/2019 के आरोपी संजीव पाल, आशीष कुमार व राकेश कुमार गुप्ता को 18-18 वर्ष की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही एक लाख 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है।

# निकाय चुनाव को ले भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने दिया धरना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड में नगर निकाय चुनाव की तिथियों की तुरंत घोषणा, दलीय आधार पर चुनाव कराने एवं मतदान में ईवीएम के प्रयोग की मांग को लेकर भारतीय जनता पार्टी की ओर से धरना प्रदर्शन का आयोजन निगम कार्यालय के गेट पर मंगलवार को किया गया। धरना की अध्यक्षता धनबाद महानगर जिला अध्यक्ष श्रवण राय ने की। धनबाद विधायक राज सिन्हा, धनबाद के पूर्व सांसद पशुपतिनाथ सिंह, झरिया विधायक रागिनी सिंह एवं बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो उपस्थित थे। साथ ही भाजपा के सभी जिला पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्ष, सभी मंडल अध्यक्ष,वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं हजारों की संख्या में आम नागरिकों की सहभागिता रही।धरना को संबोधित करते हुए धनबाद विधायक राज सिन्हा ने कहा कि,नगर निकाय चुनाव न होने से शहरी विकास बाधित हो रहा है। जिस वजह से आम जनता मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। राज्य सरकार जानबूझकर चुनाव प्रक्रिया को टाल रही है,




जो लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों के विरुद्ध है। कहा कि निगम में अफसरशाही हावी है।

बाघमारा विधायक शुत्रघ्न महतो ने कहा कि नगर निकाय चुनाव में ईवीएम का प्रयोग पारदर्शिता व निष्पक्षता के लिए आवश्यक है। उन्होंने सरकार को चेतावनी दी कि निकाय चुनाव में और देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उधर, भाजपा धनबाद महानगर जिला अध्यक्ष श्रवण राय ने कहा कि नगर निकाय चुनाव न कराना सीधे-सीधे संविधान और लोकतांत्रिक व्यवस्था के विरुद्ध है। संचालन मानस प्रसून ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री धनेश्वर महतो ने किया। वहीं राज्यपाल के नाम से भाजपा नेताओं ने नगर प्रशासक को मांग पत्र सौंपा।

धरना को मुख्य रूप से संबोधित करने वालों में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजीव अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, रमेश राही, जिला उपाध्यक्ष अजय निषाद, भाजयुमो प्रदेश महामंत्री रुपेश सिन्हा, शेखर सिंहवीरेंद्र हांसदा, विष्णु त्रिपाठी, महेश पासवान, जिला मंत्री पंकज सिन्हा उर्फ कुमार अमित, प्रियंका देवी, सिंदरी से प्रत्याशी रहीं तारा देवी,नरेंद्र त्रिवेदी, रीता यादव, अभिमन्यु कुमार, रमा सिन्हा,मंडल अध्यक्ष अजय दास, रंजय सिंह, सूर्यदेव मिश्रा, हुल्लास दास, मनोज गुप्ता, इंद्रभूषण कुशवाहा, गौतम चौधरी, बसंती सिंह, सन्नी रवानी, योगेंद्र यादव, सोनू श्रीवास्तव, दिनेश रवानी, बलराम चौहान आदी ने सम्बोधित किया।

भाजपा नेता किशुन महतो, सुनील पासवान, बीरेंद्र बर्मा, संतोष रवानी, सत्येंद्र मिश्रा, सत्येंद्र ओझा इंद्रकांत झा, मनीष पांडेय मिठू,शिवांश श्रीवास्तव,रंजीत सिंह बिल्लू, तमाल राय, रवि सिन्हा, सुप्रभात सिन्हा, अमरजीत कुमार, पुष्पा राय, राजीव राय भट्ट, टिंकू साव, विष्णु सिंह, किरण सिंह, संजय गोस्वामी, सन्नी, राजकुमार मंडल, मनोज मिश्रा, राजेश शर्मा, जितेंद्र कुमार, श्रीनिवास सिंह, टुन्ना सिंह, अमित सिंह, मनोज रिंकू सहित सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी समेत आमलोग धरना में शामिल रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी.कॉर्प.लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लॉट नंबर 31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादकः मनोज विशाल फोन नंबरः 9431145865, 8210783623, आर.एन.आई. पंजीकरण संख्याः JHAHIN/2017/72655, Email : bokaronbt@gmail.com